kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-116 ❑ मंगलवार, 27 मई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं। जगदीप धनखड़

ट्रम्प यूरोपीय संघ पर नौ जुलाई तक शुल्क न बढ़ाने पर सहमत 11

वन नेशन वन इलेक्शन से डबल होगी देश के विकास की रफ्तार : रामनाथ कोविंद 12

## संक्षेप

### राज्य सभा की 8 सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्य सभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जायेगी आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जायेगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गयी है। इन सीटों के लिये मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जायेगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जायेगी। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जायेगी असम से राज्य सभा के सदस्य मिशन रंजन दास और बीरेन्द्र (दोनों भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को पूरा हो रहा है। तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कर रहे छह सदस्यों का कार्यकाल 24 जुलाई को सम्पन्न हो रहा है। इनमें डॉ. अंबुमणि रामदास (पट्टालि मक्कल काचि), एम. षणमुगम (द्रमुक), एन. चंद्रशेखरन (द्रमुक), एम. मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), पी. विल्सन (द्रमुक) और वाइको (एमडीएमके) शामिल हैं।

### 5 लाख का इनामी नक्सली मारा गया, 10 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में लातेहार जिला के नेतरहाट थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर पांच लाख के इनामी मनीष यादव मारा गया जबकि दस लाख का इनामी कुंदन खेरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि नक्सलियों के साथ यह मुठभेड़ रविवार देर रात शुरू हुई और सोमवार की सुबह तक चली। मुठभेड़ खत्म होने के बाद चलाए गए सर्च अभियान के दौरान मनीष यादव का शव मिला। मनीष यादव के उपर सरकार ने पांच लाख इनाम की घोषणा की थी। इस अभियान के दौरान लातेहार पुलिस को 10 लाख इनामी कुंदन खरवार को भी पकड़ने में भी सफलता हाथ लगी है।मारे गए नक्सलियों के पास से पुलिस ने कई हथियार भी बरामद किया है।

### कानपुर को विकास परियोजनाओं की सौगात देने आयेंगे मोदी

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मई को औद्योगिक नगरी कानपुर में विकास परियोजनाओं की सौगात देने आयेंगे। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि श्री मोदी का कानपुर दौरा 30 मई को प्रस्तावित है।

# पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिजम

## बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय : मोदी

एजेंसी

दाहोद/भुज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में चलाये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कहा है कि जो कोई 'हमारी बहनों का जो सिंदूर मिटायेगा, उसका मिटना भी तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के भुज में जनसभा के दौरान जोरदार भाषण दिया। उन्होंने कहा कि भारत टूरिज्म पर यकीन करता है क्योंकि टूरिज्म लोगों को जोड़ता है और बहुराष्ट्रीय दोस्ती को मजबूत बनाता है। वहीं, उन्होंने पाकिस्तान पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''पाकिस्तान टेररिज्म को टूरिजम समझता है, जो कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा है'' और ये कि ''ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के अंत का मिशन है।

श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटायेगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। उन्होंने कहा विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि 'मोदी' से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को



चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा, हमने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी सेना ने वह कर दिखाया जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के नौ सबसे बड़े आतंकवादी ठिकानों को ढूंढ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 अप्रैल को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाये पाकिस्तानी सेना में दुस्साहस दिखाई तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ॢआज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का निर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। श्री मोदी ने पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के तेजी से विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 मार्गों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन ● शेष पेज 11 पर

### ऑपरेशन सिंदूर का मकसद आतंक का खात्मा करना

प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का भी जिक्र किया, और कहा, ''जो हमारा खून बहाने की कोशिश करेगा, उसे उसकी भाषा में जवाब दिया जाएगा। भारत पर आंख उठाने वालों को कीमत चुकानी होगी।'' उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया और बताया कि इस मिशन का मकसद आतंकवाद को खत्म करना और मानवता की रक्षा करना है

### पाकिस्तानी एयरबेस आज भी आईसीयू में

प्रधानमंत्री ने कहा कि 1971 की युद्ध लड़ाई में भुज के एयरबेस पर पाक सेना ने हमला किया था लेकिन हमारे वीरांगनाओं ने इसका सामना किया था। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने उस हमले का जवाब इतनी ताकत से दिया कि पाकिस्तानी एयरबेस आज भी आईसीयू में पड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कच्छ की धरती से पाकिस्तान के लोगों से अपील की कि वे आतंकवाद नहीं छोड़ेंगे तो उनके बच्चों का भविष्य अंधकार में होगा। उन्होंने पाकिस्तान के युवाओं को समझाने की कोशिश की कि आतंकवाद पाकिस्तान के लिए विनाशकारी है।

# ऑपरेशन सिंदूर को तीनों सेना प्रमुख कर रहे थे मॉनीटर




एजेंसी

❑ आर्मी ने बुकलेट जारी की

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक विशेष बुकलेट जारी की है, जिसमें ऑपरेशन के दौरान की कुछ नई और महत्वपूर्ण तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में भारतीय सेना के ऑपरेशन्स रूम की झलक दिखाई दे रही है, जहां से इस महत्वपूर्ण मिशन की निगरानी की जा रही थी।

इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ऑपरेशन के समय सैन्य नियंत्रण कक्ष (ऑपरेशंस रूम) में मौजूद हैं और मिशन की पल-पल की जानकारी ले रहे हैं।

सबसे खास बात यह है कि इन तस्वीरों में तीनों सेनाओं के प्रमुख थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ऑपरेशन्स रूम में एक साथ मौजूद नजर आ रहे हैं। ● शेष पेज 11 पर

### आतंकवाद-बातचीत एकसाथ नहीं चल सकते : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि विदेशों गए डेलिगेशन के सांसद जानना चाहते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के दावे का क्या हुआ। सरकार साफ कर चुकी है अमेरिका समेत कई देश भारत और पाकिस्तान की बातचीत की वकालत कर रहे हैं। हम कह चुके हैं कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। जयशंकर के मुताबिक, डेलिगेशन ये भी जानना चाहते थे कि सिंधु जल समझौता रद्द होना प्रतीकात्मक है या इसका सस्पेंशन जारी रहेगा। सरकार कह चुकी है कि सिंधु जल समझौता रद्द रहेगा। इस पर भविष्य में जो भी निर्णय लिए जाएंगे, उन्हें बता दिया जाएगा। जयशंकर ने ये भी कहा कि भारत ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पाकिस्तान को एक्सपोज किया। पाकिस्तान अपने तीन टेरर कैंप्स को बचा नहीं सका। ये आतंकवाद का एपीसेंटर थे।

# जीएसडीपी में योगदान देने में नोएडा अव्वल, लखनऊ दूसरे नंबर पर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

**सफलता**

❑ आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर उत्तर प्रदेश के दृढ़ पग

❑ वर्ष 2023-24 के जिला घरेलू उत्पाद अनुमान के आंकड़े जारी

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2023-24 के जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) अनुमान के अनुसार, गौतमबुद्धनगर प्रदेश में 2.64 लाख करोड़ रुपये के सकल घरेलू उत्पाद के साथ शीर्ष पर है, जो प्रदेश के कुल जीएसडीपी में सर्वाधिक योगदान 17.17 प्रतिशत कर रहा है। प्रदेश के कुल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक योगदान करने वाले जिलों की सूची में टाप टेन में गौतमबुद्धनगर 10.30 फीसदी, लखनऊ 5.53, गाजियाबाद 4.57, आगरा 3.03, कानपुर नगर तीन फीसदी, प्रयागराज 2.90, मेरठ 2.43, गोरखपुर 2.23 फीसदी, गाज़ीपुर 2.02 फीसदी और वाराणसी 1.99 फीसदी हैं, जो प्रदेश के कुल जीएसडीपी में 38 फीसदी का योगदान दे रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वार्षिक श्रृंखला क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला घरेलू उत्पाद अनुमान जारी कर दिए गए हैं। ये अनुमान प्रदेश की समग्रता और संतुलित क्षेत्रीय नीति की सफलता को दर्शा रहे हैं। प्रदेश स्तर पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के अनुसार अद्यतन संस्थानों, सरकार द्वारा संचालित नीतियों, निवेश संभावनाओं और नवाचार के साथ प्रदेश की आर्थिक प्रगति की स्पष्ट झलक मिलती है। महोबा में विकास दर सबसे ज्यादा 23 फीसदी, अमेठी में 18 फीसदी से ज्यादा इसी तरह प्रदेश के सभी क्षेत्रों में आर्थिक विकास का परिपक्व मॉडल विकसित हो चुका है। वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक विकास दर (स्थिर कीमतों पर) दर्ज करने वाले शीर्ष 10 जिले- महोबा 23.49 फीसदी, चित्रकूट 23.40, अमेठी 21.22, ● शेष पेज 11 पर

### देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

नयी दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुयी हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जायेगा। अगले तीन दिनों के दौरान मानसून के बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और उत्तरी हिस्सों, साथ ही पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों तथा पश्चिम बंगाल में हिमालय के प्रभाव वाले क्षेत्र और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी प्रवेश करने का अनुमान है। कृषि एवं आपदा प्रबंधन विभाग समय पूर्व और व्यापक मानसून की शुरुआत पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, क्योंकि यह मानसून खरीफ फसलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।


# प्राथमिक विद्यालयों में लगेगी रामायण-वेद की कार्यशाला

## हाईकोर्ट ने लगाई मुहर, जनहित याचिका खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद से संबद्ध स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान रामायण और वेद पर आधारित कार्यशालाओं के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस पहल को सही ठहराते हुए देवरिया निवासी डॉ. चतुरानन ओझा की जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने माना कि याचिका दुर्भावनापूर्ण प्रतीत होती है और याची खुद अपनी विधिक हैसियत स्थापित नहीं कर सका।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि याची यह स्पष्ट नहीं कर सका कि रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या द्वारा जारी निर्देश उसके पास कैसे पहुंचे। अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि इस प्रकार की याचिकाएं प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालने के प्रयास के रूप में देखी जा सकती हैं।



बता दें कि 5 मई 2025 को निदेशक, अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान ने प्रदेश के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को पत्र भेजकर 75 जिलों में 5 से 10 दिन की रामायण-वेद कार्यशाला आयोजित कराने के निर्देश दिए थे। इन कार्यशालाओं में रामलीला, क्ले मॉडलिंग, मुख सज्जा, वेदगान व सामान्य ज्ञान जैसे सत्र प्रस्तावित हैं। सरकारी अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह ने याचिका का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति, लोककला और अध्यात्म के प्रति रुचि विकसित करने का एक प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें किसी प्रकार की बाध्यता नहीं है और अभिभावकों की सहमति से ही बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

याची ने खुद को सामाजिक कार्यकर्ता व जागरूक नागरिक बताया। संविधान के अनुच्छेद 51ए (एच) का जिक्र करते हुए कहा कि रामायण कार्यशाला वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर हमला है। यह न केवल संवैधानिक सिद्धांतों के खिलाफ है बल्कि जातिगत, लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देने वाली कार्यशाला है। धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की पहचान है। लिहाजा, स्कूलों में धार्मिक कार्यशाला का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी कार्यशाला के जरिए बच्चों में सांस्कृतिक, संस्कार व कला के प्रति ● शेष पेज 11 पर

## बृजभूषण शरण सिंह को बड़ी राहत

# पॉक्सो एक्ट का केस बंद, कोर्ट ने क्लोजर रिपोर्ट को दी मंजूरी

एजेंसी/कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली/लखनऊ। भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को यौन शोषण मामले में पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने नाबालिग महिला पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों पर दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमा समाप्त कर दिया गया है।

इस मामले को लेकर बृजभूषण के बेटे और विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा- 'हमने एक झूठे और मनगढ़ंत मामले में न्यायिक विजय प्राप्त की है। प्रत्येक तथ्यहीन आरोप अब न्याय के कठघरे में धराशायी हो रहा है। यह सत्य की जीत है और यह जीत आगे भी कायम रहेगी।'

बता दें कि बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के



आरोप लगाए थे, जिनमें से एक शिकायतकर्ता नाबालिग थी। अब कोर्ट द्वारा पॉक्सो एक्ट से जुड़ा केस बंद कर देने को उनके लिए कानूनी और राजनीतिक रूप से एक बड़ी राहत माना जा रहा है।

गौरतलब हो कि दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ कनॉट प्लेस थाने में दो एफआईआर दर्ज की थीं। एक एफआईआर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं ● शेष पेज 11 पर

# हर विद्यालय में शिक्षक-छात्र अनुपात होगा सुनिश्चित : सीएम

## ग्रामीण इलाकों के सभी बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ड्रॉपआउट पर लगेगी लगाम : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। सोमवार को लोकभवन सभागार में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीएम योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त




डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही सीएम योगी ने 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा ?1,200 की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी। लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2-3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास, और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके

❑ मुख्यमंत्री ने 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों और अतिरिक्त डॉरमेट्री का किया लोकार्पण

❑ 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास

❑ मुख्यमंत्री ने 7,409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 5,258 विद्यालयों में आईसीटी लैब की शुरुआत की

❑ शिक्षकों को 51,667 टैबलेट्स वितरण व 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी का किया शुभारंभ

परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें। सीएम योगी ने कहा कि यह उनके लिए एक नया अनुभव होगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा।

सीएम योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो। आयुष मंत्रालय के योग प्रोटोकॉल को लागू करें और बच्चों को तनावमुक्त करने के लिए इनडोर गतिविधियों को बढ़ावा दें। उन्होंने नवंबर-दिसंबर ● शेष पेज 11 पर

# भूमि धरी जमीन को दबंगों द्वारा किया जा रहा है कब्जा

**दबंग से पीड़ित की भूमि धरी जमीन को कब्जा कराने का कानून गो पर आरोप**

**परशदेपुर तहसील सलोन ग्राम संसारी का है पूरा मामला**

**कानून गो राम प्रताप यादव का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। थाना क्षेत्र के ग्राम संसारी परशदेपुर तहसील सलोन जिला रायबरेली की पत्रक भूमिधर जमीन अली मुन पत्नी स्वर्गीय अब्दुल रसीद निवासिनी ग्राम मुस्फाबाद परगना अठेहा तहसील लालगंज जिला प्रतापगढ़ के मूल निवासी हैं। प्रार्थी का आप है कि हमारी पैतृक भूमि को प्रतिपक्षी रसीद पुत्र अब्दुल हफीज निवासी जिला बाजार न.प. परशदेपुर रायबरेली 2-राम प्रताप ग्राम संसारी रा. नि. ग्राम संसारी परशदेपुर द्वारा जबरन हमारी भूमिधरी जमीन पर भारी मात्रा में रिश्वत लेकर कब्जा कराया जाने के संबंध में उचित कार्रवाई की जाए। प्रार्थिनी की अधिक भूमि नक्शा पर कम है। जिसको लेकर प्रार्थिनी ने धारा 38 का वाद तहसील में दायर किया है। जिनकी आख्या न्यायालय में आना है, तहसीलदार ने उपरोक्त पैमाइश की पत्रावली संसारी परशदेपुर पर प्रतिपक्षी संख्या 3 के पास भेज दिया है। उसके बाद भी प्रतिपक्षी संख्या दो या तीन प्रार्थिनी को व प्रार्थी के पुत्र को दौड़ते हैं। कोई कहता है कि तुम्हारा पैमाइश की पत्रावली धारा 38 की लेखपाल के पास है। लेखपाल कहता है रा.मि .के पास और रा. मि . कहता है कि नायब तहसीलदार परिषदेपुर के पास है। इसी तरह प्राथमिक को प्रतिपक्षीय गढ़ परेशान किए हुए हैं।प्रतिपक्षीय संख्या एकता कर के द्वारा प्रतिपक्ष की संख्या एक भारी मात्रा में रिश्वत लेकर प्राथमिक की भूमि पर पूर्वजों की भूमि धरी अवैध कब्जा कर रहे हैं प्रार्थना की भूमि की पुरानी संख्या 40 जिसका रकबा 1.134 था। जिसमें चकबंदी कर्मियों के द्वारा कटौती करके करने के बाद एक फर्जी घाट 139/0048 हेक्टेयर चेक बना दिया। जबकि प्रार्थि की भूमि पहले से ही कम थी। उड़ान चक प्रतिपक्षी संख्या एक की बनाने के बाद प्रार्थिनी की भूमि लगभग 9 विश्व काम हो गई और प्रार्थना का नक्शा भी चकबंदी कर्मियों ने विपक्षी के पास पहुंचाने की वजह से छोटा बना दिया। उधर प्रतिपक्षीय संख्या एक धारा 24 करके अपनी एक पक्षी आदेश कराकर के कब्जा लेना चाहता है जबकि प्राथमिक का चक्र पहले से ही काम है। प्रार्थना ने धारा के आदेश में भी पुलिस अधीक्षक के यहां वाद दायरा कर दिया है। जिसमें अग्रिम तारीख पेशी 4/6/2025 तारीख लगी हुई है। प्रतिपक्षीय संख्या 3 के द्वारा भारी मात्रा में रुपया लेकर प्रार्थी की भूमि पर मैं पुलिस बल से कब्जा कर रहे हैं और प्रार्थना है बहू को भद्दी- गलियां व मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं । संसारी कई वर्षों से इसी सर्किल में तैनात है और रिश्वतखोरी का आतंक मचाए हुए हैं। प्रार्थी को यह भी धमकी देते हैं कि तुम्हारी जमीन कम हो या नहीं हमसे मतलब नहीं है। संसारी पर फतेहपुर मनमानी पर उतारू है और कहते हैं कि यहां जाना हो तो जो हम किसी से नहीं डरते है। प्रतिपक्षी संख्या एक का जो उड़ान चक बनाई गई है वह कब्ज़ा जबरदस्ती दिलवा रहे हैं जो न्याय और कानून के विपरीत है। पीड़िता ने रायबरेली पहुंचकर डीएम कार्यालय में ज्ञापन देते हुए डीएम को इस मामले से अवगत कराया अब देखने वाली बात यह है कि इस पर क्या कार्रवाई होती है।इंसेट -लेखपाल शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस मामले में जो भी हमारे ऊपर आरोप लगे हैं वह निराधार है और हमें ज्वाइन किए हुए लगभग डेढ़ महीने हुए हैं अली मुन वीवी पत्नी अब्दुल रसीद से हमारी कभी मुलाकात या इस मामले को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है और ना ही हमारी मुलाकात हुई है। निवासी मुस्फाबाद परगना अठेहा तहसील लालगंज जिला रायबरेलीइंसेट -कानून गो राम प्रताप यादव का पीड़ित के पास वीडियो देखे गए हैं जो कि कानून गो राम प्रताप यादव पीड़ित से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए ऑडियो वायरल हो रहे हैं। इस मामले को लेकर जब फोन किया गया तो कई बार फोन मिलाने के बावजूद भी फोन नहीं उठा। इस पर कानून को राम प्रताप यादव द्वारा कोई जवाब नहीं आया ।

# मोबाइल गुम हुआ, जिम्मेदारी निभाई दुबग्गा डिपो प्रभारी ने दिखाई ईमानदारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

दुबग्गा लखनऊ । डिपो की इलेक्ट्रिक बस संख्या ठष्ठ 32 ख्रग 0071 में यात्रा के दौरान एक महिला यात्री का मोबाइल फोन बस में छूट गया। यात्री ने तत्काळ इसकी सूचना दुबग्गा डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनिल तिवारी को दी।प्रभारी अनिल तिवारी ने पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ मोबाइल की खोज करवाई। बस के निर्धारित निरीक्षण के दौरान मोबाइल को सुरक्षित अवस्था में बरामद किया गया और महिला यात्री को सौंपा गया।मोबाइल वापस पाकर महिला यात्री ने डिपो प्रशासन विशेषकर अनिल तिवारी का आभार प्रकट करते हुए विभाग की ईमानदारी और सजगता की सराहना की।दुबग्गा डिपो की यह सकारात्मक पहल न केवल विभाग की छवि को मजबूत करती है, बल्कि आम जनता में भरोसे को भी और गहराती है।

## रेरा की समीक्षा बैठक संपन्न, अध्यक्ष रेरा ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश



लखनऊ। राजधानी स्थित रेरा मुख्यालय के सभागर में अध्यक्ष यू.पी० रेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें नोयडा कार्यालय के आधिकारी वीडियों कान्फ़ेन्सिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। महेन्द्र कुमार, सूचना अधिकारी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष यू.पी. रेरा श्री भूसरेडडी ने विन्दुवार गहन समीक्षा की तथा प्राथमिकता से प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये। धारा-31 के अन्तर्गत दायर की जाने वाली शिकायतों का अनुश्रवण, अवमानना याचिकाओं की स्थिति, अपीलों की स्थिति, सर्वोच्च न्यायालय, मा. उच्च न्यायालय एवं ट्रिब्युनल रेरा में दायर वादों की स्थिति, रिट याचिकाओं की स्थिति, महत्वपूर्ण प्रकरणों में पैरवी की स्थिति आदि की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को प्रभावी ढंग से कार्यवाही के निर्देश दिये।इसके अतिरिक्त अध्यक्ष यू.पी.रेरा ने रेरा एजेन्टस एवं मूल्यांकन, प्रमोटर्स एवं शिकायतकर्ता के मध्य रेरा आदेशों के सन्दर्भ में किये गये समझौते, प्रमोटर्स द्वारा पंजीकृत परियोजनाओं में रेरा अधिनियम, नियमावली एवं रेग्युलेशन के प्राविधानों के अनुपालन, मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिकाओं की स्थिति, रेरा पोर्टल से संबंधित तकनीकी बिन्दु, रेरा में पंजीकृत समस्त परियोजनाओं के आ.सो./सी.सी. अपलोड किये जाने की स्थिति, मानव सम्पदा प्रबन्धन, रेरा के निर्माणाधीन मुख्यालय भवन की स्थिति आदि की भी समीक्षा ।उन्होने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन समर्पणभाव से समयानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।बैठक में सचिव उ0 प्र0 रेरा अन्य लोग मौजूद रहे।

# सेराजेम हेल्थ मैनेजमेन्ट सेन्टर सूरजकुंड ने मनाया सारान्या का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । सेराजेम हेल्थ मैनेजमेन्ट सेन्टर एवं एसपी इंटरप्राइजेज सूरजकुंड के संयुक्त तत्वावधान में संदीप पाण्डेय और स्नेहा पाण्डेय की पांच वर्षीय पुत्री सारान्या पाण्डेय का जन्मदिन पर केक काटकर बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेराजेम हेल्थ मैनेजमेन्ट सेन्टर में थेरेपी करने वालों के बीच केक खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। साथ ही सभी ने नृत्य कर सारी खुशियां बांटते हुए बेटी सारान्या पाण्डेय को दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मुर्तजा हुसैन रहमानी ने बेटी सारान्या पाण्डेय के पिता संदीप पाण्डेय और माता स्नेहा पाण्डेय का माल्यार्पण व बुकें भेंटकर स्वागत किया और बेटी सारान्या पाण्डेय के जन्मदिन की मुबारकबाद देकर दीर्घायु होने की कामना की।बेटी सारान्या पाण्डेय को जन्मदिन पर बधाई और आशीर्वाद देते हुए सेराजेम हेल्थ मैनेजमेन्ट सेन्टर सूरजकुंड के प्रबंध निदेशक संदीप पाण्डेय ने कहा कि बेटियां घर की शान पिता का अभिमान होती हैं, बेटियां भाई की खुशी का पिटारा और मां की परेशानी का मरहम होती हैं। उन्होंने कहा कि लड़कियों को देवी का स्वरूप माना जाता है, जिस घर में बेटी नहीं होती, वह घर अधूरा रहता है। पाण्डेय ने कहा कि बेटी एक ऐसा एहसास है, जिसके होने मात्र से सभी तकलीफें छू-मंतर हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि बिना पुकारे बेटी मां-बाप की हर बात और परेशानियों को समझ जाती हैं, ऐसे में बेटी का घर में होना कितना जरूरी है।इस मौके पर सेराजेम हेल्थ मैनेजमेन्ट सेन्टर सूरजकुंड की सहायक प्रबंध निदेशक स्नेहा पाण्डेय ने बेटी सारान्या पाण्डेय को जन्मदिन पर बधाई और अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियों को लेकर हमारे समाज का नजरिया बदल रहा है, पहले बेटे और बेटी में भेदभाव किया जाता था लेकिन अब लोग समझने लगे हैं कि हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। उन्हें मौका मिले तो वह बुलंदी पर पहुंच सकती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी को सेराजेम में थेरेपी करने वाले साथियों ने जो स्नेह और प्यार दिया है, उसके लिए मैं सभी का आभारी हूं।

# मांगों को लेकर एम्स सुरक्षा गार्ड ने जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

**सुरक्षा गार्ड ने कहा न्याय नहीं मिलने पर अनशन पर बैठेंगे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर में 410 सुरक्षा गार्ड को नौकरी से सेवा समाप्ति की नोटिस मिलने के बाद आहत होकर आए दिन बीमार हो रहे हैं। इस मामले में जिलाधिकारी को डिप्टी कलेक्टर राजीव कुमार के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। जिसमें यह बताया गया है कि कोरोना काल जैसे महामारी के समय से हम लोग यहां सुरक्षा गार्ड के रूप में सेवा दे रहे हैं। विपरीत परिस्थितियों में एम्स की संपत्ति देखभाल किया। यहां के डॉक्टर स्टाफ कोरोना समय में पॉजिटिव हुए थे। उनका ख्याल रखा गया खाने पीने का सामान तक हम लोग उन तक पहुंचाने का काम किये। इस नौकरी के सहारे बैंक ने लोन दे रखा है लोन कैसे भर पाएंगे। जब हमारे पास नौकरी नहीं रहेगी। बहुत सारी ऐसी महिला सुरक्षा गार्ड है जो विधवा है कई ऐसी महिला गार्ड है। जिनके पति ने उन्हें छोड़ दिया मामला कोर्ट में चल रहा है और अपने बच्चों का किसी तरह पालन, पोषण कर रही है। सभी गार्ड का कहना है इस बेरोजगारी में हम सब कहां जाएंगे हम लोगों ने अपना 6 साल का समय दिया हैं।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जहां रोजगार देने की बात करते है रोजगार मेला लगते हैं वहीं पर उन्हीं के शहर में 410 गार्ड को रोजगार मुक्त किया जा रहा। प्रधानमंत्री हर साल 10 करोड़ रोजगार देने की बात करते हैं। गोरखपुर एम्स से हम सब का रोजगार छीना जा रहा। हमारे जगह भूतपूर्व सैनिक क्यों रखा जा रहा है सरकार उनको 35000 से 65000 तक पेंशन देती है हमसब को बेरोजगार करके भूतपूर्व सैनिक रखने का क्या मतलब है इस नौकरी के सहारे 410 गार्ड का परिवार जीवन यापन करता है एम्स की सुरक्षा गार्ड ने बताया एम्स के डायरेक्टर मेजर जनरल विभा दत्ता ने साफ तौर पर बोल दिया तुम सब चाहे सांसद, मुख्यमंत्री के पास जाओ मैं नहीं रखूंगी। तुम सब हमारे एम्पलाई नहीं हो। गार्ड कहा 6 साल से हम लोगों ने सेवा दिये और आज हम लोगों को बताया जा रहा है कि हमारे एम्पलाई नहीं है। सुरक्षा गार्ड ने कहा अगर हम लोगों को न्याय नहीं मिलेगा। हम सब अनशन पर बैठेंगे और चक्का जाम करेंगे। अभिषेक मिश्रा, सुधाकर गुप्ता, सर्वेश दीक्षित, बेबी सिंह, अमर यादव, सोनाक्षी सिंह, राम उजागर मिश्रा, गंगासागर पांडे, ममता गुप्ता, अनीता, रंजू ,अनुपम मिश्रा, सुनीता दुबे, मीनू सिंह, प्रिया, मंदाकिनी पांडे, धर्मावती, कमलेश सिंह, कंचन, रंजना, सुग्रीव, बबीता, पवन, प्रियंका पांडे, निक्की पाठक, माया दुबे, शकुंतला सिंह कुमकुम शालिनी शाही, अमृता सिंह, संजू, निर्मला, रिंकी राय, बिंदा यादव, रीमा सरोज,मंजू रावत, रीमा सरोज, रीना पांडे, सहित सैकड़ो सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे।

# सुहागिनों ने वट वृक्ष सावित्री का व्रत कर मांगा अखण्ड सौभाग्यवती का वरदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। वट सावित्री सोमवती अमावस्या पर सुहागन स्त्रियां अपने पति की मंगल कामना व दीर्घायु जीवन हेतु वट सावित्री का व्रत रख वट वृक्ष (बरगद) की विधि विधान से पूजन किया।सुहागिनों ने एक दूसरे को सिन्दूर लगाकर सुहाग की सलामती के लिए मंगल कामना करते हुए अखण्ड सौभाग्यवती रहने का वरदान मांगा। मृत्यु के देवता यमराज से अपने पति को वापस पाने की इच्छा शक्ति वाला वट सावित्री व्रत सोमवार को सुहागिनों ने रखा।भोर सुबह से ही सोलह सिंगार कर सुहागिनियों ने वटवृक्ष के चारों ओर कलावा लपेट कर पूजा अर्चना की।सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख बरगद के पेड़ पर कलावा लपेटकर वट सावित्री पूजा की।बरगद के वृक्ष की पूजा करके महिलाएं देवी सावित्री के त्याग,पति प्रेम एवं पति व्रत धर्म का स्मरण किया।यह व्रत स्त्रियों के लिए सौभाग्यवर्धक,पापहारक,दुःख प्रणाशक और धन-धान्य प्रदान करने वाला व्रत होता है।इस व्रत में वट वृक्ष का बहुत बड़ा महत्व होता है।इस पेड़ की बहुत सारी शाखाएं नीचे की तरफ लटकी हुई होती हैं,जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा,तने में भगवान विष्णु एवं डालियों में त्रिनेत्रधारी शिव का निवास होता है।इसलिए इस वृक्ष की पूजा से सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण होती हैं।अग्नि पुराण के अनुसार बरगद उत्सर्जन को दर्शाता है।अतः संतान प्राप्ति के लिए इच्छुक महिलाएं भी इस व्रत को करती हैं।महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के फल,फूल और पकवान सहित आदि प्रकार की वस्तुओं के साथ पूजा अर्चना की।अपनी विशेषताओं और लंबे जीवन के कारण इस वृक्ष को अनश्वर माना गया है।वट वृक्ष की छांव में ही देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था।इसी मान्यता के आधार पर स्त्रियां अचल सुहाग की प्राप्ति के लिए इस दिन बरगद के वृक्ष की पूजा करती हैं।देखा जाए,तो इस पर्व के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है।वृक्ष होंगे,तो पर्यावरण बचा रहेगा और तभी जीवन संभव है।यही भावना के साथ देशभर में आज महिलाएं वट सावित्री पूजा कर रही हैं।

# पिपरौली सीएचसी के चिकित्सकों और स्टॉफ ने पचीस टीबी उपचाराधीन मरीजों को लिया गोद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । पिपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के चिकित्सकों और स्टॉफ ने पचीस टीबी उपचाराधीन मरीजों को गोद लेकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया है। इस सिलसिले में सीएचसी में सोमवार को आयोजित टीबी एडॉप्शन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ राजेश झा भी पहुंचे। उनकी उपस्थिति में गोद लिये जा रहे टीबी उपचाराधीन मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। सीएमओ ने खुद कई मरीजों को पोटली दी और सभी उपचाराधीन मरीजों से अपील की कि वह दवा के साथ खानपान का भी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर डॉ झा ने कहा कि टीबी उन्मूलन में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका है, जो टीबी उपचाराधीन मरीजों को गोद लेकर उनकी देखभाल कर रहे हैं।सीएमओ ने कहा कि टीबी उपचाराधीन मरीजों को गोद लेने वाले निक्षय मित्रों को उपचार चलने तक मरीज के सुपोषण और फॉलो अप में मददगार बनना होता है। मरीज की दवा बीच में बंद न हो, उसे सुपोषित खानपान मिल सके और सामाजिक योजनाओं का लाभ मिल सके, यह जिम्मेवारी निक्षय मित्र को निभानी होती है। बेहतर कार्य करने वाले निक्षय मित्रों को समय समय पर सम्मानित भी किया जाता है। यह एक स्वैच्छिक कार्य है जिससे समाज में टीबी के प्रति व्याप्त कलंक और भेदभाव की प्रवृत्ति को नियंत्रित किया जा सकता है। समाज के सभी प्रमुख वर्गों के लोगों को चाहिए कि वह कमजोर आय वर्ग के टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आगे आएं ताकि इस बीमारी का शीघ्र उन्मूलन किया जा सके।डॉ झा ने बताया कि गोद लिये गये मरीज को पोषण पोटली में फल, मूंगफली, गुड़, चना आदि पोषक सामग्री इलाज चलने तक प्रति माह कम से कम एक बार देना चाहिए। टीबी मरीज के खानपान में प्रोटीन युक्त आहार की महत्वपूर्ण भूमिका है और इस आहार को सुनिश्चित करने के लिए ही सरकार प्रत्येक टीबी मरीज को इलाज चलने तक एक हजार रुपये प्रति माह की दर से पोषण सहायता राशि दे रही है। निक्षय मित्र अत्यंत जरूरतमंद मरीजों को अतिरिक्त सहायता देकर उनके पोषण स्तर में सुधार के सहयोगी बन सकते हैं। साथ मरीज से नियमित हालचाल भी लेते रहना चाहिए। ऐसा करने से मरीज का मनोबल बढ़ता है और इलाज के बीच में वह दवा लेना बंद नहीं करता है। इससे वह खुद तो टीबी मुक्त होता ही है, साथ में समाज से भी टीबी संक्रमण का खतरा टल जाता है। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ एसएन मिश्रा, चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजू लता, डॉ नीतू तिवारी, डॉ प्रियंका शाही, एसटीएस रत्नेश श्रीवास्तव, महेश अग्रहरि, फार्मासिस्ट राजा राम मौर्या, एक्स रे टेक्निशियन धर्मेंद्र सिंह, लैब टेक्निशियन मुंशीलाल गुप्ता और टीबी चैम्पियन सौम्या राव ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सुनीता विल्सन, बीसीपीएम शिव बहादुर यादव, स्वास्थ्यकर्मी सुनील, चंद्र लाल, सतेंद्र शुक्ला, अरूण गौतम और सुजीत सिंह भी मौजूद रहे।*प्रसव कक्ष स्थानांतरित करने को कहा*टीबी मरीज एडॉप्शन कार्यक्रम के बाद सीएमओ डॉ राजेश झा ने पिपरौली सीएचसी का निरीक्षण भी किया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच की। साथ ही उन्होंने लैब, फार्मेसी, लेबर रूम और विभागीय कार्यालयों को देखा। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को सीएचसी के लेबर रूम को अतिशीघ्र बेहतर जगह पर स्थानांतरित करने को कहा। उन्होंने प्रसूताओं को दिये जाने वाले भोजन को भी देखा। सीएमओ ने बताया कि अपने पिछले दौरे में फार्मेसी को लेकर जो सुझाव उन्होंने दिये थे, उसे सीएचसी पर लागू करा दिया गया है।

# हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में न्यू कला केंद्र समिति द्वारा रजत जयंती समारोह का किया गया आयोजन

**न्यू कला केंद्र ने पिछले 25 वर्ष में बहुत सारी बच्चियों/महिलाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर देते हुए सेल्फ डिपेंडेंट बनाया है: जिलाधिकारी**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में कल देर सायं न्यू कला केंद्र समिति द्वारा आयोजित रजत जयंती समारोह में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार-।। ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में न्यू कला केंद्र पिछले 25 वर्ष से काम कर रही है। इनके द्वारा बहुत सारी बच्चियों एवं महिलाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के अवसर देकर सेल्फ डिपेंडेंट बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भी यही चाहती है कि जनता आत्मनिर्भर बने, उसके लिए बहुत सारे प्रोग्राम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की काम में सहयोग करने वाले न्यू कला केंद्र या अन्य संस्थाएं हैं, ये सभी लोग आगे और भी अधिक लोगों को प्रशिक्षित करें, उन्हें रोजगार के अवसर दें। यहां से जितने भी लोग प्रशिक्षण प्राप्त/पूर्ण कर लेते हैं, उनका जिला प्रशासन से समन्वय कर दिया जाए तो सरकार की बहुत सारी योजनाओं जैसे मेहंदी लगाना, सिलाई, पेंटिंग, इस तरह की बहुत सारी गतिविधियां हैं, जिससे आय के स्त्रोत बन सकते हैं। सरकार ने जल्दी ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऐसे लोगों को, जो कौशल प्राप्त है, अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है, उनको 5 लाख तक का बिना ब्याज के 04 वर्ष के लिए लोन दिया जाता है।जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व से भी मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना चल रही है, सरकार भी यही चाहती है जो सामाजिक संस्था न्यू कला केंद्र चाहती है। दोनों का एक उद्देश्य लोगों को स्वावलंबी बनाना, आत्मनिर्भर बनकर उनके जीवन को खुशहाल बनाना है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, ओडीओपी के अंतर्गत यहां ब्लैक पाटरी है, एक जिला एक उत्पाद योजना भी है। उत्पाद के साथ ओडीओपी योजना में बाहर प्रदर्शनी लगती है तो उन्हें खरीदने के लिए उसके लिए अतिरिक्त धनराशि भी दी जाती है। इस प्रकार से कई सारी योजनाएं हैं, जिससे लाभ पा सकते हैं। पिछले 25 सालों से न्यू कला केंद्र द्वारा 300 बच्चियों को मेहंदी लगाना, सिलाई में 500 बच्चियों को एवं अन्य विधाओं में बच्चियों को प्रशिक्षित किया गया है। यह संख्या और भी बढ़नी चाहिए।उन्होंने कहा कि अन्य संस्थाओं को भी आना चाहिए। लोगों को समृद्ध बनाने में सरकार के इस लक्ष्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो भी अनुमन्य सहयोग है, प्रदान करेगा। जिलाधिकारी ने सभी सहयोग करने वालों को धन्यवाद दिया तथा जो बच्चे यहां से प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बने हैं, उन्हें भी बधाई दिया। जिलाधिकारी में इन सब योजनाओं को देखने व समझने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि गूगल व अन्य विभागों में जाकर जानकारी प्राप्त करें। इस अवसर पर नई कला केंद्र समिति द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय का स्वागत अभिनंदन एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों/विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सुमन यादव, नीरज अग्रवाल, संत प्रसाद अग्रवाल, श्रीमती विपिन यादव, अनूप यादव, सनी वर्मा, अमित मौर्य, जूही गुप्ता, सृष्टि बरनवाल, आदर्श बरनवाल, इशरत जहां, अनीता मौर्या को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव 23 जुलाई को

प्रयागराज । इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी ने बार कार्यकारिणी का चुनाव 23 जुलाई को कराने का फैसला लिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता राधाकांत ओझा मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन्हे एल्डर कमेटी के परामर्श से सहायक चुनाव अधिकारियों का चयन करने के लिए अधिकृत किया गया है।इसकी जानकारी एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह ने दी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए **ई–निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम** | इंटीरियर एन्ड एक्सटीरियर पेंटिंग वर्क ऑफ एन.एम.जी.एच.एस./एन.एम.जी. एच.एस.आर. कोचेस। | | |
| **कार्यस्थल** | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | **अनुमानित लागत** | ₹ 4,33,10,961.00 |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्य** | शून्य। | **बिड सिक्युरिटी** | ₹ 3,66,600/- मात्र |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधि** | 02 वर्ष | **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** | दिनांक 03.06.2025 से 17.06.2025 समय 15:00 बजे |
| **प्रमाण पत्र** | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A, (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Proprietorship/ HUF/JV/ LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| **खुलने का समय** | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात् निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| **कार्यालय जहाँ से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है।** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |
| **वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है** | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। | | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्ल्यू-ईनिविदा-35 दिनांक: 24.05.2025

1537/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महिलाओं ने पति की लंबी आयु क़े लिए रखा व्रत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## वट वृक्ष की पूजा अर्चना करके मांगी लम्बी उम्र की कामनाएं

सरोजिनी नगर, लखनऊ । वट सावित्री व्रत पर महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती हैं। इसलिए, इस व्रत में पूजन सामग्री का विशेष महत्व है। साथ ही इस पूजा में वट वृक्ष का पूजन भी किया जाता है ।ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र पेड़ के नीचे पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जिस तरह सावित्री ने अपने समर्पण से अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस लाई थीं, उसी तरह इस शुभ व्रत को रखने वाली विवाहित महिलाओं को एक सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मान्यता है कि ऐसा करने से साधक को सौभाग्य, आरोग्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके अलावा महिलाएं मनचाही मनोकामना मांगते हुए बरगद के पेड़ पर कलावा बांधती है। सरोजिनी नगर क्षेत्र में भी सुहागवती महिलाओं ने धूमधाम से अपने पति की लंबी आयु के लिए वटवृक्ष



की पूजा करने के साथ सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। शुभ व्रत को रखने वाली महिलाएं गुड्डन उपाध्याय, प्रीति तिवारी, अनीता यादव, भावना यादव, प्रतिष्ठा, संध्या, सरस्वती, संतोषी आदि महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा की।

### सुहागिनो ने वट वृक्ष से मांगी सुहाग की लम्बी उम्र



लखनऊ । वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या को मनाया जाता है। इस बार वट सावित्री व्रत 26 को बड़े श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया।सावित्री व्रत हिन्दू धर्म में महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को किया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) के पेड़ की पूजा करती हैं। इस व्रत से जुड़ी मुख्य कथा सावित्री और सत्यवान की है, जो प्रेम, निष्ठा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है माना जाता है कि सावित्री ने यमराज से सत्यवान को इसी दिन जीवन दान दिलाया था तभी से इस व्रत की मान्यता प्रबल है। इस दिन विवहित महिलाएं पूरे रीति रिवाज़ के साथ वट की पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की लम्बी आयु की कामना करती हैं।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। थाना क्षेत्र के दोरिया गांव में रविवार रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से नगराम थाने में तहरीर दी गई है, पुलिस ने क्रास एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के नंदलाल पुत्र रामलाल निवासी ग्राम दौरिया ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार रात करीब 8 बजे विपक्षी राजू, सुरेन्द्र पुत्रगण मुन्नीलाल, मुन्नीलाल व गोकर्ण और गोविंद ने एक राय होकर उनके घर पर हमला कर दिया। हमले में नंदलाल और उसका भाई रामबली गंभीर रूप से घायल हो गए। रामबली के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया , वहीं दूसरे पक्ष

## दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज

के सुनेन्द्र कुमार पुत्र मुन्नीलाल निवासी डोरिया ने भी तहरीर देकर बताया कि उसी रात उसका बेटा आनन्द दुकान से सामान लेने गया था, तभी गांव के ही नदऊ, रामबली, बेचू, महादेव, गनगण, संतोष और प्रेम ने आनन्द पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे सुनेन्द्र, राजू और मुन्नीलाल पर भी हमला किया गया। इस बीच गुड़िया पुत्री मुन्नीलाल को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उसे भी पीटा गया।दोनों पक्षों का आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान लेकर क्रास मुकदमा दर्ज किया है। थाना नगराम प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। सोमवार को महिलाओं के द्बारा पति की लंबी आयु को लेकर वट सावित्री की पुजा की गई। ज्येष्ठ मास के व्रतों में वट अमावस्या का व्रत बहुत प्रभावी माना जाता है जिसमें सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु एवं सभी प्रकार की सुख-समृद्धियों की कामना करती हैं। इस दिन स्त्रियां व्रत रखकर वट वृक्ष के पास पहुंचकर धूप-दीप नैवेद्य से पूजा करती हैं तथा रोली और अक्षत चढ़ाकर वट वृक्ष पर कलावा बांधती हैं। साथ ही हाथ जोड़कर वृक्ष की परिक्रमा लेती हैं। जिससे पति के जीवन में आने वाली अदृश्य बाधाएं दूर होती हैं तथा सुख-समृद्धि के साथ लंबी उम्र प्राप्त होती है। पंडित संगम लाल तिवारी ने कहा कि वटवृक्ष के नीचे सावित्री ने अपने पति व्रत की प्रभाव से मृत पड़े सत्यवान को पुनः जीवित किया था। तभी से इस व्रत को वट सावित्री नाम से ही जाना जाता है। इसमें वटवृक्ष की श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा की जाती है। महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य एवं कल्याण के लिए यह व्रत करती हैं। सौभाग्यवती महिलाएं श्रद्धा के साथ ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी से अमावस्या तक तीन दिनों तक उपवास रखती हैं। त्रयोदशी के दिन वटवृक्ष के पास पहुंचकर अपने अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घ आयु तथा सुख-समृद्धि के लिए संकल्प करना चाहिए। इस प्रकार संकल्प कर यदि तीन दिन उपवास करने की शक्ति न हो तो अमावस्या को उपवास कर प्रतिपदा को पारण करना चाहिए।

# भाकियू नेता सरला मॉन्टेसरी स्कूल में बांटा पेन, पेंसिल व कॉपी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।गोसाईगंज इलाके के गांव मलौली स्थित सरला मॉन्टेसरी स्कूल में भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुप्ता के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम की ओर से बच्चों को पेन, पेंसिल व कॉपियों का वितरण किया गया। इस मौके पर भाकियू नेता ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है। इनका ध्यान रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।इसके बाद विद्यालय के प्रबंधक व पूर्व प्रधान सुबोध सिंह यादव नहीं ने बच्चों की प्रगति के लिए भाकियू नेता द्वारा उठाए जा रहे कदम की सराहना की।कहा कि आज के समय में ऐसे लोग बहुत कम रह गए हैं जो समाज के उत्थान की बात सोचते हैं।विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियां हो चुकी हैं फिर भी उनकी ओर से सुबह के समय पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए निःशुल्क पढ़ाने की व्यवस्था की गई है।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरला देवी,भाकियू जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम व उनकी टीम मौजूद थी।

## आईके मेमोरियल कप क्रिकेट 2025 का फाइनल महामुकाबला संपन्न, 12 क्रिकेट क्लबों ने किया प्रतिभाग

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तपोवन द्वारा आईके मेमोरियल कप क्रिकेट 2025 का फाइनल महामुकाबले खेले गए। इसमें 12 प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब शामिल हुए। टॉस जीतकर गोमती क्रिकेट टीम ने पहले गेंदबाज़ी चुनी और टीम प्रिशा ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए देवेंद्र के 41 और लखन सिंह के 33 रनों के मदद से 189 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में जीसीटी को 176 रनों पर रोक दिया। हिमांशु सिंह मैन ऑफ़ द मैच बने। प्रशांत शर्मा आईके मेमोरियल कप 2025 बाय तपोवन के विजेता बने और नगद इनाम राशि जीती। वहीं गोमती क्रिकेट टीम के शोएब अहमद उपविजेता बने और उन्होंने भी इनामी राशि जीती। फाइनल मैच में विराट सिंह, नाबाज़िश अनवारुल, संजय गुप्ता, नुज़हत, फरिआ, काजल, शिव मोहन शर्मा, कुमार संभव, आकाश दीक्षित, हस्सान मिर्ज़ा, नफीस, अरबाज़, प्रमोद, विश्वदीप, संजय, अरुण कुमार यादव, अनंजय यादव, वीर सिंह, शैलेन्द्र आज़म, सौरभ व हिमांशु आदि टीम में शामिल हुए।

## दहेज की मांग ने फिर झकझोरा समाज को, विवाहिता के उत्पीड़न पर चार ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। आधुनिक दौर में जहाँ समाज समानता और महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर दहेज जैसी कुरीति आज भी कई घरों की चूलें हिला रही है। ताजा मामला लखनऊ जनपद के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिठौली गांव से सामने आया है, जहाँ एक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ना और हिंसा का शिकार होना पड़ा। पीड़िता जो निगोहां थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी है, पीड़िता थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी ग्राम सठौली के युवक से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज को लेकर ताने देने शुरू कर दिए। बात सिर्फ तानों तक नहीं रुकी, बल्कि शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न तक पहुंच गई। पीड़िता का आरोप है कि बीते 24 जून 2023 से 30 जुलाई 2023 के बीच उसे न सिर्फ गालियाँ दी गईं, बल्कि बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई।आरोप पति समेत चार लोगों पर लगे हैं, जिनमें जेठ, जेठानी और ससुर का नाम भी शामिल है। पीड़िता द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर निगोहां पुलिस ने सुसंगत धाराओं तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विवेचना शुरू कर दी गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज की बलि चढ़ती बेटियाँ

यह घटना केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक बीमारी की ओर इशारा करती है, जो आज भी हमारे समाज में ज़िंदा है। बेटियाँ जब ससुराल जाती हैं, तो वे एक नए जीवन की शुरुआत करने का सपना लेकर जाती हैं। लेकिन यदि उन्हें दहेज की बलिवेदी पर चढ़ना पड़े, तो यह केवल एक महिला पर नहीं, पूरे समाज के चरित्र पर सवाल खड़े करता है।

### समाज कब सुधरेगा

कानून बनने के बावजूद दहेज प्रथा पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। यह समय है जब समाज को आत्ममंथन करना होगा। बेटी को ''बोझ'' नहीं, ''सम्मान'' समझना होगा। सिर्फ कानून नहीं, सोच भी बदले—तभी जाकर ऐसी घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाया जा सकेगा।

## विद्युत पोल गाड़ने का विरोध करने पर किसान को पीटा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपने खेत में बिजली का खंभा गाड़ने का विरोध करने पर खेत मालिक को जमीन पर गिरकर लात घुसो मारा।इस मामले मे पीड़ित की ओर से स्थानीय कोतवाली में शिकायत की गई लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्यवाही नहीं हुई। यही शिकायत गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के मोदी नगर मजरा सलेमपुर निवासी अर्जुन पुत्र राम विलास की ओर से जिला अधिकारी लखनऊ को दिए गए प्रार्थना पत्र में की गई है।पीड़ित के अनुसार 24 मई 2025 को 4:38 बजे उसके खेत में पांच लोगों ने बिजली के खंभे गाड़ने का काम शुरू कर दिया।विरोध करने पर उन लोगों ने गाली गलौज के साथ ही मारपीट भी शुरू कर दिया।शिकायत कर्ता के अनुसार इस मारपीट में उस अंदरूनी चोटे आई है।पीड़ित के अनुसार मारपीट करने वाले मातृ भूमि कंपनी के लोग थे।शिकायत कर्ता के अनुसार मौके पर बकरी चराते हुए एक व्यक्ति ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो दंगों ने उसे भी धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया।शिकात के अनुसार मार पीट करने वाले कुछ दूरी पर पहले से स्टार्ट खड़ी वैन में बैठे और फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार उसने अपने साथ हुई मारपीट और खेत में गाड़े गए बिजली के खंभों की शिकायत स्थानीय कोतवाली में की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# नगर निगम ने अवैध डेरी पर की सख्त कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ नगर निगम ने गोमती नगर विस्तार के जी-20 रोड पर जनेश्वर मिश्र पार्क के पास अवैध डेरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर 15 भैंस और 1 गाय जब्त की हैं जिन्हें ठाकुरगंज कांजी हाउस भेज दिया गया है। इस कार्रवाई से निगम को 3 लाख 25 हज़ार रुपये की आय होने का अनुमान है। अवैध डेरी से गंदगी और यातायात बाधा की शिकायतों के बाद नगर निगम ने यह कदम उठाया है। पूर्व में डेयरी संचालको को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया था नोटिस जारी होने के बावजूद अनुपालन न होने पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्र में बिना अनुमति डेरी संचालन अवैध है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# बेहटा गांव स्थित साईं राम मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन

## जिला महामंत्री ने मुख्य अतिथियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। हिलौली के बेहटा गांव स्थित श्री साईं राम मंदिर पर सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज रहा। भाजपा के जिला महामंत्री रामलाल वर्मा द्वारा विगत कई वर्षो से अपने पैतृक गांव उन्नाव जनपद के हिलौली ब्लाक अंतर्गत आने वाले बेहटा गांव में श्री साईं राम जी के मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि रात्रि को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व जिला अध्यक्ष लखनऊ एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह , जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी कमल रावत , रुद्र प्रताप सिंह , सुशील कुमार, रामनरेश सोनकर , एस.सी. मिश्रा उर्फ ज्ञानी , निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह , प्रेम शंकर दीक्षित, डॉ शकील , मनीष तिवारी, बीएन तिवारी, अंकुर अवस्थी, मोचन शर्मा, राम लखन लोधी नरेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व प्रधान आजाद वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## केवली गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा, मृदुल जी महाराज ने सुनाई सुंदर-सुंदर झाकियों के साथ कथा

नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के केवली गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथा व्यास श्रीकृष्णा नन्द मृदुल जी महाराज ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। केवली गांव के तपोस्थली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है , कथा के आयोजक श्री ओमकार नाथ है। उन्होंने बताया कि कथा 24 मई से प्रारंभ है जो 30 मई तक अनवरत चलेगी वहीं 31 मई को पुर्ण आहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# पौराणिक सई नदी लड़ रही है अपने अस्तित्व की लड़ाई

## लाखों वन्यजीवों पर संकट, किसानों के रोज़गार और आमजन को पीने के पानी का संकट फिर भी जनप्रतिनिधि धारण किए हैं मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा। इलाके के दर्जनों गांवों से होकर गुजरने वाली सई नदी इन दिनों अपने अस्तित्व की लड़ाई अंतिम दौर में लड़ने को मजबूर है। नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है जिससे नदी के आस ऽ पास के गांवों के लोगों की जीवन शैली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संपूर्ण क्षेत्र में सिंचाई के लिए प्रमुख रूप से सई नदी के जल का उपयोग करके ही किसान अपनी थाली के निवाले का प्रबंध करते है। नदी क्षेत्र के आस ऽ पास के लाखों वन्य जीव, पालतू पशु और भारी संख्या में जलीय जीव इसके शीतल जल को पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं और किनारों में उगी घास से पेट भरते हैं। यह नदी क्षेत्र के स्वावलंबन,रोजगार तथा आधुनिक कृषि की जीवन रेखा मानी जाती है। इस प्राचीन नदी का उल्लेख धर्मग्रंथ श्री रामचरित मानस में भी मिलता है। मान्यता है की वनवास से वापस जाते समय प्रभु श्री राम सई नदी में स्नान करके अयोध्या पहुंचे थे। हजार विशेषताओं और उपयोगिता के बावजूद आज यह पौराणिक नदी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। इस क्षेत्र में सई नदी का जलस्तर घटने का मुख्य कारण नदी में फेंकी जाने वाली गंदगी और अन्यत्र रूप से नदी में बहाए जाने वाले गंदे नालों का पानी है। छोटे-छोटे कल कारखानों का पानी नदी में बहने वाले स्वच्छ पानी को दूषित कर रहा है। नदी के किनारों पर जमी गंदगी की सफाई का कोई ठोस प्रबंध क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सरकार द्वारा नहीं किया गया। जिससे इसके जलस्तर और पानी के बहाव में कमी के साथ ऽ साथ पानी की गुणवत्ता भी खराब हुई है। समय रहते अगर जिम्मेदार लोग जागरूकता के साथ नहीं चेते तो वह समय दूर नहीं जब यह नदी इतिहास में दर्ज हो जाएगी और क्षेत्र के लोग बूंद ऽबूंद पानी को तरसने को मजबूर हो जाएंगे।

# अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान के अंतर्गत विधानसभा सरोजनीनगर में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया गया। इस पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा डॉ समीर सिंह उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने की। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि अहिल्या बाई का जीवन परिचय हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत है भारत का इतिहास मातृ शक्ति के गौरव से भरा पड़ा है अहिल्या बाई ने विषम परिस्थितियों में जो कार्य किये वह आज भी प्रासंगिक हैं। उनके शासन काल के समय देश में दो साम्राज्यों का राज था एक ओर जहाँ मुगलों का शासन था वहीं दूसरी ओर अपने शासन को आगे बढ़ा रहे थे इन दोनों के बीच में अहिल्या बाई ने कभी अपने धर्म से समझौता नहीं किया ओर समाज के विकास के लिए राज्य के विकास के लिये और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किये वे कार्य आज भी अनुकरणीय हैं आगे कहा कि अहिल्याबाई होलकर कुशल प्रशासिका न्याय प्रिय एवं धार्मिक कार्यों के लिए भारत के इतिहास में प्रसिद्ध है,आगे उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने शासनकाल में किसानो को लेकर उन्होंने जो काम किया वह आज भी अनुकरणीय है उन्होंने किसानो की फसलों के नुकसान पर मुआवजा देने की व्यवस्था की थी, महिलाओं को सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए उनके कार्य आज भी प्रासंगिक है महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया केंद्र की सरकार जो जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही इन योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने का जो प्रयास चल रहा है। इसमें अहिल्याबाई होल्कर की कार्यशैली दिखाई देती है उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने एक कुशल प्रशासिका एवं समाज सुधारक के रूप में कार्य करते हुए एक आदर्श स्थापित किया जो आज के आधुनिक समाज के लिए भी अनुकरणीय है। उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि समाज में बालिकाओं को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन को बताने की नितांत आवश्यकता है। जन जागरण के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर के जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचने में हम सब को मिल कर कार्य करने की आवश्यकता है। इस पंचायत प्रतिनिधि पार्षद गण प्रधान गण, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, भुवनेंद्र सिंह मुन्ना, मंडल अध्यक्ष विवेक लोधी, शिव बक्श सिंह, मोहित तिवारी सहित कई कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की नवाचारी पहलों का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर ।आज सीतापुर जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा शिक्षा क्षेत्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी ने सीतापुर जनपद में योजनाओं के क्रियान्वयन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री जी द्वारा 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय', 'मुख्यमंत्री अभ्युदय मॉडल विद्यालय' समेत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन डिजिटल माध्यम से किया गया, जिसे कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक समुदाय ने सजीव रूप में देखा। मुख्यमंत्री जी ने अपने प्रेरणादायक उद्‍बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा को सर्वांगीण रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। अब प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में न केवल आधारभूत संरचनाएं सुदृढ़ हुई हैं, बल्कि वहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था भी



सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ल्लआज प्रदेश के विद्यालयों में छात्र हैं, शिक्षक हैं, समुचित भवन हैं, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है, और शिक्षण के लिए समर्पित वातावरण है। यह सब राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और संकल्प का परिणाम है। शिक्षा के क्षेत्र में यह एक 'साइलेंट रिवोल्यूशन' है। मुख्यमंत्री जी ने बालकों की शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों, ग्राम पंचायतों तथा स्थानीय प्रशासन से नैतिक भागीदारी की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष तक के बच्चों को विद्यालय भेजना प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्राम पंचायत शिक्षा समितियों से अपील की कि वे ढोल-नगाड़ों के साथ 'स्कूल चलो अभियान' को जन-आंदोलन का रूप दें।

कार्यक्रम में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी0बी0टी0) योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और पाठ्यपुस्तकों के बजट को विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजा गया। साथ ही, जिन बच्चों का नामांकन आगामी दिनों में होगा, उन्हें भी डी0बी0टी0 लाभ सुलभ कराया जाएगा।

इस अवसर पर माननीय प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में आज मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की गयी है, जिनका उद्देश्य छात्रों की बेहतर सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समावेशी देना है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 1200 रूपये की धनराशि उनके माता-पिता के बैंक के खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तान्तरण की गयी है, जिससे बच्चे ड्रेस, स्वेटर स्कूल बैंग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी का क्रय कर सकेंगे।

### उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के पाँच उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, सीतापुर जनपद में प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा नवाचार, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब संचालन, निपुण भारत मिशन एवं अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले आठ शिक्षकों, दो शिक्षामित्रों एवं पाँच अनुदेशकों को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम

### शिक्षण सामग्री किट से बच्चों की हौसलाफजाई

कार्यक्रम में चयनित चौदह छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री किट प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि व आत्मविश्वास को बढ़ाना है।

### नवाचारों की प्रस्तुति

कार्यक्रम के दौरान विशेष शिक्षण विधियों और प्रतीकात्मक शिक्षण सिद्धांतों की प्रस्तुति भी की गई। अंकगणितीय संकल्पनाओं को सरल और आकर्षक बनाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए नवीन मॉडल्स को प्रभारी मंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### उपस्थित गणमान्य अतिथि

इस भव्य कार्यक्रम में मा0 विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, मा0 विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, मा0 विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर लखीमपुर खीरी में भव्य आयोजन

## महिलाओं के सशक्त नेतृत्व की मिसाल बनीं लोकमाता: नितिन अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी अभियान के तहत जिला पंचायत सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक योगेश वर्मा, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार व डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार संग दीप प्रज्वलन कर किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन त्याग, शौर्य, सेवा और जनकल्याण की प्रेरणादायी गाथा है। वे न्याय, धर्म और नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उनकी न्याय प्रणाली आज भी उदाहरण के रूप में दी जाती है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया और समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए ठोस प्रयास किए। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार भी मातृशक्ति को समर्पित भाव से कार्य कर रही है। लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन हर भारतीय के लिए अनुकरणीय है—ऐसी वीरांगना का नेतृत्व देश और विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत है।

कार्यक्रम की शुरुआत में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन, कृतित्व और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, कार्यक्रम संयोजक बृजेश सिंह, परियोजना निदेशक एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ विशाल सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह मौजूद रहे।

# नीमगांव: लाखों खर्च का प्रतीक्षालय बना खंडहर यात्रियों को नहीं मिल रही बुनियादी सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । बेहजम क्षेत्र नीमगांव कस्बे में थाना गेट के सामने बना यात्री प्रतीक्षालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। क्षेत्रीय विकास के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए इस प्रतीक्षालय की हालत आज इतनी खराब हो चुकी है कि न बसें वहां रुकती हैं और न ही यात्री वहां ठहरना पसंद करते हैं।

कभी क्षेत्रीय विकास मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए बनवाया गया यह प्रतीक्षालय आज कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है। ग्राम पंचायत की लापरवाही और प्रशासन की अनदेखी से प्रतीक्षालय का रखरखाव पूरी तरह से ठप हो गया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सफाईकर्मियों द्वारा प्रतीक्षालय के सामने कूड़ा डालने से वहां गंदगी का अंबार लग गया है।

### जलभराव से रास्ता बंद, महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान



पानी की निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण टंकी से बहता पानी प्रतीक्षालय के रास्ते को जलभराव में बदल देता है। इससे वहां तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। महिलाओं को इसका सबसे अधिक खामियाजा उठाना पड़ता है। जहां पुरुष दुकान या पान ठेले पर रुक सकते हैं, वहीं महिलाओं को खुले में या पेड़ों के नीचे खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है।

### न बस रुकती, न कोई सुविधा

नीमगांव-बेहजम मार्ग पर रोडवेज की कोई भी बस नहीं रुकती, जिससे यात्रियों को मजबूरी में निजी बसों का सहारा लेना पड़ता है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों यात्री ऽ जिनमें छात्र, कामकाजी लोग और ग्रामीण शामिल हैं ऽ गुजरते हैं, परन्तु उन्हें न तो छांव मिलती है और न ही बैठने की कोई व्यवस्था।

## बेहजम वाया नीमगांव मार्ग पर रोडवेज बसों का नहीं है संचालन, प्राइवेट बसों से हो रही यात्रियों की आवाजाही

### जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और जनता की परेशानी

स्थानीय दुकानदारों और निवासियों ने बताया कि शुरुआत में प्रतीक्षालय से थोड़ी राहत जरूर मिली थी, लेकिन देखरेख के अभाव और पंचायत की उपेक्षा ने इसे खंडहर में बदल दिया। लोगों का कहना है कि अगर जिम्मेदारों ने समय रहते ध्यान दिया होता तो आज यह प्रतीक्षालय लोगों के लिए सहारा होता, न कि मुसीबत।

### जरूरत है तत्काल कार्रवाई की

ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रतीक्षालय की साफ-सफाई, जल निकासी और यात्री सुविधा की व्यवस्था जल्द बहाल की जाए। साथ ही रोडवेज बसों का संचालन इस मार्ग पर शुरू हो ताकि क्षेत्रीय यात्रियों को राहत मिल सके।

# पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार सुरक्षा सप्ताह मनाएंगे ऐप्जा बंधु : अनुराग सारथी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। देश व प्रदेश के समस्त पत्रकार साथी तरह-तरह के जोखिम उठाकर अपनी खबरों के माध्यम से भ्रष्टाचार को उजागर करते हैं। सामाजिक कमियों व आवश्यकताओं को उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हैं तो वहीं आम जनमानस की आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचाते हैं और शासन प्रशासन द्वारा जारी की गई विकास योजनाएं जनता जनार्दन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं किंतु पत्रकारों की सुरक्षा का कोई पुरसाहाल नहीं है। इसलिए पत्रकार साथी अपनी सुरक्षा के प्रति सजगता दिखाते हुए पत्रकारिता दिवस आगामी 30 मई 2025 दिन शुक्रवार से पूरे एक सप्ताह तक पत्रकार सुरक्षा दिवस मनाएंगे। जिसमें चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा मुख्यातिथि के तौर पर स्वयं विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर संघर्षशील पत्रकार साथियों को सम्मानित करेंगे।

ज्ञातव्य है कि उतर प्रदेश का एक




मात्र पत्रकार संगठन ऐप्जा (आल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन) अपने पत्रकार साथियों की कुशलता, विकास एवं सुरक्षा के प्रति संजीदगी से सतर्क एवं संघर्षशील रहता है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (चेयरमैन ऐप्जा) पत्रकार साथियों की समस्याओं को लेकर सदैव मुखर, ऐक्टिव एवं चिंतित रहते हैं। इसीलिए उन्होंने पत्रकारों की कुशलता एवं विकास के साथ उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी है।ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम. सारथी ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए जानकारी दी है कि पत्रकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संगठन द्वारा आगामी पत्रकारिता दिवस पर प्रदेश के तमाम जनपदों के भिन्न-भिन्न स्थानों पर पूरे एक सप्ताह तक पत्रकार सुरक्षा सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। पत्रकार सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्थानीय ऐप्जा बंधुओं द्वारा निर्धारित जिलों एवं तहसील मुख्यालयों पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जहां संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र मिश्रा स्वयं मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होकर अपने संघर्षशील पत्रकार साथियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित करेंगे। श्री सारथी ने बताया कि इस आयोजन में पीलीभीत के पूरनपुर में पत्रकार सबलू खान की एफआईआर दर्ज करवाने के लिए मेरे नेतृत्व में कोतवाली घेरने वाली घटना, लखीमपुर खीरी के बिजुआ से पत्रकार दीपक पंडित को अकारण जेल भेजे जाने पर मेरे द्वारा एसपी ऑफिस का घेराव करने वाला मामला एवं महोली से दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड में न्याय दिलाने हेतु चेयरमैन ऐप्जा रवीन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में सीतापुर में धरना तथा लालबाग चौराहा जाम करने के मामले में सक्रियता एवं संघर्ष को प्राथमिकता दी जाएगी।

## बिसवां: डायल 112 की टक्कर से ठेलिया चालक की मौत

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के कोतवाली मानपुर क्षेत्र अंतर्गत लालपुर कोठी गांव के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार विनय (पुत्र राम सेवक), निवासी कैमरा, ठेलिया से भूसा लेकर बिसवां की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही डायल 112 की सरकारी वाहन ने ठेलिया में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विनय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एक्वए) बिसवां पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक के परिजन और ग्रामीण भी अस्पताल पहुंच गए हैं। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

## अजान में जर्जर ट्रांसफार्मर से चिंगारियां, बिजली आपूर्ति बाधित

लखीमपुर (खीरी) कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोला तहसील के कस्बा अजान में स्थित 100 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर की खराब हालत ने स्थानीय लोगों की जान और संपत्ति के लिए खतरा पैदा कर दिया है। ट्रांसफार्मर की चार खूंटियों में से दो पहले से ही खराब हैं, जबकि बाकी दो ढीली हो चुकी हैं, जिससे चिंगारियां निकल रही हैं और तार टूटने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। इस वजह से कस्बे के बाजार और मोहल्लों के उपभोक्ताओं को लगातार दो महीने से बिजली की नियमित आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर काफी पुराना है और इसकी जर्जर हालत लंबे समय से बनी हुई है। खराब खूंटियों के कारण बिजली सप्लाई में रोजाना बाधा आती है, जिससे व्यापारियों और आम लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ता विभाग के कर्मचारियों को लगातार शिकायत के बावजूद केवल अस्थायी मरम्मत ही की जाती है, जिससे समस्या बनी रहती है। कस्बेवासी प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि या तो इस ट्रांसफार्मर की तत्काल मरम्मत की जाए या फिर इसे पूरी तरह से बदला जाए ताकि संभावित दुर्घटना से बचा जा सके और बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इस मामले में एसडीओ पवन कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर की खराब खूंटी को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा और विद्युत आपूर्ति को पुनः चालू किया जाएगा।

## आजाद अधिकार सेना ने राजस्व विभाग में ब्याप्त भृष्टाचार के मामले को लेकर दिया ज्ञापन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजाद अधिकार सेना सीतापुर संगठन द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के आह्वान पर राजस्व विभाग में ब्याप्त भृष्टाचार के विरोध में जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा द्वारा जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर राजस्व विभाग में भारी भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के नाम प्रत्यावेदन सौंपा।प्रत्यावेदन में कहा गया कि सरकारी विभागों में राजस्व विभाग भ्रष्टाचार के मामले में काफी ऊपर है आम नागरिक राजस्व विभाग के भ्रष्टाचार के कारण काफी पीड़ित और प्रताड़ित है।सुविधा शुल्क दिए बिना विरासत दर्ज करने, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, खसरा, किसान सम्मान शुल्क निधि सहित कोई भी काम नहीं हो रहा है।इसी प्रकार राजस्व न्यायालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है और पूरी तरह मनमानापन हावी है।लेखपालों द्वारा ग्राम प्रधानों के साथ मिलकर अपात्र लोगों को पट्टा देने का काम खुलेआम चल रहा हैं।जिलाधिकारी को अपने अधीनस्थ राजस्व कर्मियों को इस संबंध में कठोर निर्देश देने के साथ राजस्व विभाग के संबंध में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को बहुत गंभीरता से लेते हुए उनकी सही जांच करवाए जाने की मांग की गई साथ ही शिकायतों का फर्जी निस्तारण करने वाले अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदीप कुमार माथुर विजय कुमार गुप्ता राज कुमार श्रीवास्तव रजत शुक्ला भोलानाथ तिवारी दिव्यांशु शुक्ला लक्ष्मी कांत बाजपेई चन्द्र भान सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

## केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के बावजूद तालाबों पर कब्जा जारी, जिम्मेदार नदारद

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । यूपी के डिप्टी मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण इलाकों में तालाबों को अवैध कब्जा मुक्त करवाने और उनका सुंदरीकरण करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए थे। लेकिन तहसील धौरहरा के ग्राम पंचायत गुदरिया में सरकारी जमीन पर बने नाले को अवैध तरीके से पाटने का काम जोर-शोर से चल रहा है। कई ट्रैक्टर मिट्टी ढोकर नाले को भर रहे हैं, जबकि अवैध खनन के कारण नाले और तालाब दोनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस पूरे मामले में प्रशासनिक जिम्मेदार पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं, जिससे सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के लिए यह आरामदायक माहौल बन गया है। बरसात के मौसम में इस नाले और तालाब के पाटे जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। तहसील प्रशासन की नाक के नीचे यह अवैध कब्जा जारी है, लेकिन कोई भी जिम्मेदार कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी जमीन और जल स्रोतों को सुरक्षित रखा जा सके और भविष्य में होने वाली संभावित आपदाओं से बचा जा सके।

# जेई व ठेकेदार की मिली भगत से हिन्दू के दरवाजे पर बनाई जारही पुलिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आपको बता दें मामला अज्जेपुर थाना तम्बौर का है जहां पर ठेकेदार व जेई की मिली भगत से हिन्दू नरेश कुमार पाल व राजूपाल व नन्दकिशोर पाल के घर की तरफ बढाकर एक पुलिया का निर्माण कार्य शुरू किया गया था वहीं पर जब पाल बिरादरी के लोगों ने बताया कि यह पुलिया मेरी तरफ बढाकर क्यो बना रहे हों तो ठेकेदार ने बताया कि बीच रोड़ पर बन रही है तभी गांव के लोगों द्वारा पुलिया की नाप की गई तो करीब चार हांथ पुलिया रोड़ से हटाकर हिन्दूओं की जगह में बनाई जा रही है जिससे पाल बिरादरी के लोग बनाने से बिरोध कर रहे हैं जबकि रोड की दूसरी तरफ गैर समुदाय के लोगों से ठेकेदार के सांठ गांठ मजबूत हैं जब मीडिया को सूचना मिली कि वहां पर कुछ बिबाद है तो मौके पर पहुंचे मीडीया के द्वारा मौका देखा गया तो पाया गया कि वास्तव में पुलिया निर्माण गलत तरीके से निर्माण कार्य हो रहा है तो ठेकेदार व जेई को बुलाया गया लेकिन ठेकेदार व जेई साहब आने से मना कर दिया और वहीं पर जेई साहब अपनी गाड़ी में सवार होकर मौके से चलें गये वहीं लोगों में अक्रोश ब्याप्त है ।

# आदमखोर बाघ के आतंक से मिली निजात लहरपुर क्षेत्र में लौटी सामान्य स्थिति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के लहरपुर क्षेत्र में पिछले कई सप्ताहों से फैले बाघ के आतंक से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल था। खेतों में कार्यरत किसान और ग्रामीणजन निरंतर खतरे की आशंका के साए में जीवन व्यतीत कर रहे थे। बाघ की इस गतिविधि से क्षेत्र में जनजीवन बाधित हो रहा था तथा वन विभाग के समक्ष यह एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा था।

इस गंभीर स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए वन क्षेत्राधिकारी श्री अभिषेक सिंह के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान न केवल योजनाबद्ध था, बल्कि इसके क्रियान्वयन में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की सभी विधिसम्मत प्रक्रियाओं का पूर्णतः अनुपालन किया गया। टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में काम्बिंग की गई, आधुनिक उपकरणों एवं ट्रेंकुलाइजेशन तकनीक का उपयोग करते हुए सावधानीपूर्वक बाघ को जीवित पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई।

## वन विभाग की अभूतपूर्व कार्यवाही, जिलाधिकारी ने टीम को सराहा और किया सम्मानित करने की घोषणा

इस उल्लेखनीय सफलता पर जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद ने गहरी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा ''यह अभियान केवल एक बाघ को पकड़ने का नहीं, बल्कि जनता में विश्वास बहाल करने का भी था। वन विभाग की टीम ने जिस समर्पण, सतर्कता और अनुशासन के साथ कार्य किया है, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। हम इस सफलता के लिए श्री अभिषेक सिंह एवं उनकी टीम को जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करेंगे तथा शासन को भी उनके उच्चस्तरीय पुरस्करण हेतु संस्तुति प्रेषित की जाएगी। उन्होंने अभियान में संलग्न सभी वनकर्मियों, ट्रेंकुलाइज विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों और सहायक कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए उनकी हौसलाफजाई की और टीम को प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने शासन को भी रिपोर्ट भेजकर संस्तुति करने की बात कही है कि इस टीम को राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बाघ को पकड़ने की संपूर्ण प्रक्रिया नैतिकता, पारदर्शिता और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता के साथ संपन्न की गई है। वर्तमान में बाघ की चिकित्सकीय जांच जारी है और उच्च स्तर से अनुमति प्राप्त होते ही इसे दुधवा या कर्तनिया जैसे संरक्षित वन क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उसे प्राकृतिक आवास में पुनर्स्थापित किया जा सके। जिलाधिकारी ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों के प्रति सतर्कता बनाए रखें एवं किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन को सूचित करें। यह अभियान न केवल वन विभाग की तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व और सामूहिक प्रयास एकजुट होते हैं, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं रह जाती।

# सरकारी स्कूल बने नवाचार और गुणवत्ता के प्रतीक : नितिन अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारम्भ व लोकार्पण समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप जलाकर किया। प्रभारी मंत्री ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पांच शिक्षकों को टैबलेट और 02 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं को स्टेशनरी किट और दिव्यांग बच्चों को विशेष शैक्षिक किट वितरित कर शिक्षा में समावेशन और तकनीकी सहयोग का सशक्त संदेश दिया। परिषदीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा बनाई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। वहीं, एक छात्रा द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का



मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर आज हमारे परिषदीय विद्यालयों में साफ नजर आती है। जिन स्कूलों को कभी सुविधाओं की कमी से जोड़ा जाता था, आज वही स्कूल नवाचार, समावेशन और गुणवत्ता के प्रतीक बनते जा रहे हैं। सरकार ने तय किया कि हर बच्चा सम्मान के साथ पढ़े। इसलिए ड्रेस, किताबें, जूते, मोजे और बैग के लिए ?1200 की राशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजी जा रही है। यह केवल एक रकम नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक है कि कोई बच्चा अब सिर्फ संसाधनों की कमी से शिक्षा से वंचित न रह जाए। आठ साल पहले के हालात और आज के हालात में जमीन-आसमान का फर्क है। अब माता-पिता अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर सरकारी स्कूल में दाखिला दिला रहे हैं। ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है।

## प्रभारी मंत्री ने की डीएम की तारीफ, बोले, 'मिशन मैदान' बदल रहा है बच्चों का भविष्य

## अटल सभागार में हुई सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग

प्रभारी मंत्री ने की डीएम की तारीफ, बोले, 'मिशन मैदान' बदल रहा है बच्चों का भविष्य प्रभारी मंत्री ने लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल 'मिशन मैदान' की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पहल ने सिद्ध कर दिया है कि जब शिक्षा को खेल, स्वास्थ्य और अनुशासन के सूत्र में पिरोया जाए, तो सिर्फ अकादमिक उपलब्धि ही नहीं, बल्कि बच्चों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित होता है। 'मिशन मैदान' ने लखीमपुर को निपुणता की दौड़ में आगे पहुंचाया है और अब यह रोल मॉडल हरदोई जैसे जिलों में भी लागू होगा, ताकि संपूर्ण उत्तर प्रदेश शिक्षा के इस नए आयाम से सशक्त हो सके।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी में परिषदीय विद्यालयों में अब तक हुए नामांकन कुल 4,02,678 हैं। इनमें से 2,55,806 नोनिहालों के अभिभावकों के खातों में 1200-1200 रुपए की धनराशि भेजी गई है। अगले चरण के लिए 1,00,680 छात्रों का डेटा प्रेषित किया गया है। शिक्षकों को डिजिटल टूल्स का तोहफ़ा, निपुण नायकों को सम्मान, दिव्यांग छात्रों को समावेशी संसाधन प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने उपस्थिति अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ शिक्षक विमल मिश्रा, सुमित वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, संजीव रस्तोगी व संतोष शर्मा को टैबलेट प्रदान किए गए। प्रा.वि. रतसिया के प्रमोद कुमार वर्मा और प्रा.वि. राजापुर की ऋतु अवस्थी को निपुण विद्यालय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, राजापुर की छात्राओं को स्टेशनरी किट व दिव्यांग बच्चों को लो विजन, ब्रेल और होमबेस्ड किट देकर शिक्षा में तकनीक व समावेशन की प्रेरणादायक मिसाल पेश की गई।

# सैनिकों के सम्मान में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

## परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला और सदर विधायक अदिति सिंह ने यात्रा का किया नेतृत्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। भारतीय सैनिकों के सम्मान में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला और सदर विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा लिया। वंदे मातरम के नारे से पूरा शहर गूंज उठा। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जीआईसी के मैदान से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों–सुपर मार्केट, अंबेडकर चौराहा होते हुवे डिग्री कॉलेज चौराहे तक पहुंची। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा थामे लोगों ने 'भारत माता की जय', 'जय हिंद', और 'वंदे मातरम' जैसे नारों से माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। परिवहन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि देश का सम्मान सैनिकों के सम्मान के बराबर होता है। यदि हम अपने सैनिकों को सम्मान देते हैं, तो यह देश के सम्मान के समान होता है।उन्होंने आगे बताया कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई में ऑपरेशन सिंदूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमें भारतीय सैनिकों ने साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। सदर विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि भारत किसी से कम नहीं है। हमारे सैनिक हर चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं और देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने वाला बताया। तिरंगा यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई और नगरवासियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सैनिकों के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, कोऑपरेटिव अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष आर बी सिंह, सुशील शर्मा,विजय बाजपेई, डा धनंजय सिंह , पूर्व सभासद तेज बहादुर भारती ,गर अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय आदि शामिल हुए।

## ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखती है विवाहित महिलाएं

बछरावा,रायबरेली। हिंदू पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत करने की परंपरा होती है। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं।इस दिन विवाहित महिलाएं 16 श्रृंगार करके वट वृक्ष की पूजा करती हैं. इस दिन व्रती स्त्रियां बांस की टोकरी में गुड, भीगे हुए चने, मीठे गुलगुले, कुमकुम, रोली, अक्षत, मौली, फल, पान, सुपारी, धूप बाती और हाथ में जल का लोटा लेकर वट वृक्ष के पास जाती हैं। साथ ही महिलाएं कलावा बरगद के पेड़ में बांधकर परिक्रमा करती हैं और पति की लंबी आयु के लिए कामना करती हैं।साथ ही पूजा समाप्त होने के बाद व्रती महिलाएं पति को बांस के पंखे से हवा करती हैं, जिसका इस व्रत में खास महत्व है। महिलाएं इस दिन देवी गौरी की पूजा करती हैं और देवी का दिव्य आशीर्वाद पाने के लिए व्रत रखती हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, वट सावित्री व्रत सावित्री और सत्यवान की कहानी से जुड़ा है। सावित्री राजा की बेटी थी और उसका विवाह सत्यवान से हुआ था, जिसे विवाह के एक वर्ष बाद मरने का श्राप मिला था।

## पानी का मोटर जलने से सपही टड़वा समेत आसपास के गांवों में पेयजल का संकट, ग्रामीणों प्रदर्शन



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत सपही टड़वा में स्थापित ओवरहेड टैंक का मोटर 21 मई को जल जाने के कारण सपही टड़वा के मुसहर बस्ती, भरवा टोली, अनुसूचित बस्ती सहित बरवाराजापाकड़ ग्राम पंचायत के जमुआन, हरिजन बस्ती, मुसहर बस्ती और बभनौली ग्राम पंचायत के अंबेडकर गांव अजयनगर तक जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। इससे लगभग 20 हजार की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है।सोमवार को प्रभावित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जलापूर्ति शीघ्र बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में उपेंद्र कुमार, आनंद गुप्ता, भग्न ठाकुर, गोरख प्रसाद, आल्हा, रुदल, सीताराम, बैरिस्टर, नंदलाल, बहादुर, राजकिशोर, ढोढ़ा, भगवान, श्रवण, महातम आदि शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जलापूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ओवरहेड टैंक के आपरेटर सुदर्शन ने बताया कि दो वर्षों से विभाग से उनका मासिक मानदेय रुके होने के कारण वे आर्थिक तंगी में हैं। उन्हें जल निगम से ढाई हजार रुपये मासिक मानदेय मिलता था।जल निगम के जेई हर्ष भट्ट ने कहा कि जलने वाली मोटर मरम्मत के लिए भेज दी गई है और एक-दो दिन में काम पूरा कर जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आपरेटर के मानदेय संबंधी उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है और शीघ्र ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

## गन्ने में मथमुड़िया कीट के प्रकोप से 25% उपज कम हो जाता है – ओपी गुप्ता



कुशीनगर। गन्ना बुवाई से लेकर कटाई तक , गन्ना फसल के किसी न किसी भाग में कभी न कभी कीटो का प्रकोप होता रहता है, गन्ना फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाता है चोटी बेधक कीट जिसे किसान मथमुड़िया कीट कहते है, इसकी पांच पीढी होती है, इस कीट की तीसरी पीढी मध्य जून, जुलाई, एवं अगस्त के प्रथम सप्ताह तक सर्वाधिक नुकसान पहुंचाती है, जिससे गन्ने का 20 से 25% उपज कम हो जाता है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने दी। तापक्रम बढ़ने के करण कीटो का प्रकोप बढ़ रहा है, असमय वर्षा हो रही है ।मथमुड़िया कीट नियंत्रण के चीनी मिल रामकोला , सेवरही खड्डा, ढाढ़ा हाटा अपने परिक्षेत्र के कृषको को कीटनाशक फटेरा, नेट जन, टेकोरेल, कोराजन, जायकोर आदि दे रही है। बाजार में भी उपलब्ध है, मथमुड़िया कीट का प्रकोप तापक्रम के अनुसार होता है। कृषको द्वारा मथमुड़िया - टॉपबोरर कीट नियंत्रण के विषय में पूछे जाने पर ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि गन्ने की एक प्रजाति का क्षेत्रफल 50% से अधिक न रखें, चाहे कितनी भी अच्छी हो, 3 से 4 प्रजातियों की बुवाई करें , मार्च, अप्रैल, मई में अण्ड समूह को पत्तियों सहित तोड़कर अलग कर दें। प्रभावित पौधों को काटकर निकाल दे। लाइट ट्रेप का प्रयोग करे। सेवरही गन्ना शोध संस्थान जैविक कीट नियंत्रण के लिए परजीवी कार्ड लेकर प्रयोग करें।

## जीव ईश्वर का मिलन ही रासलीला है: रमाशंकर शास्त्री

राजापाकड़ /कुशीनगर। जीव और ईश्वर का मिलन ही रासलीला है। भगवान श्रीकृष्ण शरद पूर्णिमा की बेला पर गोपियों से रास रचाते हैं। जीव जब भी प्रभु के समीप जाने का प्रयास करेगा तो लोभ,मोह, वासना इसमें बाधा डालती है। ये बातें श्रीरामपट्टी किशुनदेव पुर में चल रहे भागवत कथा के दौरान रमाशंकर शास्त्री जी ने कहा। उन्होंने कहा कि गोपियां भगवान को एक एक कण में ढूंढ रही हैं लेकिन प्रभु खुद ही गोपियों के बीच में गोपी बनकर रोने का नाटक कर रहे हैं। भागवत कथा की मुख्य यजमान विद्यान्ती देवी रहीं।इस अवसर पर देवेन्द्र ओझा, रामप्रकाश शर्मा, कृपाशंकर चौधरी, घनश्याम प्रसाद, गोरखनाथ राय, संतोष कुमार राय, देवेन्द्र पांडेय, चंदन राय, धीरज श्रीवास्तव,राजाराम राय, रामबेलास राय, विरेन्द्र राय, देवता राय, सुवाष राय, राम अवध ओझा, देवेन्द्र पांडेय, आनंद मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद लाल, विपिन बिहारी लाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# चोरी के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

## 2.5 लाख के आभूषण बरामद सिधारी थाना पुलिस की बड़ी सफलता, दो चोरी की घटनाओं का किया अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिधारी थाना पुलिस ने एक संगठित चोरी गिरोह के सदस्य अंशुल प्रताप गौतम उर्फ लकी को गिरफ्तार कर दो चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया। अभियुक्त के कब्जे से लगभग 2.5 लाख रुपये कीमत के चोरी के आभूषण, 8000 रुपये नकद, एक कीपैड मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा के पर्यवेक्षण में सिधारी थाना प्रभारी शशिचंद चौधरी की अगुवाई में पुलिस टीम ने बीती 25 मई को रात 23:30 बजे बेलइसा पुल के नीचे बउरहवा बाबा मंदिर के पास से 19 वर्षीय अंशुल प्रताप गौतम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने तीन साथियों–जवाहिर उर्फ शैडो, बृजेश कुमार उर्फ मलिक और चिन्टू उर्फ नदीम शाह–के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। यह गिरोह ऑटो रिक्शा का उपयोग कर चौराहों पर बैग लिए महिलाओं को निशाना बनाता था। सवारी को बातों में उलझाकर और बैग पीछे रखवाकर नुकीले औजार से चैन खोलकर आभूषण और नकदी चुरा लेते थे।

# सलोन में चेन स्नैचिंग के 3 आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल




## ई-रिक्शा में सवार महिला से मंगलसूत्र छीनने का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। थाना क्षेत्र में एक महिला से मंगलसूत्र छीनने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 23 मई की है। विजय पुत्र रामखेलावन के घर मांगलिक कार्यक्रम में एक महिला रिश्तेदार आ रही थीं। वह बस से उतरकर ई-रिक्शा में सवार थीं। इसी दौरान तीन बाइक सवार युवकों ने उनका मंगलसूत्र छीन लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ग्राम सैदलीपुर मजरे आशिकाबाद थाना सलोन के रहने वाले हैं। पकड़े गए आरोपियों में विशाल पुत्र होरीलाल, सचिन पुत्र राम मनोहर और नितिन पुत्र राकेश शामिल हैं। पुलिस ने नियमानुसार तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का किया शुभारंभ

## जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का लोकार्पण/शिलान्यास /शुभारम्भ मुख्यमंत्री उ्प्र योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से किया गया। उक्त कार्यक्रम के क्रम में जनपद के गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार, रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री/राकेश सचान द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक ऊँचाहार डॉ मनोज कुमार पांडेय, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी उपस्थित रहें। अतिथियों द्वारा माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इसके पश्चात निपुण विद्यालय के पांच प्रधानाध्यापकों को ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत सभी पैरामीटर में संतृप्त होने के लिये सम्मानित किया गया, इसी प्रकार समर कैम्प में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 05 शिक्षामित्रों/अनुदेशकों, 05 विद्यालय के अध्यापकों को टैबलेट व स्मार्ट क्लास का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले 05 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि आज लखनऊ में मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम के क्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। लगभग 3.5 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास/शुभारम्भ मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया, जिसमें समस्त जनपदों की योजनाए व कार्यक्रम शामिल है, इसके साथ ही डीबीटी के माध्यम से सत्र 2025-26 के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों के खातें में 1200 रूपये की धनराशि हस्तान्तरित की गयी। इस धनराशि का उपयोग कर अभिभावक अपने बच्चें के लिये ड्रेस, बैग, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्टेशनरी क्रय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढाया है, बेहतर इन्फ्रास्ट्रकचर प्रदान करने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया है, इसी का परिणाम है कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुयी है। यदि वर्ष 2017 से पहले का और अब कि संख्या की तुलना की जाये, तो बहुत बड़ा अन्तर आयेगा। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प कर अच्छे भवन, बेहतर फर्नीचर व मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को भी सरकार की इच्छा शक्ति के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है, शिक्षकों को गुरू का दर्जा दिया गया है, बच्चों को प्राथमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व संस्कार देने की जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा के अध्यापकों की है और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करना चाहिए। इस अवसर पर विधायकगण व अन्य अतिथियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये।

# अतरेहटा गांव में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष में जमकर चले लाठी डंडे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी मजरे अतरेहटा गांव में बीती रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े जमकर चले लाठी डंडे। जिसमें दोनों पक्षों से लगभग एक दर्जन लोगों को नामजद किया गया है। वही घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने चोटहिलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर प्राथमिक उपचार करा कर दोनों पक्षों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में हेमराज पुत्र शंकरपाल ने कहा है कि गांव के ही कुलदीप पुत्र अयोध्या प्रसाद, शुभम पुत्र अज्ञात निवासी सेमरौता जनपद अमेठी, जयदीप पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी गढ़ी, शिवा पुत्र माता प्रसाद निवासी गढ़ी, अनुज पुत्र जग प्रसाद निवासी बारी गोहन्ना एक राय होकर आए और पुरानी रंजिश को लेकर चार माह पूर्व विवाद हुआ था। उसी के चलते गाली गलौज करने लगे मना करने पर जमकर मारा पीटा तो वहीं दूसरे पक्ष कुलदीप कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी गढ़ी द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि गांव के ही दबंग प्रतिपक्षीगड़ हेमराज पुत्र अज्ञात, राजेश पुत्र हेमराज, अमन पुत्र हेमराज निवासी गढ़ी व सुनील पुत्र रामखेलावन तथा दो और अज्ञात सहित लोग आए और गाली गलौज करने लगे मना करने पर लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी सभी दबंग प्रतिपक्षीगण अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर पर 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

## अभिभावकों को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ायें: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




आजमगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज लोक भवन लखनऊ से प्रदेश में 39 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण एवं 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया, इसके साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी ने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा रू0 1200 की धनराशि उनके माता-पिता/अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार-।।, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना एवं जिलाध्यक्ष लालगंज अरविन्द राजभर जी की उपस्थिति में किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद आजमगढ़ में बेसिक शिक्षा के लगभग 2700 विद्यालय हैं। उन्होने कहा कि निरीक्षण में पाया गया है कि विद्यालयों में पंजीकृत छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 70 प्रतिशत बच्चे ही स्कूल आते हैं, सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी, मिड-डे-मिल आदि मुफ्त दिये जाने के बाद भी विद्यालयों में कम उपस्थिति संतोषजनक नही है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अन्तर्गत विद्यालयों में फ्री में हेल्थ चेकअप भी किया जाता है, विद्यालयों मे आरबीएसके की टीम जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती है। इसके साथ ही गम्भीर बिमारी मिलने पर सेकेण्डरी ईलाज, जिसमें टीम द्वारा अच्छे अस्पतालों में बच्चों का ईलाज एवं सर्जरी करायी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा के 2700 स्कूलों में लगभग 3 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उन्होने कहा कि समीक्षा में पाया गया है कि लगभग 30 हजार बच्चों का आधार सत्यापन नही हो पाया है, इसके लिए जिन बच्चों का आधार नही बना है, उन सबका जल्द से जल्द आधार बनवायें। उन्होने कहा कि जो बच्चे यहां नही रहते हैं, उनका नाम हटा दें, जिससे हमारे उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा। जिलाधिकारी ने अध्यापकों से कहा कि ग्रामों में जाकर अभिभावकों से मिलें और उनके बच्चे के लिए सरकार द्वारा विद्यालयों में दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में जागरूक करते हुए बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में करायें एवं शिक्षक का यह दायित्व है कि वह बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें। इसके लिए शिक्षकों को मोटिवेट होने की जरूरत है। उन्होने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लाक स्तर पर पाजीटिव सुपरवाइजरी रोल को बेहतर करें, जिससे शिक्षक भी पढ़ाने हेतु एक्टिवेट हों, और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले एवं बच्चों की उपस्थिति बढ़े, तब जाकर सरकार की मंशा पूरी तरीके से फलीभूत होगी। उन्होने कहा कि विद्यालयों का बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अच्छी हो गयी है, शिक्षक लगभग हर जगह हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 2700 स्कूलों में से लगभग 980 स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत कई तरीके के एक्टिविटी चल रही है। उन्होने कहा कि समर कैम्प बच्चों के अन्दर की प्रतिभा को एक मंच प्रदान करता है। उन्होने कहा कि 793 विद्यालय निपुण घोषित हैं, 404 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चल रहे हैं, 168 विद्यालय आईसीटी लैब से आच्छादित हैं तथा 17 विद्यालय पीएम श्री के अन्तर्गत हैं, जिसमें स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, खेल का मैदान आदि सुविधायें दी जा रही हैं। उन्होने कहा कि 793 निपुण विद्यालयों में से 110 निपुण विद्यालयों, 66 आईसीटी लैब से आच्छादित विद्यालयों, 66 समर कैम्प आयोजित करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होने कहा कि सम्मान देना एक मोटिवेशन है, आज जिन लोगों ने अच्छा किया है, उनको सम्मानित किया जा रहा है एवं जो लोग अच्छा नही कर रहे हैं, वे और अच्छा करें, ताकि आगे उनको भी सम्मानित किया जाए। उन्होने कहा कि आगामी 15 अगस्त को भी जिला प्रशासन द्वारा अच्छे अध्यापकों/प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया जायेगा।

# एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । उतर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह के आह्वान पर एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ जनपद कुशीनगर के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में सात सूत्रीय मांग को लेकर माननीय उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी व मुख्यचिकित्साधिकारी को सौंपे। ज्ञापन में सात सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन ने कहा है कि यदि सरकार हमारी मांगों को नही मानती है तो हम सभी संविदा कर्मी धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे । धरना प्रदर्शन के दौरान अगर मरीजों को कोई दिक्कत आती है तो इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। सत्येंद्र पांडेय ने बताया कि हमारी सात सूत्रीय लंबित मांगों में से सरकार कोई भी मांग पूरी नहीं की है हम लोगों को बार बार झूठा आश्वासन दिया जाता है। हमारी विशेष मांग 1- म्युचुअल स्थानांतरण तत्काल लागू किया जाय।2- संविदा कर्मचारियों हेतु क्ष्क्क ग्रेड पे व क्ह्न का निर्धारण करना ।3- गक्क्व्ह्रइगट्ठक्ष् में 7 व 10 ,15 व 20 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को लॉयल्टी बोनस दिया जाना ।4- आरसीएच ( एमसीटीएस ) कंप्यूटर ऑपरेटर का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन करना ।5-एच आर का लाभ दिया जाय।6- स्वास्थ्य बीमा लाभ दिया जाय। 7- प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का चार वर्ष से लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान शीघ्र किया जाय।संगठन ने अवगत कराया हैं कि यदि 5 जून 2025 तक मांगे नहीं मानी गई तो संगठन प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगा ।

# साहब ! झूलेलाल चौराहे पर कब तक रहेगी दुर्गंध

## बदबू से चौराहे के पास गुजरना से हुआ मुश्किल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। एक पुरानी कहावत है कि शहर के मिजाज की झलक देखना हो तो वहां के चौक-चौराहों को देख लीजिए।अगर अपने शहर गोण्डा देवीपाटन के परिप्रेक्ष में भी इस बात को देखा जाए तो गलत नहीं होगा।यकीनन,यहां के चौराहों-तिराहों पर नजर दौड़ा लेंगे तो पता चल जाएगा कि बाकी शहर की सूरत कैसी होगी...? असल में यहां अव्यवस्थित रहने की मानसिकता से चौराहे-तिराहे भी नहीं उबर पाए हैं।कोई भी ऐसा चौराहा नहीं होगा जिसे देखकर यह लगे कि यह मंडल मुख्यालय का चौराहा है।कहीं अतिक्रमण तो कहीं टूटी सड़क या फिर गंदगी की व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है।आसपास के लोग व्यवस्था को कोसने के अलावा बाकी दूसरों पर छोड़ देते हैं।कभी किसी ने चौराहे को लेकर न तो आंदोलन किया न ही कभी इसके पुनरोद्धार की पहल हुई।आइए,देखते हैं इन दिनों शहर के एक व्यस्ततम चौराहे पर गंदगी की बदबू से किस तरह जूझना पड़ रहा है कि इस रास्ते से गुजरना मुश्किल है।

### शहर की बड़गांव पुलिस चौकी झूलेलाल चौराहा

इस चौराहे की पहचान जिले में बड़गांव पुलिस चौ की झूलेलाल चौराहा के रूप में भी है,जिसके बीचो बीच झूलेलाल सिंधी समाज के प्रमुख देवता की प्र तिमा लगाई गई है।कहने के लिए यह चौराहा शहर का सबसे बड़ा,व्यस्ततम और महत्वपूर्ण चौराहा है पर सबसे ज्यादा गंदगी की बदबू अव्यवस्था यहीं पर दिखती है।शहर के भीतर या बाहर कहीं जाना हो या फिर अयोध्या, बहराइच,बलरामपुर, बिना इधर से गुजरे आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।इस चौराहे पर एक तीन मंजिला मिठाई की दुकान चौराहे पर स्थित है यहां पर तरह-तरह की मिठाइयां बनाई जा रही हैं जो मिलावटी होती हैं।इस बात की तस्दीक है कि झूलेलाल चौराहे के पास पहुंचने पर वहां से उठ रही दुर्गंध से ही होती है।यहां भीषण गंदगी है और दुर्गन्ध के कारण नाक बंद करना पड़ता है, सूत्र बता रहें है कि चौराहे पर स्थित मिठाई की दुकान पर जिसमें मिलावटी मिठाइयों के साथ ही पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों को बड़े पैमाने पर बनाने का गोरखधंधा चलता है।सूत्र बता रहें कि तीन मंजिला दुकान के गोदाम तक जाने का रास्ता भी बहुत ही गोपनीय रखा गया है,जिससे वहां आसानी से नहीं पहुंचा जा सकता है।सूत्रों का कहना है कि यहां मि ठाइयों व पनीर में नुकसानदायक रंग का इस्तेमाल किया जाता है।ऐसे में इन खाद्य पदार्थों के इस्ते मा ल से लोगों के किडनी व लिवर खराब होने से ले कर कैंसर तक का खतरा रहता है।

### उठ रही दुर्गंध से संक्रामक बीमारी का खतरा

सरकार स्वच्छता को लेकर गंभीर है।इंसे फ्लाइटि स के समूल नाश के लिए सरकार प्रयासरत है।मग र विभाग की लापरवाही से सरकार के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।उदासीनता का आलम यह है कि सड़क किनारे चौराहे पर सफाई न होने से गंदगी फै ली हुई है जिससे लोग संक्रामक रोग फैलने का ख तरा है।लोग यहाँ पर नारकीय जीवन जीने को मज बूर हैं।हम बात करे रहे है शहर के झूलेलाल चौरा हा की।इस चौराहे की हालत बहुत ही खराब है बि ना नाक और मुँह पर रुमाल रखकर इस चौराहे से निकलना मुश्किल है।इस चौराहे की हालत गांव से भी बदहाल है।दुश्वारियों के बीच लोग नारकीय जी वन जीने को विवश हैं।एक तरफ मूलभूत सुविधा ओं का अभाव है तो दूसरी तरफ गंदगी के चलते लोगों में संक्रामक बीमारियां फैल रही है विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से उपजे हालात को लेकर लोगों में आक्रोश हैं वही नगर पालिका परि षद के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी के नींद में सो रहे हैं।

## अंजुमन हनफिया समिति की आपात बैठक में मो मसऊद के निधन पर जताया गहरा शोक



नानपारा, बहराइच। संस्था अंजुमन हनफिया की प्रबंधन समिति की एक आपात बैठक मोहल्ला चिकवा टोला में समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य संस्था के सक्रिय सदस्य मोहम्मद मसऊद के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करना था। बैठक में संस्था के महासचिव और प्रबंधक मोहम्मद आज़म ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री मसऊद का रविवार 25 मई को लखनऊ में बीमारी के चलते निधन हो गया। उनकी मिट्टी सोमवार दोपहर बाद उनके पैतृक स्थान उतरौला में हुई। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। दिवंगत आत्मा की शांति और उनकी मगफिरत के लिए दुआ की गई तथा उनके परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। बैठक में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक के पश्चात समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य शोक-संतप्त परिवार से मिलने उनके आवास पहुँचे और व्यक्तिगत रूप से शोक संवेदना प्रकट की। संस्था ने श्री मसऊद के समाज सेवा में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जाना संस्था के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

## अच्छा और काबिल इंसान बनने के लिए शिक्षा हासिल करें : प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद

गोरखपुर। मियां साहब इस्लामिया इंटर कॉलेज बक्शीपुर के प्रधानाचार्य मुख्तार अहमद ने कहा कि विद्यार्थियों का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं होना चाहिए बल्कि व्यक्तित्व के विकास के चलते अच्छा और काबिल इंसान बनने के लिए शिक्षा हासिल करनी चाहिए। विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा शिक्षा हासिल कर जीवन का लक्ष्य हासिल करें, क्योंकि शिक्षा एक ऐसा खजाना है जिसे कोई छीन नहीं सकता।उक्त बातें मुख्तार अहमद ने जामिया अल इस्लाह एकेडमी नौरंगाबाद में समर कैंप के अंतिम दिन बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज से आए मोटिवेशनल स्पीकर मुहम्मद अरशद अंसारी ने कहा कि जैसे-जैसे आप शिक्षा का उपयोग करते हैं, आपका ज्ञान और समझ बढ़ती जाती है, और आप अधिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। शिक्षा का सही उपयोग तभी होता है जब आप उस पर अमल करते हैं, यानी उसे अपने जीवन में लागू करते हैं। शिक्षा को केवल ज्ञान के रूप में रखने से नहीं, बल्कि उसे व्यवहार में लाने से इसका वास्तविक महत्व प्रकट होता है। शिक्षा समाज को भी लाभान्वित करती है। ज्ञानवान व्यक्ति समाज के विकास में योगदान देते हैं और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।कैंप में बच्चों ने लघु नाटक पेश किया। सामाजिक कार्यकर्ता प्रसेन व अम्बरीष ने कविता, गीत व कहानी पेश की। कारी मुहम्मद अनस रजवी ने शिक्षा की अहमियत पर बच्चों से सवाल जवाब किया। उत्कृष्ट जवाब देने वाले बच्चों को संत झूलेलाल नगर के पार्षद नूर मुहम्मद ने ईनाम से नवाजा। कुरआन-ए-पाक की तिलावत हाफिज रहमत अली निजामी ने की। नात-ए-पाक भी उन्होंने पेश की।अध्यक्षता कर रहे नायब काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी, विद्यालय के संस्थापक अली अहमद व संचालक आसिफ महमूद ने कहा कि इल्म अल्लाह का दिया वह अनमोल खजाना है, जो बांटने से कभी कम नही होता, बल्कि बढ़ता है। आज के नौजवानों को अपने दीन और ईमान की मुकम्मल जानकारी रखनी चाहिए। बुजुर्गो का दायित्व है कि वह नौजवानों को मजहब के प्रति जागरूक बनाएं और नौजवान दीन ईमान को अपने जिंदगी में अमल में लाएं। इस्लाम की रोशनी उन्हें अपने मंजिल के रास्ते से कभी भटकने नहीं देगी। सामूहिक रूप से दुआ कर समर कैंप का समापन हुआ। इस मौके पर हाजी रईस अहमद, मुहम्मद आज़म, प्रधानाचार्या आयशा खातून, उप प्रधानाचार्या शीरीन आसिफ, बेलाल अहमद, मुहम्मद अनस, फैजान सरवर, तनवीर, आरजू, अदीबा, सैयद शम्स, फरीदा, मंतशा, फरहीन, आयशा, सना, फरहत, यासमीन, गुल अफ्शा, नाजिया, आफरीन, तानिया, यासमीन, मुनाजिर हसन, अकलीमा, सैयद ताहिब, सैयद फरहान अहमद कादरी आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का कार्यालय से वीडियो लीक होने पर एफआईआर की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के बीजेपी कार्यालय से जुड़े एक कथि त आपत्तिजनक वीडियो के वायरल होने पर आजा द अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकु र ने मामले को गंभीर बताते हुए गोंडा नगर कोत वाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का मांग की है।अमिताभ ठाकुर का कहना है कि यह वीडि यो पार्टी के ही कुछ लोगों के द्वारा जानबूझकर ली क किया गया है,ताकि एक पुरुष और महिला की छवि को नुकसान पहुँचाया जा सके।उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर महिला खुद कह रही है कि वीडियो में चक्कर आने के दौरान उसे सहारा दिया गया था, तो इसे गलत तरीके से पेश करना चरित्र हनन की साजिश है।बताते हैं कि 25 मई को सोशल मीडि या पर तेजी से एक वीडियो सीसीटीवी का वायरल हो रहा था जो कथित रूप से गोंडा के भाजपा जि ला कार्यालय का बताया जा रहा है।वीडियो में एक पुरुष और एक महिला आलिंगन मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं।कथित व्यक्ति भाजपा जिलाध्यक्ष अमर कि शोर कश्यप बताए जा रहे हैं,हालांकि उन्होंने इसे म हिला को चक्कर आने पर दी गई मदद बताया है।बॉक्स बीजेपी कार्यालय से सीसीटीवी लीक करना भाज पा के अंदरूनी लोगों की साजिश...अमिताभ आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीयध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने अपने शिकायती पत्र में लिखा है कि यह स्पष्ट है कि वीडियो भाजपा कार्यालय का है और इसका लीक होना तभी संभव है जब कोई अंदरू नी व्यक्ति ही इसे बाहर दे।उन्होंने इसे 'राजनीतिक गुटबाजी की साजिश' करार दिया है।''किसी महि ला और पुरुष की छवि बिगाड़ने के लिए वीडियो लीक करना न केवल अनैतिक है,बल्कि आईटी एक्ट और गोपनीयता कानूनों के तहत दंडनीय अपराध भी है।

# अस्पताल में जिंदगी बचाने आई थी शिवानी तेरह दिन बाद मौत से हार गई

## कस्तूरबा बालिका विद्यालय में वॉश बेसिन से चोटि ल हुई शिवानी ने अयोध्या में ली अंतिम सांस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के जफरापुर गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 14 मई को हैंडवॉश की दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय छात्रा शिवानी की रविवार की मध्य रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गयी। इससे परिवार में कोहराम मच गया और परि जनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताते चलें कि जिले के नवाबगंज शिक्षा क्षेत्र के कटरा शिवदयालगंज के जफरापुर गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवा सीय बालिका विद्यालय में बीते 14 मई की रात करीब 9 बजे हैंडवाश की दीवार गिरने से तीन छात्राएं घायल हो गईं थीं,जिनमें से कक्षा सात की घायल छात्रा शिवानी (12 वर्ष) पुत्री सूर्यनाथ की हालत गंभीर होने के कारण उसे पीजीआई लखन ऊ में भर्ती कराया गया था।करीब एक हफ्ते पहले विद्यालय की वार्डन आशा पांडेय ने छात्रा को पी जीआई से डिस्चार्ज कराकर अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज में भर्ती करा दिया था। रविवार की मध्य रात्रि घटना के तेरहवें दिन शिवा नी जिंदगी से जंग हार गयी।बेटी की मौत की जान कारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।इस सं बंध में नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक छात्रा का पोस्टमार्टम अयोध्या में होगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल इस संबंध में अभी को ई तहरीर नहीं मिली है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने औ र तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने किया औचक निरीक्षण:सीएचसी

कुशीनगर । अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गोरखपुर डॉ जयंत कुमार एवं सँयुक्त निदेशक डॉ बीएम राव द्वारा सोमवार को अपराह्न में सीएचसी का औचक निरीक्षण किये। उनके द्वारा प्रसव कक्ष,एनबीएसयू कक्ष,कोल्ड चेन कक्ष,औषधि कक्ष,बीपीएमयू कक्ष,कार्यालय तथा इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोल्ड चेन में हरिवंश गुप्ता से टीकों के रखरखाव की जानकारी लिये तो वहीं औषधि कक्ष में वशीर अहमद फार्मासिस्ट से दवा स्टॉक रजिस्टर की जानकारी प्राप्त किये एवं स्टोर में दवाओं के रखरखाव को देखकर प्रसन्नता व्यक्त किये। ततपश्चात बीपीएमयू कक्ष में पहुँचकर बीपीएम अनिता यादव,बैम राकेश पांडेय एवं बीसीपीएम प्रकाश से भुगतान आदि से सम्बंधित जानकारी प्राप्त किये। इसके अलावा उनके द्वारा प्रसव रजिस्टर,ईटीसी वार्ड एवं क्षयरोग के बारे में भी जानकारी प्राप्त किये। अधिकारी द्वय द्वारा अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुवेर्दी को यहाँ की व्यवस्था से सन्तुष्ट होकर प्रसन्नता व्यक्त किये तथा इसमें और अधिक सुधार करने को निर्देशित भी किया गया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी अपने ड्रेस कोड एवं परिचय पत्र में ही ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ गौतम जी गौरव,वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार सिंह,वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर में दस हजार से अधिक गरीब बेटियों के हाथ पीले कर चुकी है योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । योगी सरकार में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की गरीब बेटियों की शादी की चिंता दूर हो गई है। इस चिंता को दूर करने का जरिया बनी है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस योजना के तहत अकेले गोरखपुर में सरकार दस हजार से अधिक (10287) गरीब बेटियों के हाथ पीले करा चुकी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मांगलिक आयोजन मंगलवार को एक बार फिर होने जा रहा है जिसमें करीब 1200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। यह आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बेहद खास बन जाएगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को खाद कारखाना परिसर में करीब 1200 ऐसी गरीब बेटियों की शादी अविस्मरणीय बनने जा रही है जिनके परिवार के लिए शादी के संसाधन जुटाना काफी मुश्किल था। यह आयोजन इसलिए अविस्मरणीय होगा कि सामूहिक विवाह के भव्य समारोह में आशीर्वाद देने के लिए सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा सम्बल है। नई व्यवस्था के तहत अब मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़ा 51 हजार की बजाय एक लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें 60 हजार रुपये की धनराशि कन्या के बैंक खाते में अंतरित की जाएगी। पूर्व में यह रकम 35 हजार रुपये निर्धारित थी। अब उपहार सामग्री पर 10 हजार की जगह 25 हजार रुपये और भोज व अन्य व्यवस्थागत मद में 6 हजार की बजाय 15 हजार रुपये खर्च होंगे। उपहार में वधू के लिए विवाह हेतु कढ़ाई की साड़ी, चुनरी, डेली यूज की साड़ी, वर हेतु कुर्ता पायजामा, पगड़ी तथा माला, मुस्लिम विवाह के लिए वधू को कढ़ाई वाला सूट, चुनरी, सूट का कपड़ा, वर हेतु कुर्ता, पायजामा आदि दिया जाता है। आभूषण में चांदी की पायल, बिछुआ भी प्रदान किया जाता है। गृहस्थी के समान में कुकर, जग या लोटा, थाली, गिलास, कटोरा व चम्मच, बक्सा तथा प्रसाधन सामग्री से भरी श्रृंगारदानी दी जाती है।जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह से मिली जानकारी के अनुसार 27 मई, मंगलवार को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कराने के बाद करीब 1200 पात्र आवेदकों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

# नगर पालिका का नोटिस हवा-हवाई,तीन दिन की नोटिस बीत गए उन्नीस दिन, नहीं शुरू हुआ कार्य

## उन्नीस दिन बीत जाने के बाद भी महिला अस्पता ल के सामने नहीं शुरू हुआ दोनों पटरियों पर खड़ं जा लगाने का काय

## सड़क के दोनों तरफ गड्ढे गिरकर चोटिल हो रहे हैं महिलाएं और बच्चे.. फिर भी जिम्मेदार बेखबर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के नगर पालिका परिषद क्षेत्र के गुरु ना नक चौराहे से लेकर गुड्डू मल चौराहे तक नो बेंडिंग जोन को राजधानी लखनऊ के हजरतगंज के तर्ज पर गोंडा नगर पालिका शहर को सुन्दर बनाने के लिए दोनों पटरियों पर सौन्दर्य करण करने के लिए गोंडा नगर पालिका परिषद में एक निविदा आमं त्रित की थी उसी निविदा के आधार पर कार्य दायी संस्था मेसर्स शशि इंडस्ट्रीज को इसका टेंडर दिया गया था जो कि एक करोड़ तीस लाख रूपये की लागत सड़क के दोनों पटरिओ पर कार्य करना सु निश्चित हुआ था।

नगर पालिका परिषद ने कार्य दा यी संस्था को पटेल नगर से गुड्डूमल चौराहे पर स्थि त डॉक्टर लेलें क्लिनिक लेले क्लीनिक से गुरूना नक चौक तक सड़क के दोनों पटरियों पर सौन्दर्य कारण कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश थे। का र्यदायी संस्था के द्वारा सड़क के दोनों पटरियों पर खुदाई करवा कर छोड़ दिया गया।बताते हैं सड़क के दोनों पटरियो पर इंटरलॉकिंग की ईट को निका ल कर गड्ढा खुदा होने के कारण महिला अस्पताल के पास कई लोग गिर कर चोटहिल हो गये है तथा लोगों का मानना है कि अगर यही हाल रहा तो ब ड़ी घटना भी घटित हो सकती है।

इस संबंध में ज ब गोंडा नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिका री संजय मिश्रा से जब बात की गई तो उन्होंने बता या की कार्यदायी संस्था मेसर्स शशि इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर शशिबाला श्रीवास्तव को आठ मई को पत्र लिखा गया है।पत्र में लिखा है कि कार्यालय जिलाधिकारी गोण्डा के पत्रांक सं.1140 के सम्ब न्ध में आपको अवगत कराना है कि कार्य सं.एक मो.पटेलनगर में गुडुमल चौराहा पर स्थित डॉक्टरलेले क्लीनिक से गुरुनानक चौक तक सड़क कि दोनों पटरी पर सौन्दगौकरण कार्य अबरूम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई है।जिसका कार्यदेश अप्रैल 2025 को आ प द्वारा प्राप्त किया गया है।निविदा में दी गयी अव धि के अनुसार उक्त कार्य तीन माह में पूर्ण किया जाना था।परन्तु आप द्वारा कार्य प्रारम्भ करने के बाद उक्त कार्य को बीच में ही रोक दिया गया है। जिससे महिला अस्पताल में पहुंचने वाली महिलाएं,जनता व दुकानदारों को काफी दिकतों का सामना करना पड़ रहा है और वर्षा ऋतु भी आने वाला है। परन्तु कई बार निर्देश देने के बाद भी आप द्वारा कार्य में रुचि नही लिया जा रहा है व अत्यन्त शिथि लता बरती जा रही है।जबकि यह कार्य जिलाधि कारी के द्वारा प्राथमिकता पर लिया गया है।

आप को सूचित किया जाता है कि सूचना प्राप्त होने के तीन दिवस के अन्दर उपरोक्त निर्माण कार्य प्रारम्भ कराकर विभाग को सूचित करे अन्यथा की दशा में आपके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। लेकिन सवाल या उठना लाजमी हैं कि आठ मई को पत्र जारी हुआ था कि तीन माह में कार्य को पू र्ण करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन कार्य को बीच में ही छोड़ दिया गया हैं।जबकि पत्र जारी के से लगभग उन्नीस दिन बीत गए है।लेकिन कार्य दा ई संस्था को न जिलाधिकारी के नाराजगी का भय है और न ही नगर पालिका के द्वारा जारी की गई नोटिस का सड़क की पटरी को कार्यदाई संस्था ने खोद कर छोड़ दिया जिसमें लोग गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं और अधिकारी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

# छात्र-छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के क्रम में शिक्षा के साथ स्वास्थ्य व रोजगार परक जानकारी उपलब्ध करा रहे शिक्षक

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है शिक्षक व विद्यालय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन में प्रदेश के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के दौरान दिनांक 21मई से 10 जून 2025 तक विद्यार्थियों में नई-नई खोज,खेल-खेल में सीखना,सामाजिक/सांस्कृतिक मूल्यों को समग्र रूप से विकसित करने और रचनात्मक सोच विकसित करने हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जनपद बहराइच के विकासखंड बलहा में स्थित राजकीय हाईस्कूल राजापुर कला में भी समर कैंप का आयोजन प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर कुमार पोद्दार की देखरेख में किया जा रहा है। दिनांक 21मई से प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक आयोजित कैंप में छात्र एवं छात्राएं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से खूब मस्ती कर रहे हैं और शिविर का आनंद उठा रहे हैं।**प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर पोद्दार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है। इसमें बच्चों को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है,जिससे उनकी छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आ रही है।प्रतिदिन शिविर का प्रारंभ मां वाणी की वंदना एवं योग तथा व्यायाम से होता है।अभी तक छात्र/छात्राओं ने लेखन,रस्साकसी,म्यूजिकल चेयर, रस्सीकूद, खो-खो व फुटबाल में प्रतिभाग किया। इसी के साथ-साथ रंगोली और मिट्टी कला आदि कार्यक्रमों में उनकी सृजनात्मक देखते ही बन रही थी ।अन्य कार्यक्रमों में कैरियर गाइडेंस की विभिन्न गतिविधियां की जानकारी,आकस्मिक उपचार,सी.पी.आर. और बेसिक लाइफ सपोर्ट के विषय में अवगत कराने तथा कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी प्रदान की गई ।प्रधानाचार्य श्री पोद्दार के निर्देशन के साथ-साथ श्री वीरेंद्र वर्मा सहायक अध्यापक द्वारा इन कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को संचालित कराया जा रहा है । छात्र/छात्राओं में मुख्य रूप से सलामुद्दीन,सुधीर कुमार,दिलीप कुमार,खुशीराम,काजल,रितु मिश्रा,शहनाज इंदू,करिश्मा और शिवानी आदि ने बढ़ चढ़कर कैंप को सफल बनाने में अपना योगदान दे रही है। कैंप में प्रतिदिन छात्र/छात्राओं को सूक्ष्म जलपान के रूप में बिस्कुट,नमकीन और फलों का वितरण किया जा रहा है।

## राजकीय आईटीआई में 31 मई को आयोजित होगा अप्रेन्टिशिप मेला

बहराइच । व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग उ.प्र. के अन्तर्गत संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में 31 मई 2025 को अप्रेन्टिशिप मेला प्रस्तावित है। जिसमें जनपद के सरकारी एवं गैर सरकारी विभागो व अधिष्ठान प्रतिभाग करेगें। मेले के माध्यम से विभिन्न विभागों एवं अधिष्ठानों द्वारा आई.टी.आई. पास प्रशिक्षार्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से अप्रेन्टिशिप प्रशिक्षण के लिए किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच की प्रधानाचार्या स्मृति शर्माने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति साथ उपस्थित होकर अप्रेन्टिशिप मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# प्रभारी मंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।बेसिक शिक्षा विभाग में चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं का लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर शुभारंभ किया।गांधी प्रेक्षागृह के सभागार में एलईडी के माध्यम से शिक्षकों,ग्रामीण जनसमुदाय को संजीव लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाइव प्रसारण के माध्यम से कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा की व्यवस्था वेपटरी पर थी। स्कूलों की दशा देखी नहीं जाती थी।भाजपा की सरकार बनने के बाद परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प योजना को चलाकर स्कूलों की सूरत को संभाला गया। मौजूदा समय में बेसिक शिक्षा के स्कूल कान्वेंट स्कूल से कम नहीं दिखाई देते हैं। मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क ,सहकारिता के साथ ही लाइन ऑर्डर की व्यवस्था भी बेहतर हुई है। रानी अहिल्याबाई होलकर के तीन सौ वें जन्म दिवस समारोह के अवसर पर जिले




के प्रभारी मंत्री ने कहा अहिल्याबाई होलकर ने समाज की बेहतरी के लिए कार्य किए थे। उनके द्वारा किए गए कार्य भी आज उनके नाम की पहचान बन गए हैं। उन्होंने देशभर में मंदिरों, कुओं, धर्मशालाओं और घाटों का निर्माण करावाया जिनमें काशी गया, सोमनाथ,द्वारका, रामेंश्वरम जैसे तीर्थस्थल है।

अहिल्याबाई होलकर महिला सशक्तिकरण की मूर्तिमान प्रेरणा थीं। उन्होंने महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने के उद्देश्य से नारी शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने विधवा महिलाओं को यह अधिकार दिया कि पति द्वारा छोडी गई सम्पत्ति की उत्तराधिकारी होगी एवं अपनी इच्छानुसार उसका उपयोग भी कर सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज की भलाई के लिए बहुत कार्य किये गए। इस दौरान पांच निपुण विद्यालय,पांच स्मार्ट क्लास वाले विद्यालय,पांच आईसीटी लैब स्कूल ,दो डिजिटल लाइब्रेरी स्कूल के शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर प्रभारी मंत्री, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने सम्मानित किया।समारोह को संबोधित करते हुए डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा की मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन सभी करें। शिक्षा की बेहतरी के लिए सभी लोग अपने दायित्वों का निर्वहन करें।भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार हुए हैं। गांव गांव स्कूल खोलकर शिक्षा दी जा रह रही है।भाजपा जिला अध्यक्ष ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा हर क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं।इस मौके भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार,ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा,जिला पंचायत सदस्य रेनू राज,खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह,जिला समन्वयक राकेश पटेल, मनीष श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, सचिन कुमार, प्रशांत गंगवार, सय्यदा, शबाना वी, डॉली यादव,अवंती गंगवार सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे है।

# जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गम्भीरता से लेकर निस्तारण करें अधिकारी : किशोरी लाल शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक आज विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद किशोरी लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाये गये मुद्दे सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समझ प्रस्तुत किया जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन योजना (शहरी/ग्रामीण), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना परंपरागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी



पढ़ाओ, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सांसद ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उनमें गांव-गांव कैंप लगाकर पात्र लोगों को लाभान्वित करें तथा उन कैंपों के बारे में जनप्रतिनिधियों को भी सूचित करें जिससे जनप्रतिनिधिगण वहां पर उपस्थित हो सके इसके अतिरिक्त जो निर्माण से संबंधित योजनाएं हैं उसमें जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त करें तथा उसी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं, सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद बनाये रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिये गये हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उन्हें अपना कर्तव्य समझकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें।

## बारिश से पहले नगर पालिका ने कसी कमर जिला सूचना कार्यालय के पास स्थित नाले की सफाई शुरू



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका परिषद ने तैयारी शुरू कर दी है।नाले और नालियों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बरसात के मौसम में शहर में जगह-जगह जल भराव की गंभीर समस्या सामने आती है।इसको देखते हुए नगर पालिका परिषद ने इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है।बरसात से पहले शहर के प्रमुख नाले और नालियों तली झाड़ सफाई का कारण तेजी से किया जा रहा है। शनिवार को जिला सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय टनकपुर रोड पर स्थित नाले सफाई की गई है। ताकि बारिश के समय पानी की निकासी में कोई बाधा ना आए जिससे लोगों को जल भराव की समस्या से जूझने पड़े। नगर पालिका द्वारा शहर में इन दिनों कई जगह पर नाले और नालियों की सफाई की जा रही है।जिससे की बारिश के मौसम में जल भराव की समस्या उत्पन्न ना हो इसलिए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देश दे दिए हैं। कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एलआईसी चौराहे के पास में ट्रक की टक्कर से धार्मिक स्थल हुआ क्षतिग्रस्त

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एलआईसी चौराहे के पास में स्थित गौ घाट मंदिर को सोमवार सुबह लगभग 7:15 पर ट्रक मोड़ने के दौरान ट्रक का पिछला हिस्सा मंदिर से टकरा गया। जिससे मंदिर काफी क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान ई रिक्शा चालक ने ट्रक चालक को रोकने का प्रयास किया तो उसने ई रिक्शा को भी टक्कर मारने का प्रयास कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी लगने पर हिंदू समुदाय के लोग धार्मिक स्थल पर पहुंचे और धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त करने को लेकर रोष व्यक्त कर ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## धनाराघट शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से आवागमन प्रभावित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के धनाराघट पेंटून से नदी पार कर लोग हजारा थाना क्षेत्र के गांवों में जाते हैं और पुल बंद होने से लोगों को भीरा पलिया मैलानी से लंबी दूरी तय कर पूरनपुर व पीलीभीत आना पड़ता है। रविवार सोमवार की मध्यरात्रि बारिश होने की बजह से पुल के पास रास्ता खराब हो गया। जिसकी वजह से वाहन फंस जा रहे हैं। इसी समस्या को लेकर पुल मुंशी बबलू मांझी ने सोमवार दो बजे जानकारी देते हुए बताया कि बारिश होने के बाद नदी का जलस्तर बढ गया और हजारा नाले से पानी चल रहा है इसलिए असुविधा से बचने के लिए अगली सूचना तक इस रास्ते पर न आए।

## आंगनबाड़ी केन्द्र ग्रीष्मकाल के कारण पन्द्रह जून तक बंद रहेंगे

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपद में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शैक्षिक सत्रों में ग्रीष्मकालीन के दृष्टिगत आगामी पन्द्रह जून तक अवकाश घोषित किया है। उक्त अवकाश अवधि में जनपद के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे तथा अवकाश अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन कराते हुये समस्त शासकीय कार्यों का निष्पादन पूर्व की भांति किया जायेगा।

## पठान समाज के उत्थान हेतु 'अखिल भारतीय पठान महासंघ' का गठन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पठान समाज को संगठित कर उसके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से रविवार को शहर के मोहल्ला भूरे खां में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अखिल भारतीय पठान महासंघ के गठन की घोषणा की गई।बैठक की अध्यक्षता मुनज़फ्फर हुसैन खां ने की। बैठक में सर्वसम्मति से शहाब अहमद खां को महासंघ का अध्यक्ष चुना गया, जबकि एडवोकेट आमिर खां को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा मोहम्मद असद खां को कोषाध्यक्ष, दानिश खां एडवोकेट को विधि सलाहकार तथा मुनज़फ्फर हुसैन खां को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी जून माह से महासंघ की सदस्यता अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पठान परिवार से एक सदस्य को संगठन से जोड़ा जाएगा।महासंघ की कार्यकारिणी में मोहम्मद इसरार खां, शम्स तबरेज खां, सरताज वली खां, फुरकान सुलतान खां को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह संगठन सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, युवा मार्गदर्शन तथा आपसी एकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगा।इस अवसर पर पठान समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें जाकिर खां, शहाब खां, अकमल खां, फैसल खां प्रमुख थे।

## संदिग्धावस्था में आम के पेड़ के फंदे से मिली लटकती लाश

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। धनपतगंज थानांतर्गत उपधाने का पुरवा खारा में एक युवक का दरवाजे के सामने आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता शव मिलने पर गांव में मचा हड़कंप। सूचना पर पहूंची थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की छानबीन में जुटी है। घटना सोमवार को भोर की है गांव निवासी चिंतामणि उपाध्याय का परिवार सुबह सोकर उठा तो दरवाजे के सामने एक आम के पेड़ में फंदे से लटकता परिवार के ही नवयुवक शक्तिधर उपाध्याय (४०वर्ष)/व चिंतामणि उपाध्याय का शव देख सकते में आ गया। खबर आग की तरह फैली देखते ही देखते बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गयी। घटना से परिवार व गांव में कोहराम मच गया। परिवारीजनों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बाबत थाना प्रभारी कोतवाल प्रवीण यादव ने बताया मामला प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या का है। फिलहाल घटना के हर पहलू पर गहनतम जांच की जा रही है।

## उ.प्र ग्रामीण बैंक शाखा बल्दीराय में दलालों का बोलबाला

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील मुख्यालय स्थित ग्रामीण बैंक शाखा बल्दीराय में ग्राहकों को बिना दलाल से मिले कोई कार्य नही होता है। ग्रामीण बैंक के एक उपभोक्ता ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देख निष्पक्ष जांच एवम कार्यवाई की मांग की है। बल्दीराय बाजार स्थित ग्रामीण बैंक दलालों के घुसपैठ के चलते भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। बैंक संबंधी किसी कार्य को तभी कराया जा सकता है जब उपभोक्ता बैंक के दलाल ओंकार तिवारी से मिल लेता है। यानी कि बिना घूस के कोई कार्य सम्भव नही है। बैंक के मैनेजर के संरक्षण में पाले गए दलाल की धौस भी ग्राहकों को सुननी पड़ती है। बैंक मैनेजर के संलिप्तता से ग्रामीण बैंक बल्दीराय भ्रष्टाचार का यह खेल बड़ी तेजी से फैल रहा है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढ़ाया : सतीश चंद्र शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम मानते हुये बेसिक शिक्षा को भविष्य की ठोस बुनियाद बनाने के लिए सतत प्रयास किया जा रहे हैं इसी क्रम में आज सोमवार को लोकभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास लोकार्पण तथा शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रभारी मंत्री जी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से लगाये गये स्टालों का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया जिसमें ईको क्लब, लर्निंग बाय डूइंग, क्यूरियोसिटी बॉक्स एवं समेकित शिक्षा प्रमुख रहे। प्रभारी मंत्री द्वारा पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डे न को टैबलेट एवं निपुण विद्यालय, स्मार्ट क्लास संचालन तथा समर कैंप




संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच पांच विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा ही नहीं माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य किये हैं अब सभी जगह विद्यालय की बिल्डिंग और सभी विद्यालयों में शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शिक्षा के स्तर को ऊपर बढ़ाया है बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया है इसी का परिणाम है कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में छात्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है यदि वर्ष 2017 से पहले का और अब की संख्या की तुलना की जाय तो बहुत बड़ा अंतर आयेगा। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प कर अच्छे भवन, बेहतर फर्नीचर व मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया है। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में अभूतपूर्व कार्य हुये हैं शिक्षक भर्ती से लेकर कायाकल्प योजना में विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण का कार्य हुआ है जिसके कारण बच्चे विभिन्न विधाओं में निपुण हो रहे हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि आज मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद अमेठी में प्रथम चरण के तीस हजार बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ रुपये की धनराशि भेजी गई है इसके साथ ही यूपीएस भेटुआ में पच्चीस करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय तथा कम्पोजिट विद्यालय धनीजलालपुर में 1.48 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का निर्माण कराया जाये गा। जिसका आज मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया।

# राहुल भारत को विदेश में बदनाम करते है : ओमप्रकाश राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। पंचायतीराज विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर का आज जिले में आगमन हुआ। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के दोस्तपुर स्थित टोल प्लाज़ा पर मंत्री का स्वागत अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायण, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल और जिला पंचायत के राजस्व निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह ने भव्य रूप से किया। मंत्री राजभर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया और ज़मीनी स्तर पर कार्यों को और गति देने के निर्देश दिए। दौरे पर आए कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा जो कार्यकर्ता एमएलए या एमपी का चुनाव नहीं लड़ सकता, वो पंचायत का चुनाव लड़ता है। राहुल गांधी पर बोले- वे जब भी विदेश जाते हैं, भारत को बदनाम करते हैं। वहीं अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि अब अखिलेश के पास कोई ठोस जिम्मेदारी नहीं बची है, वे केवल विरोध



की राजनीति में लगे रहते हैं। ओपी राजभर अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने सुलतानपुर पहुंचे थे। कलेक्ट्रेट परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी कुमार हर्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। ओपी राजभर ने जाते समय मीडिया से बातचीत की। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव, राहुल गांधी, अखिलेश यादव और प्राथमिक शिक्षा पर बात की। ओपी राजभर ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी गठबंधन की राजनीति से दूरी बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि समझौते में लड़ने पर कम सीटें मिलती हैं, जिससे छोटे नेताओं को मौका नहीं मिल पाता।

# मीनू शर्मा बनीं नगर अध्यक्ष समर्थकों में जबरदस्त उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर क्षेत्र की रहने वालीं मीनू शर्मा को समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष आशा वर्मा ने समाजवादी पार्टी में नगर अध्यक्ष महिला सभा पद से नवाजा है। मीनू शर्मा शुरू से ही समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती चली आ रहे हैं विधानसभा चुनाव ,लोकसभा चुनाव या पंचायत चुनाव सभी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का कार्य मीनू शर्मा लगातार करती चली आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी में उनकी निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में किए गए कार्यों से प्रसन्न होकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देशन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी महिला सभा ने उनको समाजवादी



पार्टी में नगर अध्यक्ष पूरनपुर जनपद पीलीभीत नियुक्त किया है। जैसे ही यह खबर उनके समर्थकों और पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को हुई तो सभी ने सोशल मीडिया के माध्यम से और उनके आवास पर जाकर मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी उनके समर्थन में एक दूसरे को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं संदेश भेजे हैं।इस मौके पर सोनी विश्वकर्मा,मीणा भारद्वाज,जसमीत कौर,रीना सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी से भेंट कर की जिले के विकास पर की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने आज मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल के साथ नवागत जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका जिले में स्वागत किया। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने डी एम को साल ओढाकर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने उनको श्री राम दरबार का चित्र भेंट के उनका अभिनंदन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी को जनपद की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया जिसमें पूरनपुर और पीलीभीत के मध्य हरदोई ब्रांच नहर का पुल शीघ्र पूरा करवाने, पूरनपुर के हजारा क्षेत्र में शारदा नदी पर पुल का निर्माण, मझोला अमरिया के मध्य दियूनीडाम पुल का निर्माण, मझोला - अमरिया राज्य राजमार्ग का प्रस्ताव समेत कई विकास के मुद्दों पर वार्ता हुई। युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल



अग्रवाल ने जिलाधिकारी से भरा पचपेड़ा स्थित औद्योगिक आस्थान में सिर्फ फूड इंडस्ट्रीज के स्थान पर अन्य इंडस्ट्रीज के लिए भी आवंटन की संभावना तलाशने हेतु आग्रह किया। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने वहां फार्मा पार्क के स्थापना की संभावना पर चर्चा की तथा उत्तर प्रदेश सरकार की हाल ही में आई प्रत्येक विधानसभा में बनने वाले स्टेडियम की योजना के अंतर्गत पीलीभीत विधानसभा में मझोला नगर में स्टेडियम के निर्माण के उपयुक्तता पर जानकारी दी और बताया कि मझोला नगर शुरू से ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश को देने के लिए प्रसिद्ध था है। हॉकी में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह, पावर लिफ्टिंग के राष्ट्रीय चैंपियन कुलवंत सिंह, एशियाई चैंपियन सैम राणा जैसे अनेकों रत्न मझोला से ही निकले हैं अतः यहां स्टेडियम बनने से क्षेत्र में प्रचुर संख्या में मौजूद खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा अवसर मिलेगा और पीलीभीत जिले का नाम फिर से देश और विदेश में रौशन होगा। युवा व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने जिलाधिकारी से निष्प्रयोज्य पड़ी मझोला चीनी मिल की सौ एकड़ भूमि के कैंपस में एथेनॉल और पावर प्रॉडक्शन प्लांट की स्थापना कर किसानों के लाभ और क्षेत्र की औद्योगिक उन्नति हेतु चर्चा की। जिलाधिकारी ने सभी प्रस्तावों को गहनता से समझा और उन पर ठोस रणनीति बनाने की बात कही।

# पति के दीर्घायु की कामना कर महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## सिंहपुर में वट सावित्री पूजा के दौरान नव विवाहित महिलाओं ने मोबाइल से ली सेल्फी

अमेठी । ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले सारे व्रतों में वट सावित्री व्रत को बहुत प्रभावी माना जाता है जिसमें सौभाग्यवती महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि की कामना कर वट वृक्ष की पूजा किया।शास्त्रों के अनुसार वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था।दूसरी कथा के अनुसार मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट वृक्ष के पत्ते में पैर का अंगूठा चूसते हुये बाल मुकुंद के दर्शन हुये थे तभी से वट वृक्ष की पूजा की जाती है।वट वृक्ष की पूजा से घर में सुख शांति,धनलक्ष्मी का भी वास होता है। वट सावित्री का व्रत विवाहित महिलाओं द्वारा पति की दीर्घायु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिये रखा जाता है यह व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं वट (बरगद) वृक्ष की पूजा करती हैं और सावित्री सत्यवान की कथा सुनती हैं जिसमें पतिव्रता सावित्री के अपने मृत पति



को यमराज से वापस लाने की कहानी होती है।इस दौरान महिलाएं सम्पूर्ण विधि विधान से बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर यह व्रत करती हैं।इस व्रत से पति की आयु बढ़ती है और उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है इसके अलावा वट सावित्री व्रत करने से वैवाहिक जीवन में सुख शांति बनी रहती है। महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे सावित्री सत्यवान की कथा सुनते हुये वृक्ष को जल, फूल, मौली, धूप दीप और मिठाई अर्पित कर वट वृक्ष के चारों ओर धागा लपेटकर परिक्रमा कर मनोकामना मांगी इसके अलावा गरीबों को भोजन, वस्त्र एवं दक्षिणा दान किया।सावित्री और सत्यवान की कथा महाभारत के वनपर्व में मिलती है जिसमें युधिष्ठिर मार्कंडेय ऋषि से पूछते है कि क्या द्रोपदी के समान पतिव्रता नारी कोई हुई है ? तब मार्कंडेय ऋषि युधिष्ठिर को यह कथा सुनाते हुये कहा कि प्राचीन समय की बात है। दक्षिण में अश्वपति नाम का एक राजा राज्य करता था । राजा अश्वपति बहुत ही वीर, प्रतापी, धर्मात्मा और प्रजापालक था लेकिन उसके कोई संतान नहीं थी।ज्योतिषियों का कहना था कि उनके भाग्य में संतान का कोई योग नहीं है लेकिन साथ ही उपचार भी बताया कि यदि वह देवी सावित्री की पूजा करे तो उनकी कृपा से उन्हें संतान की प्राप्ति हो सकती है।राजा अश्वपति ने अठारह वर्ष तक कठोर तपस्या की जिससे उन्हें एक कन्या की प्राप्ति हुई क्योंकि सावित्री देवी की कृपा से प्राप्त हुई थी अतः उन्होंने उसका नाम भी सावित्री ही रख दिया।सावित्री सुंदर और अद्वितीय गुणों से सम्पन्न थी। तहसील तिलोई क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा के दौरान नवविवाहित महिलाओं ने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर तस्वीरों को साझा किया।

## पुलिस ने स्मृति ईरानी के आगमन पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट

अमेठी । पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी पहुंचने से पूर्व युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शुभम सिंह को पुलिस प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया है। पुलिस की इस कार्यशैली से कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर की है। युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी को इस बात का डर सता रहा है कि कहीं कांग्रेस पार्टी द्वारा हमारे नेता का विरोध ना कर दिया जाय क्योंकि विगत दिनों रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के अमेठी दौरे से पूर्व जगह जगह पोस्टर लगाकर और मुंशीगंज में भाजपाइयों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुये राहुल गांधी वापस जाओ और राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुये पुतला फूंका गया था। कांग्रेसियों द्वारा उसी का जवाब ना दिया जाय शायद इसीलिये युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह को सुबह से ही हाउस अरेस्ट किया गया है।

# बहुभाषी शिक्षा को मिले बढ़ावा

केंद्र सरकार ने देश की भाषायी विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल के तहत गर्मी की छुट्टियों में देशभर के सभी 14.5 लाख स्कूलों में 'भारतीय भाषा समर कैंप 2025' का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में बच्चों को खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक या अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान दिया जाएगा। यह समर कैंप एक सप्ताह का होगा, जिसमें बच्चों को भारतीय भाषाओं से जोड़ने के लिए प्रतिदिन चार घंटे की गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे कुल 48 घंटे का प्रशिक्षण होगा। कैंप के अंत में बच्चों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। केंद्र सरकार के इस 'भारतीय भाषा समर कैंप का लाभ 25 करोड़ से अधिक बच्चे उठा सकेंगे। आज के समय में रोजगार या बेहतर जीवन यापन के लिए लोगों को एक राज्य से दूसरे राज्य में जाना पड़ता है। बैंक कर्मचारियों, केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों और आइटी क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को अक्सर महाराष्ट्र, बेंगलुरु, हैदराबाद, तमिलनाडु या अन्य राज्यों में नौकरी के सिलसिले में जाना पड़ता है। ऐसे में उन्हें स्थानीय भाषा और संस्कृति की भिन्नता के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संवाद की कमी के कारण विवाद भी उत्पन्न होते हैं। हाल में कर्नाटक और महाराष्ट्र में ऐसे कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें स्थानीय भाषा मराठी और कन्नड़ में बात करने पर जोर दिया गया है। मातृभाषा का सम्मान करना आवश्यक है, लेकिन बाहरी व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार करना उचित नहीं है। भारत एक विविधता से भरा देश है, जहां विभिन्न संस्कृतियां, धर्म और भाषाएं मिलती हैं। सभी भाषाओं का समान महत्व है, और लोगों को एक से अधिक भारतीय भाषाएं सीखनी चाहिए। इससे उन्हें किसी अन्य राज्य में जाने पर भाषा संबंधी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा । बहुभाषी लोग विभिन्न संस्कृतियों के साथ संवाद कर सकते हैं। और एक-दूसरे के विचारों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। एक शोध के अनुसार, एक से अधिक भाषाएं सीखने से मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। बहुभाषी शिक्षा विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच आपसी समझ और सम्मान को बढ़ावा देती है, जिससे भारत में सामाजिक एकता और सद्भाव को भी बढ़ावा मिलेगा। यह भारत की भाषायी विविधता और विरासत को संरक्षित करने में मदद करेगी। अभी भी बड़ी संख्या में लोग बहुभाषी शिक्षा के लाभ से अनजान हैं। अंग्रेजी के साथ भारतीय भाषाओं को भी महत्व देना चाहिए। हालांकि बहुभाषी शिक्षा को केवल स्कूली शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक विस्तारित किया जाना चाहिए।

> बच्चों को खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी मातृभाषा के साथ-साथ एक या अधिक भारतीय भाषाओं का ज्ञान दिया जाएगा। यह समर कैंप एक सप्ताह का होगा, जिसमें बच्चों को भारतीय भाषाओं से जोड़ने के लिए प्रतिदिन चार घंटे की गतिविधियां संचालित की जाएंगी, जिससे कुल 48 घंटे का प्रशिक्षण होगा। कैंप के अंत में बच्चों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

# मुर्शिदाबाद हिंसा पर फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से साफ- हिन्दू निशाने पर

> रिपोर्ट ने ममता बनर्जी के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए बाहरी तत्व जिम्मेदार हैं। सच्चाई निकलकर सामने आई है कि इस दंगे को हिंदुओं की संख्या में कमी लाने के लिए अंजाम दिया गया था, ताकि बड़ी संख्या में यहां से शेष बचे हिन्दुओं का पलायन हो सके। इसके साथ ही कलकत्ता उच्च न्यायालय की तरफ से गठित फैक्ट फाइंडिंग टीम जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक सदस्य और न्यायिक सेवाओं के अधिकारी शामिल रहे, अपनी रिपोर्ट में यह भी बताते हैं कि जब हिंदुओं और उनके घरों को उपद्रवी (इस्लामिक हिंसक) निशाना बना रहे थे, तब ममता बनर्जी की पुलिस मूकदर्शक बनकर यह सब दृश्य देख रही थी। यदि पुलिस ने तत्काल ही सख्त कदम उठाए होते तो मुर्शिदाबाद में घटा, वह नहीं हो पाता । हिन्दू समाज को बड़ी संख्या में वहां से पलायन के लिए मजबूर भी नहीं होना पड़ता। वस्तुतः इस रिपोर्ट में स्थानीय नेताओं और पुलिस की भूमिका पर आज गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा गया है कि उपद्रवियों ने अपने चेहरे ढंक कर रखे थे, ताकि कोई उन्हें पहचान नहीं पाए। यहां स्थिति यह रही है कि बेटबोना गांव में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 113 घरों को आग लगा दी थी, जिसमें कि उनका सब कुछ जल गया। निकृष्टता की हद यह है कि पानी की आपूर्ति रोक दी गई ताकि वे आग न बुझा सकें। ये हिंसक उपद्रवी यही नहीं रुके, इन्होंने योजना से मंदिरों को भी निशाना बनाया । इसमें बताया गया है कि प्रशासन की तरफ से हिंसाग्रस्त इलाकों में किसी भी व्यक्ति की मदद नहीं की गई और न ही इस हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। जिस तरह से हिंसा हुई , उससे यह साफ है कि यह सुनियोजित थी और जिसे पूरे व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। यहां जिस पर आरोप लगा है वह नगर पालिका का पूर्व अध्यक्ष, पार्षद मेहबूब आलम है जिसने कि 11 अप्रैल 2025 को धुलियान में हिंसा करवाई।

बांग्लादेश से सटे मुर्शिदाबाद और वहां पर बांग्लादेशियों की प्रचुर जनसंख्या के बीच बार-बार हिन्दुओं को निशाना बनाने का पैटर्न ठीक वैसा ही है जैसा कि बांग्लादेश में गैर मुसलमानों (हिन्दुओं) के साथ किया जाता है। फैक्ट फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट आते ही यह साफ हो गया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम की आड़ में मुर्शिदाबाद हिंसा सुनियोजित थी और पशचिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का प्रशासन हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए जरा भी गंभीर नहीं है। इस टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और पीड़ितों से बात करने के बाद पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, जबकि 17 अप्रैल को, उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा से विस्थापित हुए लोगों की पहचान और पुनर्वास के लिए उक्त समिति के गठन का आदेश दिया था। इस रिपोर्ट ने ममता बनर्जी के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए बाहरी तत्व जिम्मेदार हैं। सच्चाई निकलकर सामने आई है कि इस दंगे को हिंदुओं की संख्या में कमी लाने के लिए अंजाम दिया गया था, ताकि बड़ी संख्या में यहां से शेष बचे हिन्दुओं का पलायन हो सके। इसके साथ ही कलकत्ता उच्च न्यायालय की तरफ से गठित फैक्ट फाइंडिंग टीम जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक सदस्य और न्यायिक सेवाओं के अधिकारी शामिल रहे, अपनी रिपोर्ट में यह भी बताते हैं कि जब हिंदुओं और उनके घरों को उपद्रवी (इस्लामिक हिंसक) निशाना बना रहे थे, तब ममता बनर्जी की पुलिस मूकदर्शक बनकर यह सब दृश्य देख रही थी। यदि पुलिस ने तत्काल ही सख्त कदम उठाए होते तो मुर्शिदाबाद में घटा, वह नहीं हो पाता । हिन्दू समाज को बड़ी संख्या में वहां से पलायन के लिए मजबूर भी नहीं होना पड़ता। वस्तुतः इस रिपोर्ट में स्थानीय नेताओं और पुलिस की भूमिका पर आज गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा गया है कि उपद्रवियों ने अपने चेहरे ढंक कर रखे थे, ताकि कोई उन्हें पहचान नहीं पाए। यहां स्थिति यह रही है कि बेटबोना गांव में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए 113 घरों को आग लगा दी थी, जिसमें कि उनका सब कुछ जल गया। निकृष्टता की हद यह है कि पानी की आपूर्ति रोक दी गई ताकि वे आग न बुझा सकें। ये हिंसक उपद्रवी यही नहीं रुके, इन्होंने योजना से मंदिरों को भी निशाना बनाया । इसमें बताया गया है कि प्रशासन की तरफ से हिंसाग्रस्त इलाकों में किसी भी व्यक्ति की मदद नहीं की गई और न ही इस हिंसा में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। जिस तरह से हिंसा हुई , उससे यह साफ है कि यह सुनियोजित थी और जिसे पूरे व्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया गया। यहां जिस पर आरोप लगा है वह नगर पालिका का पूर्व अध्यक्ष, पार्षद मेहबूब आलम है जिसने कि 11 अप्रैल 2025 को धुलियान में हिंसा करवाई। हिंसा में टीएमसी नेता और विधायक का भी नाम आया है। दूसरी ओर तत्कालीन घटनाक्रम में ममता सरकार की चुप्पी वास्तव में यह बताती है कि उन्हें अपने राज्य के 65 प्रतिशत हिन्दू समाज की कोई चिंता नहीं। वोट बैंक की चिंता सबसे ज्यादा है। यहां 30 प्रतिशत मुसलमान हैं। जो कि आज देश की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्यावाला समाज है। क्योंकि यहां जिस तरह से पिता-पुत्र हरगोबिंदो दास (72) और चंदन दास (40) की हत्या की गई थी, उसके बाद तो किसी भी संवेदनशील सरकार को हरकत में आना चाहिए था, पर पश्चिम बंगाल में जो दिखा वह एक सरकार की ओर से भयानक चुप्पी थी। इस रिपोर्ट में साफ तौर पर बताया गया है कि 'बदमाशों ने घर के सभी कपड़ों तक को मिट्टी के तेल से जला दिया और घर की महिला के पास तन ढकने के लिए कपड़े तक नहीं छोड़े । रिपोर्ट यह भी बताती है कि जिस पिता-पुत्र की सामूहिक इस्लामिक हिंसक भीड़ हत्या करती है, उससे पहले वह घर का मुख्य दरवाजा तोड़ती है और इन दोनों को बाहर निकालकर इन पर कुल्हाड़ी से वार किए जाते हैं, एक आदमी वहां तब तक डटा रहा जब तक कि दोनों मर नहीं गए। वास्तव में यह हिंसा की पराकाष्ठा है। यह हिन्दू मॉब लिंचिंग है। ममता अपने शासन को हिंसा के विरोध में सख्त कदम उठाने के स्थान पर उल्टा यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाने की हद तक जाती दिखीं। जिससे साफ दिखाई देता है कि राष्ट्रीय एकता के साथ खिलवाड़ जैसे इस सरकार को रोज का काम बन गया है। आप देख सकते हैं संदेशखाली, मेडिकल कॉलेज मामला, बशीरहाट और दर्जनों अन्य हॉट स्पॉट यहां की अराजकता की कहानी कह रहे हैं। मुर्शिदाबाद, मालदा, हुगली और नॉर्थ 24 परगना जैसे जिलों में हिंदू समुदाय के घरों पर हमले, आगजनी, लूटपाट और हत्या की घटनाएं यहां इस दौरान होती हैं। कुल मिलाकर सांप्रदायिकता और तुष्टिकरण की पराकाष्ठा तक आज ममता सरकार पहुंचती हुई इस राज्य में दिखाई दे रही है। इस सब के बीच विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने जो कहा, वह सभी के लिए विचारणीय है, वे आज कह रहे हैं कि ममता दीदी की पांच सदस्य टीम बंगाल से जम्मू कश्मीर तो जाएगी लेकिन, मुर्शिदाबाद की याद नहीं आएगी। दीदी को मुर्शिदाबाद छोड़ जम्मू-कश्मीर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों की चिंता है!! अच्छा होता इस टीम को आप पहले मुर्शिदाबाद भेजती जहां आपके टीएमसी के नेता के इशारे पर हिंदुओं का नरसंहार और पलायन हुआ । वे ममता पर तंज भी करते हैं कि माननीय उच्च न्यायालय की जांच समिति की वह वीभत्स रिपोर्ट को एक बार पढ़ लेती तो अच्छा होता । जहां जिहादी हिंसा के दौरान आपनी पुलिस निष्क्रिय और अनुपस्थित थी। इस रिपोर्ट में अंधाधुंध आगजनी, लूटपाट, दुकानों और बाजार को नष्ट करने की बात भी उजागर हुई है। माननीय उच्च न्यायालय तो अपना निर्णय देगा ही, कुछ थोड़ी बहुत शर्म बची हो तो अब तो कम से कम इस घटना पर ही सही ममता जी को माफी मांग कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना की दिशा में आगे आ जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल को लेकर वास्तव में आज यह भी प्रश्न उठता है कि चाहे सीएए हो, एनआरसी हो, हनुमान जयन्ती हो, दुर्गापूर्जा हो, रामनवमी हो, या अब वक्फ संशोधन- हर बार एक विशेष समुदाय (मुस्लिम) हिंसक होकर हिन्दुओं को ही टार्गेट क्यों करता है यह कौन सी जिहादी मासिकता है, जो इस तरह का कृत्य उनसे करवाती है कहना होगा कि यह सिर्फ राजनीति के लिए नहीं हो रहा, जैसा कि कई मीडिया संस्थानों, तमाम एनजीओ एवं राजनीतिक संगठनों के द्वारा बताए जाने का प्रयास होता है। सीधे देखने और समझने पर हकीकत यहां की जो समझ आती है, वह यही है कि इस राज्य में रहनेवाली बहुसंख्यक हिन्दू जनता की संस्कृति और मूल समाज को ही नष्ट कर देने के लिए लगातार शृंखलाबद्ध हिंसा को एक विशेष वर्ग समय-समय पर अंजाम दे रहा है। जोकि भारत जैसे सर्व धर्म सद्भाव और उसी अनुरूप बने संविधान के विरोध में भारत राष्ट्र के विरुद्ध घोषित युद्ध है। जिसे आज राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हवा देती नजर आती हैं। **-डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# नशे के अपराध का अंधेरा, बर्बाद होती नई नस्ल

**संजीव ठाकुर**

देश में लगातार हो रही ड्रग्स की सप्लाई ने देशभर में अपराधों का इजाफा कर दिया है। नशीले पदार्थ अपराधिक गतिविधियों के लिए शासन, प्रशासन तथा पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन हुआ है। नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय, अंतर राज्यीय तस्करी देश तथा विश्व के लिए एक बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। यह चुनौती इसलिए भी है कि पिछले वर्ष में अपराधियों ने सूखे नशे का सेवन कर अपराध की वारदातें की हैं, नशे की लत में आकर अपराधियों में महानगरों मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई में लगातार बलात्कार, लूट, डकैती,और राहगीरों की हत्या को जन्म दिया है। दूसरी तरफ सूखे नशे की लत में स्कूल और कॉलेज के युवा तथा बच्चे अपना भविष्य खराब करने पर आमादा है। पिछले कुछ माह में मुंबई नारकोटिक्स इकाई ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर बड़ी मात्रा में चरस, कोकीन, गांजा, स्मैक की बड़ी तादाद में जप्त कर कई नामचीन अभिनेता, अभिनेत्रियों को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय के हवाले किया है। दूसरी तरफ दिल्ली,बेंगलुरु, कोलकाता में भी पुलिस प्रशासन द्वारा सीधे कड़ी कार्रवाई की हैं। वर्तमान में शराब तो सामाजिक बुराई बना ही हुआ है। साथ-साथ सूखा नशा भी समाज के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है, सुखे नशे के मामले में केंद्र के सर्वोच्च नेतृत्व में यानी प्रधानमंत्री ने भी गंभीरता पूर्वक इसे रोकने के लिए चिंता जताई है देश में न सिर्फ ड्रग्स के नशे का इस्तेमाल किया जा रहा है बल्कि बड़े पैमाने पर इसकी तस्करी कर अवैध कारोबार भी किया जा रहा है ड्रग्स का नशा सामाजिक विडंबना बना हुआ है। तब देश में नए वर्ष के आगमन के पूर्व बड़े-बड़े आलीशान होटलों मैं सूखे नशे की पार्टियां आयोजित करने की तैयारी कर ली है, ऐसे में पुलिस के केंद्र सरकार के तथा राज्य सरकार के आला अधिकारी इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास की रणनीति बनाने में जुट गए है और शासन तथा पुलिस प्रशासन अपना पूरा ध्यान सूखे नशे को प्रतिबंधित करने में लगे हुए हैं, मूलतः मुंबई गोवा और पाकिस्तानी सरहद से लगे क्षेत्र पंजाब और अन्य राज्य से सूखे नशे पदार्थों की आवक सभी राज्यों में होती है। निसंदेह इसे गंभीर षड्यंत्र के रूप में लिया जाना चाहिए। मुंबई सूखे नशे का एक बड़ा केंद्र बन चुका है, सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या प्रकरण को लेकर जब पुलिस के आला अधिकारी को नशीले पदार्थों रेकेट हाथ लगा तब राज्य तथा केंद्र के कान खड़े हो गए और तब से पूरे देश में ताबड़तोड़ नशे के विरोध में कार्रवाई की जाने लगी और इसी तारतम्य में देश को यह बात समझ में आई कि सूखे नशे की लत में बड़े शहरों के तमाम पूंजीपति नशे के आदी हो चुके परिस्थितियां बहुत गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है, नए वर्ष के आगमन की सेलिब्रेशन तमाम नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर अपनी तैयारी में जुट गए हैं। देश के सभी राज्यों में नशीले पदार्थों के विरोध में केंद्र के निर्देशन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और युवा वर्ग बच्चों को सोशल मीडिया के द्वारा भी इसकी बुराई के संबंध में लगातार अवगत कराया जा रहा है एवं इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया गया है, देश के बड़े-बड़े रिसोर्ट, जंगल के पिकनिक स्पॉट, देश की मुख्य सड़कों के आसपास ढाबों के संचालकों पर भी नजर रखने की योजना को मूर्त रूप दिया जाना है ताकि अपराधों में कमी आ सके ,शराब से तो अपराध होते ही हैं पर सूखे नशे से अपराधिक ज्यादा उग्र हिंसक और मस्तिष्क शुन्य हो जाते ऐसे में अपराध करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती, और इस तरह वे नशे में अपराधिक कृत्य करने से नहीं चूकते द्यकेंद्र तथा राज्य प्रशासन की चिंता इस बात के लिए तो है ही कि इससे अपराध की संख्या में काफी वृद्धि हुई है पर साथ में इसके तस्करों द्वारा की जा रही ड्रग्स की तस्करी पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से आने वाला ड्रग्स शारीरिक रूप से भी काफी नुकसानदेह होता है अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने का एक राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर उसे रोकने का प्रयास किया जा रहा है, जितने व्यक्ति नशा करके अपराध करने के लिए दोषी हैं। उससे ज्यादा दोषी नशीले पदार्थों के तस्करी करने वाले भी है, तस्कर समूह को चिन्हित कर उस पर बड़ी कार्रवाई करने की देश को गंभीर आवश्यकता है, देश में शराब जहां ग्रामीण क्षेत्रों में एक बड़ी बुराई है उससे ग्रामीण आमजन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक नुकसान भी बहुत बड़ा होता है, इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में खासकर बड़े शहरों में सुखा नशा एक बडी सामाजिक बीमारी की तरह अत्यंत गंभीर चुनौती बन गई है, इसे रोकने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए तभी इस सामाजिक गंभीर समस्या पर कुछ राहत और निदान मिल सकता है।

## सेहत मंत्र

# अत्यधिक तनाव के कारण होता है हिस्टीरिया

यूं तो हर व्यक्ति किसी न किसी तनाव का सामना हर दिन करता है, लेकिन कुछ लोगों में तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि उसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। हिस्टीरिया भी इन्हीं में से एक है। यह समस्या होने पर व्यक्ति अचानक दांत भिंचने लगता है। इसके अतिरिक्त अचानक हंसना, बेहोशी, उल्टी, दम घुटना, बोलने में परेशानी, ऐंठन, जोर?जोर से चिल्लाना भी हिस्टीरिया के लक्षण हैं। यह एक मानसिक बीमारी है, जिसका सही समय पर पता लगाकर उपचार किया जाना बेहद आवश्यक है। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस बीमारी के बारे में? कुछ लोग हिस्टीरिया को मिर्गी ही समझ लेते हैं, जबकि यह इससे काफी अलग है। मिर्गी का दौरा कभी भी और अचानक आता है, जिसमें व्यक्ति को कुछ भी सोचने?समझने का अवसर नहीं मिलता। जबकि हिस्टीरिया रोग में ऐसा नहीं होता। इसमें रोगी को पहले से ही इसका आभास हो जाता है। हिस्टीरिया एक मानसिक समस्या है, जिसके पीछे का मुख्य कारण तनाव तो है ही, साथ ही कोई गंभीर सदमा लगना, अपनी फीलिंग को दबाना, हादसा, दांपत्य जीवन में परेशानी व आर्थिक कारण इस बीमारी की वजह बनती है। यूं तो यह मानसिक समस्या किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन महिलाएं इससे अधिक प्रभावित होती हैं। दरअसल, उम्र के विभिन्न दौर में न सिर्फ स्त्रियों में हार्मोनल बदलाव होते हैं, बल्कि विवाह के बाद नए घर में जाने के बाद या फिर वैवाहिक जीवन में परेशानी के कारण भी महिला इस रोग से ग्रस्त होती है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में देखने में आता है कि महिला अपने मन की बात या परेशानी किसी से शेयर नहीं करती, जिससे मन ही मन उसका तनाव बढ़ने लगता है और फिर वह हिस्टीरिया के रूप में सामने आता है। इसके इलाज के लिए किसी अच्छे मनोचिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। वैसे इसके अतिरिक्त कुछ उपायों के जरिए भी स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसे स्थिति बिगड़ने पर प्रभावित व्यक्ति को हवादार स्थान पर लेटाएं और उसके कपड़े ढीले रखें। इस दौरान मरीज के हाथ?पैरों की मालिश करें और पैरों को उपर ही रखें ताकि शरीर में रक्त का प्रवाह सही रहे। इसके अतिरिक्त जो भी व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हो, उसे अपने तनाव को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए। इसके लिए योग व मेडिटेशन आदि का सहारा लिया जा सकता है। वहीं काउंसिलिंग भी तनाव को कम करने में प्रभावशाली है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर का अवतार माना है बजरंग बली हनुमान को

बजरंग बली हनुमान का जन्म भगवान श्रीराम की सहायता के लिए हुआ। हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकुण्डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में कहा गया है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। माता अंजनी एवं पवन देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है। हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व है। हनुमान जी भक्तों से विशेष प्रेम करते हैं और उनकी हर पुकार को सुनते हैं। श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमानजी की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए।

## पर्यटन



# कोलकाता में हैं तो इन जगहों का जरूर करें एक्सपीरियंस

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है। कोलकाता एक अलग ऐतिहासिक, शैक्षिक व सांस्कृतिक महत्व रखता है। महलों के इस शहर को सिटी ऑफ जॉय भी कहा जाता है। इतना ही नहीं, कुछ लोग कोलकाता को पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार कहकर भी पुकारते हैं। यहां पर ऐसे कई स्थल मौजूद हैं, जो सैलानियों को आकर्षित करते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए यहां पर बहुत कुछ है। इसलिए चाहे आप सोलो ट्रेवलिंग करें या फिर फैमिली के साथ, कोलकाता आपको कभी भी निराश नहीं करेगा। तो चलिए आज हम आपको कोलकाता की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कोलकाता में रहते हुए एक बार एक्सपीरियंस जरूर करना चाहिए? कोलकाता अपने पुराने विश्व चार्म के लिए जाना जाता है और इसे अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका है ट्राम की सवारी करना। अंग्रेजों की विरासत, कोलकाता में ट्राम सेवा 1873 में शुरू की गई थी और आज तक चल रही है। कोलकाता ट्रामवेज एशिया में सबसे पुराना ऑपरेटिंग इलेक्ट्रिक ट्राम सिस्टम है जो 1902 से चल रहा है। कोलकाता के ट्राम को बॉलीवुड की कई फिल्मों जैसे बर्फी, कहानी और परिणिता आदि में भी दिखाया गया है। इसलिए अगर कोलकाता की यात्रा के दौरान आप शहर को एक अलग तरह से अनुभव करना चाहते हैं तो ट्राम की सवारी जरूर करें। हुगली नदी कोलकाता के प्रमुख स्थलों में से एक है। हुगली नदी में बोटिंग करने का एक अलग ही मजा है। यहां पर पर्यटकों की भारी मात्रा देखने को मिलती है। अगर आप कोलकाता में हैं तो एक शाम यहां पर बोटिंग करने का आनंद जरूर लें। लंदन चिड़ियाघर की तर्ज पर निर्मित अलीपुर प्राणि उद्यान देश का सबसे पुराना चिड़ियाघर है, जिसे 1876 में पब्लिक व्यू के लिए खोला गया। यह प्राणि उद्यान कोलकाता का एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण केन्द्र है। चिड़ियाघर न केवल पक्षियों और जानवरों के अपने विस्तृत संग्रह के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संरक्षण गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। पार्क में सबसे प्रसिद्ध नमूनों में से एक अद्वैत एक विशाल अल्दाबरा कछुआ है जो 2006 में अपनी मृत्यु तक 250 साल तक जीवित रहा था। ऐसा कहा जाता है कि अद्वैत लॉर्ड क्लाइव के समुद्री नाविकों द्वारा सेशेल्स से लाया गया था। चिड़ियाघर पक्षियों, स्तनधारियों और सरीसृपों की 1000 से अधिक प्रजातियों का घर है।

# पुराण व संहिता कानून की नजर में श्रुत साक्ष्य, पक्षकार बनाने के लिए ठोस सबूत नहीं : हाईकोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले मे ह्लश्रीजी राधा रानीह्ल को पक्षकार बनाने की दायर अर्जी खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने खुद को मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद स्थल की 13.37 एकड़ जमीन का सह-स्वामी बताया है।



मुख्य बिंदुःकोर्ट ने कहा कि राधा रानी का यह दावा पुराणों और संहिताओं में दिए गए संदर्भों पर आधारित है, जिसे कानूनी संदर्भ में श्रुत साक्ष्य माना जाता है। कहा कि राधा रानी की ओर से ऐसा कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया जिससे यह साबित हो सके कि वह विवादित संपत्ति की सह स्वामी थीं या विवादित संपत्ति में उनका कोई मंदिर था।

याची का कहना था कि ह्लश्रीजी राधा रानी वृषभानु कुमारी वृंदावनीह्ल ने अपनी अगली दोस्त रीना नेहरू-रीना एन सिंह के माध्यम से अर्जी दायर की है। उनका तर्क था कि वह भगवान श्रीकृष्ण लला विराजमान की पत्नी हैं और दोनों अनादि काल से देवता के रूप में पूजे जाते हैं। कहा कि वे 13.37 एकड़ जमीन के स्वामी भगवान श्रीकृष्ण की सह खातेदार हैं जिस पर कथित रूप से शाही ईदगाह मस्जिद बनी है। कोर्ट ने कहा कि आवेदक मुकदमे के लिए न तो आवश्यक पक्ष पाया गया और न ही उचित पक्ष। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में आवेदक इस दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत पेश करता है कि वह वाद की संपत्ति का सह स्वामी है तो उचित समय पर पक्षकार बनाने के प्रश्न पर विचार किया जा सकता है।

यह सिविल वाद मूल रूप से मथुरा के सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी की अदालत में दायर किया गया था। 26 मई 2023 को सभी वादों को हाईकोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। वादी ने यह दावा किया है कि कृष्ण जन्मस्थान मंदिर, जो अब शाही ईदगाह मस्जिद के नाम से जाना जाता है, पर 1669-70 से अतिक्रमण किया गया है और यह मुकदमा इस अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए दायर किया गया है।

वादी (श्री भगवान श्रीकृष्ण लला विराजमान और 4 अन्य) के अधिवक्ता ने राधा रानी की अर्जी का कड़ा विरोध किया। तर्क दिया कि राधा रानी का दावा मूल वाद के तथ्यों और प्रकृति के विरुद्ध है और इससे मुकदमे की मूल संरचना बदल जाएगी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राधा रानी ने पहले ही सिविल जज (एस.डी.) के समक्ष एक नया मुकदमा (दीवानी वाद संख्या 62/2024) दायर किया है, जिसमें

**–पक्षकार बनने की अर्जी खारिज, कहा– ठोस सबूत के साथ आये राधा रानी–मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला**

उन्होंने इमारत को हटाने/ध्वस्त करने का आदेश मांगा है। कोर्ट ने आदेश 1 नियम 10 सीपीसी के तहत 'आवश्यक पक्ष' और 'उचित पक्ष' के कानूनी सिद्धांतों का हवाला दिया। 'आवश्यक पक्ष' वह होता है जिसके बिना कोई प्रभावी निर्णय पारित नहीं किया जा सकता, जबकि 'उचित पक्ष' वह होता है जिसकी उपस्थिति विवाद के सभी मामलों को पूरी तरह से तय करने के लिए आवश्यक हो सकती है, भले ही उसके पक्ष में या उसके खिलाफ कोई निर्णय न दिया जाना हो। अदालत ने दोहराया कि वादी ह्लमुकदमा चलाने वालाह्ल होता है और उसकी इच्छा के विरुद्ध किसी को भी पक्षकार नहीं बनाया जा सकता जब तक कि वह आवश्यक या उचित पक्ष न हो। इस मामले की अगली सुनवाई 04 जुलाई 2025 को होगी।

# व्यक्तिगत हित में पत्रकारिता करने वाले कभी सफल पत्रकार नहीं बन सकते : अमिताभ अग्निहोत्री

एजेंसी

मुरादाबाद। राष्ट्र और राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए पत्रकारिता करनी चाहिए। व्यक्तिगत हित के लिए पत्रकारिता करने वाले कभी सफल पत्रकार नहीं बन सकते। पत्रकार को अपनी भूमिका शत-प्रतिशत निष्पक्ष रखनी होगी। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार व टीवी 9 के कंसल्टिंग एडिटर अमिताभ अग्निहोत्री ने आज मुरादाबाद में विश्व संवाद केंद्र द्वारा नारद जयंती के उपलक्ष्य में ''समकालीन पत्रकारिता : राष्ट्रीय सरोकार'' विषय पर आयोजित हुई संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता कहीं। सिविल लाइन स्थित डीएमआर हॉस्पिटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक प्रमुख तपन ने प्रसून जोशी की इन पंक्तियों के साथ अपनी बात प्रारम्भ की कि ''देश से है प्यार तू हर पल यह करना चाहिए मैं रहूं या ना रहूं भारत रहना चाहिए, यह भारत रहना चाहिए''। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार की भूमिका हमारे राष्ट्र हमारे समाज की दिशा को तय करने का काम करती है। एक व्यक्ति जो ऐसा है जिसकी कहीं पहुंच नहीं है, जिसकी पकड़ किसी विशेष व्यक्ति या पद पर नहीं है, उसकी



बात को सत्ता में बैठे लोगों शासन और समाज के बीच ले जाने का काम पत्रकार का है। पत्रकार एक ऐसा व्यक्तित्व है जो समाज के लिए राष्ट्र के लिए प्रतिफल प्रतिदिन चिंतन करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ पत्रकार है। इस चौथे स्तम्भ को शक्तिशाली होना चाहिए। जब यह शक्तिशाली होगा तभी हमारा भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ मंजेश राठी ने कहा कि यदि व्यक्ति का मस्तिष्क स्वस्थ होगा, व्यक्ति प्रसन्नचित होगा तो वह अपने जिस क्षेत्र में भी कार्य करेगा वह उत्तम कार्य करेगा। इसलिए हमें अपने स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि यदि हम स्वस्थ होंगे तभी हम राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने अंत में सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक महानगर सह प्रचार प्रमुख डॉ राजेश कुमार रहे तथा संचालन मेजर राजीव ढल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमिताभ अग्निहोत्री, मुख्य अतिथि तपन व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ मंजेश राठी को कार्यक्रम के समापन के अवसर पर स्मृति चिन्ह के रूप में नारद पुराण भेंट की गई।

# अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से सबको प्रेरणा लेनी चाहिये : कौशलेन्द्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी पंचायत सम्मेलन सोमवार को यमुनापार के करछना, बारा, कोरांव विधानसभा में हुआ। करछना विधानसभा के मुख्य अतिथि कौशलेंद्र सिंह पटेल ने कहा अहिल्याबाई होल्कर का सम्पूर्ण जीवन महिला सशक्तिकरण के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके द्वारा किए गए सामाजिक, धार्मिक और प्रशासनिक कार्यों की मिशाल सभी को प्रेरित करने वाला है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने करते हुए कहा अहिल्याबाई ने जो कार्य किए उसे सभी को जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। विधायक करछना पियूष रंजन निषाद ने कहा अहिल्याबाई होलकर एक कुशल प्रशासक, प्रजा हितैषी थी।विधानसभा बारा पंचायत सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष कविता पटेल ने चंद्रमुखी वाटिका जारी मे कहा अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन मनाना गौरवपूर्ण पल है। वह महिला सशक्तिकरण की मूर्ति हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आप सभी बहनें भी स्वयं नेतृत्व करें। अहिल्याबाई होल्कर की तरह ही धर्म को जोड़ने और सनातन को जगाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहें हैं। कोरांव विधानसभा के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश गौतम ने कहा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के संघर्षों और कृतित्व को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश-प्रदेश के समक्ष रखकर सम्मान दिलाने का कार्य कर रहे है। जो विपक्षी सरकारों ने कभी नही किया। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने कहा अहिल्याबाई होल्कर के कृतित्व को आमजन अपने शक्ति और सामर्थ्य बनाएं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पंचायत सम्मेलन में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवदत्त पटेल, ब्लॉक प्रमुख करछना कमलेश द्विवेदी, चाका अनिल सिंह, शंकरगढ़ निर्मला देवी, कौंधियारा इन्द्रनाथ मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र के साथ अभियान संयोजक अशोक पाण्डेय, विधानसभा बारा संयोजक प्रकाश शुक्ल प्रचंड, त्रिवेणी प्रसाद पांडेय, जय सिंह पटेल, कमलेश त्रिपाठी, आशीष पाल, दिवाकर त्रिपाठी, बबलू शुक्ला आदि के साथ भारी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महारानी अहिल्याबाई हम भारतीयों की प्रेरणाश्रोत : नीरज सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । महारानी अहिल्याबाई होलकर इतिहास में दर्ज कोई नाम नहीं बल्कि एक प्रकाश पुंज है जो हमें सकारात्मकता की तरफ अग्रसर करने की प्रेरणा देता हैं रानी अहिल्याबाई होलकर ने जीवन पर्यंत उसी न्याय प्रियता कर्तव्य परायणता और धर्म सहिष्णुता का परिचय दिया था और उसी संवाहक थी जब हम आज महिला सशक्तिकरण का एक नया उदाहरण गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तो ऐसी एक महिला शासक जिन्होंने वर्षों तक हमारी धार्मिक सांस्कृतिक विरासत को भव्यता प्रदान करने का काम किया था आज समय जब हम एक क्षेष्ठ भारत की परि कल्पना की बात करते हैं जब हम 140 करोड़ भारतीयों को एक सपना देखकर एक दिशा में आगे बढ़ने की संकल्प की बात करते हैं तो इसमें केवल पुरूष ही नहीं हमारी बहनें भी एक साथ आगे बढ़ेगी जिनकी प्रेरणा अहिल्याबाई होलकर से मिलती है जिनकी कहानी घर घर जानी चाहिए। उक्त बातें क्षेत्र के बाबा श्री टीकाराम बाबा धाम



बेहटा स्थित प्रांगण में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी अभियान अन्तर्गत विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतीत के रूप में पहुंचे देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने अपने संबोधन में कहीं। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी नहीं अहिल्याबाई होलकर से प्रेरित होकर हमारी सरकार द्वारा देश के सभी तीर्थ स्थलों का कायाकल्प कराकर भव्य रूप दिया जा रहा है। इसके पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अहिल्याबाई होलकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह का क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हैदरगढ़ रामदेव सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आरती रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव चेयरमैन आलोक तिवारी, प्रधान अरूण शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा मोहित, रणबीर सिंह मोनू, सचिन वर्मा, राम तीरथ वर्मा, कुंवर रामानंद सिंह, प्रधान नीरज सिंह, प्रधान जीतेंद्र प्रताप सिंह सोनू, प्रधान संदीप सिंह, प्रधान गौरव सिंह, भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान, रणविजय सिंह पिंकू, प्रधान विजय प्रताप सिंह, प्रधान दीनबंधु पांडेय, प्रधान सनत तिवारी, प्रधान राम किशोर मिश्रा, प्रधान अखिलेश मिश्रा, प्रधान विपिन सिंह, राजकुमार सिंह, शेखर सिंह, पप्पू दीक्षित, पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, अंबर शरण जायसवाल, प्रधान पेचरुआ सोनू सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राज नारायण तिवारी, शुशील पटेल, रामभीख त्रिवेदी, प्रदीप बाजपेयी, कौशलेंद्र शुक्ला सहित भाजपाइयों ने श्री सिंह का पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह अन्य लोगों ने भी अपने-अपने संबोधन में अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन के पश्चात मुख्य श्री सिंह ने विधायक दिनेश रावत, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या सहित तमाम भाजपाइयों के साथ देव स्थल बाबा श्री टीकाराम धाम की समाधि पर माता टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## वर्षो से बंद सुहेली नदी का कोर्स हुआ साफ़

लखीमपुर खीरी । अधीक्षण अभियंता बाढ़ मंडल सिंचाई विभाग द्वारा आज सुहेली नदी पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि 10 जून तक इस कार्य को पूरा किया जाएगा। इस कार्य के पूर्ण होने से सोती नदी के कैचमेंट में आने वाले बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी। सुहेली नदी का संपूर्ण जल गाजियापुर सायफन से होकर घाघरा में जाएगा।इस कार्य में काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। प्रशासन ने नियमित रूप से पुलिस की व्यवस्था की तभी कार्य जारी रह पाया। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक कार्य होगा क्योंकि वर्षो से बंद सुहेली का कोर्स साफ हो गया है और वर्षों बाद गाजियापुर सायफन एक्टिव होगा।

## न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय–हत्या व जातिगत हिंसा के दोषी को आजीवन कारावास

सीतापुर । जनपद सीतापुर की विशेष एस.सी./एस.टी. अदालत ने 32 वर्ष पुराने हत्या व जातीय उत्पीड़न के बहुचर्चित प्रकरण में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अभियुक्त मुनुआ महराज को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 1993 का है, जब थाना रामपुरमथुरा क्षेत्र के ग्राम बेहटा निवासी मधई हरिजन अपने खेत में मसूर काट रहे थे। इसी दौरान अभियुक्त की गायें खेत में घुस आईं और जब मधई ने उन्हें हांकने का प्रयास किया तो अभियुक्त मुनुआ महराज (जाति ब्राह्मण) ने उन्हें जातिसूचक गालियाँ दीं और बेरहमी से मारपीट कर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। इस जघन्य घटना की रिपोर्ट मृतक के पुत्र रामधीरज ने तत्काल थाने में दर्ज कराई थी। लंबे समय तक चले विचारण के उपरांत विशेष न्यायाधीश श्री मोहम्मद शफीक ने दोषसिद्ध अभियुक्त को निम्न दंड सुनाया। धारा 302 भा.दं.सं.–आजीवन कारावास व रू0 12,000 अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास)। धारा 504 भा.दं.सं.–1 वर्ष का सश्रम कारावास व रू0 2,000 अर्थदंड (व्यतिक्रम पर 15 दिन कारावास)। धारा 3(2)(अ) एस.सी./एस.टी. अधिनियम–आजीवन कारावास व रू0 12,000 अर्थदंड (अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास)। सभी सजाएँ साथ–साथ चलेंगी। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी एवं सजायाफ्ता को तुरंत जेल भेजा जाए। विशेष लोक अभियोजक ने इसे समाज के कमजोर वर्गों पर होने वाले अत्याचार का गंभीर उदाहरण बताया और अधिकतम दंड की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकारते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि जातीय हिंसा और हत्या जैसे अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## बच्चों ने हार्टअटैक के समय प्राथमिक उपचार के सीखे गुर

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार समर कैंप के छठवें दिन बिसवां विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट जहांगीराबाद में बच्चों को रोज की तरह योग अभ्यास कराया गया। पांचवें दिन रविवार को सार्वजनिक अवकाश था। योगाभ्यास में ताइक्वांडो के कुछ स्टेप कराये गये। इसके साथ ही बच्चों ने विभिन्न खेलों का आनंद लिया। प्रशिक्षक मो0 फिरोज आलम द्वारा बच्चों को उट्टख्र (बेसिक लाइफ सपोर्ट) और एघ्ट (कार्डियोपलमोरी रिससिटेशन) के बारे में भी जानकारी दी गयी। हार्ट अटैक जैसी किसी विपरीत परिस्थिति के समय रोगी की मदद के लिए बच्चों को तैयार करने की कोशिश की गयी। अंत में बच्चों को जलपान का वितरण किया गया।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी दो आरोपी गिरफ्तार

सुल्तानपुर। पुलिस मुठभेड़ में हत्या के दो आरोपी गोली लगने से धायल हो गये, दोनो की पहचान राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपी अजय निषाद और दिवाकर यादव उर्फ फोटु यादव के रूप में हुई। जिन्हे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया। घटना बीती देर रात की है। पुलिस को सूचना मिली कि राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपी नोनरा बाजार की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। यह मामला 3 अप्रैल को कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुड़ीलाडीह में हुई राकेश विश्वकर्मा की हत्या से जुड़ा है। राकेश को उनके घर से कुछ दूर गोली मारी गई थी। उनके दाहिने सीने और बाएं हाथ में गोली लगी थी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने इस मामले में फरार आधा दर्जन अपराधियों पर 25–25 हजार का इनाम घोषित किया था। इनमें सागर यादव, मोनू यादव, नीरज यादव, अंकित यादव, अजय निषाद और संजय सिंह शामिल हैं। पुलिस ने पहले ही बदमाशों को संरक्षण देने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन,कर्मचारियों ने प्रबंधन पर साधा निशाना

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों का विरोध सोमवार को भी जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में कर्मचारी भिखारीपुर स्थित प्रबंध निदेशक कार्यालय परिसर में एकत्र हुए और जमकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि निजीकरण से कर्मचारियों की सुरक्षा और हितों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि नगर निगम उपकेंद्र पर विद्युत स्पर्शाघात से गंभीर रूप से झुलसे कर्मचारी वीरेंद्र सिंह की स्थिति का हालचाल तक अधिकारियों ने नहीं



लिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री वाराणसी में मौजूद होने के बावजूद घायल कर्मचारी से मिलने नहीं गए। वक्ताओं ने कहा कि सर्लोक कंपनी को तीन महीने का टेंडर दिए जाने के बावजूद अब तक कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं और न ही कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इंजीनियर मायाशंकर तिवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार निजी कंपनियों के हितों की रक्षा में ऊर्ज़ा विभाग का निजीकरण कर रही है, जिससे कर्मचारियों की जान जोखिम में पड़ रही है। संतोष वर्मा ने अधिकारियों का ध्यान शांतिपूर्ण आंदोलन की ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह से शांतिपूर्ण और जनहितकारी है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने एक परिवार के तीन लोगों की मौत पर व्यक्त की शोक संवेदना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी ।कस्बा जगदीशपुर के पालपुर के एक बुजुर्ग की मौत के बाद अस्थियों का विसर्जन करने गंगा घाट डलमऊ गये एक ही परिवार के पिता पुत्र सहित तीन लोगों की गंगा नदी में डूबने से हुई मौत ने सबको झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ पूरा कस्बा दहल उठा। रविवार की देर शाम पोस्टमार्टम के बाद जब तीनों शव घर लाये गये तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। अपने एक दिवसीय अमेठी दौरे पर आई पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता प्रदान किये जाने का भरोसा दिलाया है। बताते चलें कि बीती बाइस मई को पालपुर निवासी बुजुर्ग राम किशोर कौशल की मृत्यु हो गई थी। शव का दाह संस्कार कर अस्थि विसर्जन के लिये मृतक के तीन पुत्र चन्द्रमा कौशल, चन्द्र कुमार कौशल व चन्द्र प्रकाश कौशल एवं परिवार के ही पारसनाथ कौशल के तीन पुत्र विधि चन्द्र कौशल, बालचन्द्र कौशल व धर्मचन्द्र कौशल, आयुष कौशल, अनिल कौशल व वर्षीय आर्यांश कौशल पुत्र बालचन्द्र कौशल रायबरेली के डलमऊ घाट गये थे। जहां अस्थि विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डूब जाने से चन्द्र कुमार कौशल पुत्र राम किशोर कौशल, बालचन्द्र कौशल पुत्र पारसनाथ व बालचन्द्र के पुत्र आर्यांश कौशल की मौत हो गई थी। एक साथ तीन लोगों की मौत से परिवार पर वज्रपात हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के घर पालपुर में परिजनों में कोहराम मच गया। यह दर्दनाक हादसा क्षेत्र में आग की तरह फैल गया और लोग मृतक के घर पर उमड़ पड़े। सोमवार को अपने एक दिवसीय अमेठी दौरे पर आई पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और इस संकट की घड़ी में पीड़ित परिजनों की हरसंभव सहायता प्रदान किये जाने का भी भरोसा दिलाया है।

# संशोधन कर एक दिन में शिकायतकर्ता को मिली खतौनी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । तहसील रामनगर की ग्राम मनौरा निवासी दुर्गा शंकर पुत्र राम शंकर ने प्रार्थना पत्र देकर तहसीलदार रामनगर महिमा मिश्रा से अपनी समस्या के निराकरण के लिए प्रार्थना दिया उन्होंने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरी गाटा संख्या 84/1 व 96/2 स्थित ग्राम मनोरा के खाता में मेरा अंश गलत दर्ज हो गया है जिसमें संशोधन किया जाना आवश्यक है तहसीलदार रामनगर द्वारा उक्त पीड़ित किसान के प्रार्थना पत्र विचार करते हुए तवृरित निस्तारण किया गया और अंश संशोधन करवाया गया जिससे किसान काफी खुश हो गया बता दे की इस समय तहसीलदार रामनगर महिमा मिश्रा द्वारा पीड़ित किसानों के प्रार्थना पत्र का त्वरित निस्तारण करवाया जा रहा है जिससे किसानों सहित अधिवक्ताओं में काफी हर्ष दिखाई दे रहा है।

# मुरादाबाद रेल मंडल के प्रमुख 15 रेलवे स्टेशनों पर रेल सफाई मित्र योजना का शुभारम्भ

एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद रेल मंडल के प्रमुख 15 रेलवे स्टेशनों पर साफ़ सफाई को और बेहतर बनाने के लिए सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक ने मुरादाबाद स्टेशन से रेल सफाई मित्रों को एप्रन वितरण कर ''रेल सफाई मित्र योजना'' का शुभारम्भ किया। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मण्डल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने सोमवार को बताया कि मुरादाबाद रेल मण्डल निरंतर यात्रियों की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में मुरादाबाद मंडल के स्टेशनों पर साफ़ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा यात्रियों की साफ़ सम्बन्धी शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए आज मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने मुरादाबाद स्टेशन पर रेल सफाई मित्रों को एप्रन का वितरण कर मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों पर ''रेल सफाई मित्र योजना'' का शुभारम्भ किया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने सभी 15 स्टेशनों के लिए नियुक्त रेल सफाई मित्रों को अपने स्टेशन पर 24ब7 सफाई व्यवस्था को बनाये रखने




तथा यात्रियों की साफ़ सफाई सम्बन्धी शिकायतों का तुरंत निस्तारण करने के निर्देश दिए । इस सुअवसर पर मुरादाबाद स्टेशन पर आदित्य गुप्ता वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रेहान रजा रिजवी मंडल वाणिज्य प्रबंधक, महेंद्र स्टेशन अधीक्षक, अनुपम श्रीवास्तव मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, उत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, मुरादाबाद मंडल की टीम तथा अन्य रेलवे कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने–सामने की भिड़ंत में दो की मौत, 2 घायल

कानपुर। घाटमपुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक गेट के पास दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान दो की मौत हो गई। बाइक सवार अन्य दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के राहा गांव में रहने वाले मुकेश (35) और सुनील (50) बाइक से घाटमपुर गांव से वापस लौट रहे थे। तभी ब्लॉक गेट के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टकरा गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए चारों को घाटमपुर सीएससी पहुंचाया।

# सुपर जायंट्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर

एजेंसी




लखनऊ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ तालिका में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की करने पर होगी। सुपर जायंट्स की टीम हालांकि मौजूदा सत्र में अपने निराशाजनक अभियान का अंत जीत से करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगायेगी। गुजरात टाइटंस की लगातार हार ने तीसरे स्थान पर काबिज आरसीबी के लिए 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का शानदार मौका बना दिया है। आईपीएल की तालिका में शीर्ष दो पायदान पर रहने वाली टीमों को तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के मुकाबले फाइनल में पहुंचने का एक अतिरिक्त मौका मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और उसके लिए गलती की गुंजाइश बहुत कम है। शीर्ष पर पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत जरूरी है। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) में से कोई एक आज शाम होने वाले मुकाबले के बाद टाइटंस से (18 अंक) से आगे निकलने के लिए तैयार है। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के 10 दिवसीय विराम से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी। उसने लगातार चार मैच जीते थे लेकिन इस ब्रेक ने टीम की लय को प्रभावित किया। लीग के फिर से शुरू होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका मैच बारिश से धुल गया और फिर सनराइजर्स हैदराबाद से 42 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी के खेमे में उत्साह बढ़ा है। हेजलवुड इस सत्र में टीम के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और फिलहाल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में चौथे नंबर पर हैं। आरसीबी भी परिस्थितियों से परिचित होगी क्योंकि उसने अपना पिछला मैच इकाना स्टेडियम में ही खेला था। लखनऊ सुपर जायंट्स को हालांकि उसके घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद मेजबान टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन की तिकड़ी ने इस सत्र में सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से टीम ने टाइटंस के खिलाफ दो विकेट पर 235 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। इस मैच में टीम की गेंदबाजी इकाई ने भी प्रभावित किया था। चोटिल मयंक यादव की जगह लेने वाले विल ओरोर्के को शामिल करना एक सकारात्मक कदम रहा है। इस सत्र में एलएसजी की खोज रहे स्पिनर दिग्वेश राठी भी एक मैच का निलंबन पूरा करने के बाद इस मुकाबले से वापसी करेंगे। टीम को सत्र के आखिरी मुकाबले में अपने कप्तान ऋषभ पंत से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पूरे सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे।

# केकेआर कप्तान अजिंक्य रहाणे को भरोसा अगले साल और मजबूत होकर वापसी करेंगे

एजेंसी



नई दिल्ली। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का आईपीएल 2025 का सफर रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार के साथ समाप्त हो गया। मैच और पूरे सीजन के प्रदर्शन पर ईमानदारी से प्रतिक्रिया देते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा, ''इस सीजन में हमारे लिए उतार-चढ़ाव रहे। हमारे पास मौके थे, लेकिन एक यूनिट के तौर पर हम बेहतर नहीं खेले। टीम की तैयारी और सीजन भर के प्रदर्शन पर रहाणे ने कहा, ''एक कप्तान के तौर पर मैंने देखा कि तैयारी में सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। जब आप एक सीजन जीतते हैं और अगले में खिताब बचाने उतरते हैं, तो यह आसान नहीं होता। सभी टीमों ने अच्छी तैयारी की थी और हमने भी पूरी कोशिश की। मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अगले साल और मजबूत होकर वापसी करेंगे। रहाणे ने गेंदबाजों के संघर्ष के बावजूद उनका समर्थन किया और कहा, ''हमारी गेंदबाजी मिलीजुली रही, लेकिन मुझे लगता है कि उन्होंने अच्छा काम किया। पिचें बल्लेबाजों के लिए मददगार रहीं, इसलिए 200+ के स्कोर काफी देखने को मिले, लेकिन पूरे सीजन में हमारी गेंदबाजी यूनिट ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा, ''इस फॉर्मेट में गेंदबाजों को रन पड़ सकते हैं, लेकिन जब तक उनका सोचने का तरीका स्पष्ट हो, वही मायने रखता है। हर्षित, वैभव, वरुण, सुनील (नरेन) ऽ सभी गेंदबाजों की सोच साफ थी। इसलिए बतौर यूनिट हम ठीक-ठाक खेले। रहाणे ने बल्लेबाजी पर चर्चा करते हुए कहा, ''कभी-कभी जब आपने पहले अच्छे सीजन खेले होते हैं, तो खुद से उम्मीदें बढ़ जाती हैं। मुझे लगता है कि यही हमारे कुछ बल्लेबाजों के साथ हुआ। सभी खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे थे, जो स्वाभाविक है। अंत में कप्तान ने भरोसा जताया कि खिलाड़ी इन अनुभवों से सीखेंगे और बेहतर बनकर लौटेंगे। उन्होंने कहा, ''किसी के साथ भी ऐसा दौर आ सकता है। दुर्भाग्य से हमारी टीम में 2-3 खिलाड़ी ऐसे फॉर्म में नहीं थे, जिससे हमारी बल्लेबाजी कमजोर पड़ी। लेकिन ये खिलाड़ी अनुभवी हैं और मुझे पूरा यकीन है कि अगले साल ये और बेहतर होकर लौटेंगे।

# इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज से पहले गौतम गंभीर ने मां कामाख्या से लिया आशीर्वाद



एजेंसी

गुवाहाटी। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एवं पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने आज सुबह गुवाहाटी में मां कामाख्या से आशीर्वाद लिया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर कड़ी सुरक्षा के बीच कामाख्या मंदिर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि गौतम गंभीर एक दिवसीय दौरे के तहत आज गुवाहाटी पहुंचे। गौतम गंभीर ने कड़ी सुरक्षा के बीच मां कामाख्या का आशीर्वाद लिया। गौतम गंभीर लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधे कामाख्या मंदिर पहुंचे। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ने पूजा-अर्चना करने के बाद मां कामाख्या धाम से गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुए। मिली जानकारी के अनुसार गौतम गंभीर आज दोपहर 1 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। बताया गया है कि उनका अन्य कोई कार्यक्रम गुवाहाटी में नहीं है। सिर्फ मां कामाख्या का आशीर्वाद लेने के लिए ही वे यहां पहुंचे थे।

# प्लान के मुताबिक खेले तो वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना पक्का : उपकप्तान हार्दिक सिंह

एजेंसी



नई दिल्ली। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024ऽ25 (पुरुष) के विदेशी चरण की शुरुआत से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम अंकतालिका में मजबूत तीसरे स्थान पर काबिज है। इस बीच टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने जोर देकर कहा है कि अगर टीम योजना के अनुसार खेले और ज़्यादा से ज़्यादा अंक बटोरे, तो भारत के पास एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करने का बेहतरीन मौका है। हार्दिक ने कहा, हमने टीम के अंदर इस बात पर चर्चा की है कि अगर हम प्लान के मुताबिक चलें, हर मैच से पॉइंट हासिल करें—चाहे ड्रॉ हो या शूटआउट से पॉइंट मिलें, तो हमारे पास वर्ल्ड कप में जगह बनाने का रियलिस्टिक चांस है। उन्होंने आगे कहा, बेल्जियम (फिलहाल रैंक 2) और नीदरलैंड (जो भारत से एक स्थान पीछे हैं, रैंक 4) टूर्नामेंट के को-होस्ट होने के कारण वर्ल्ड कप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफाई कर चुके हैं। ऐसे में इंग्लैंड (शीर्ष पर), जर्मनी और स्पेन जैसे टीमें असली प्रतिद्वंदी होंगी। अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मुकाबले भी बेहद अहम होंगे। यह हमारे लिए एक बड़ा चैलेंज है और अगर हम जल्दी क्वालिफाई कर लेते हैं, तो वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया (फिलहाल छठे स्थान पर) की टीम पिछले सीजन की एफआईएच प्रो लीग विजेता होने के चलते वर्ल्ड कप के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। बेल्जियम और नीदरलैंड मेज़बान टीम होने के कारण क्वालिफाई कर चुके हैं। जर्मनी अभी पांचवें स्थान पर है, लेकिन उसके पास छह मैच बाकी हैं और वह भारत के क्वालिफिकेशन में रुकावट बन सकती है। विदेशी दौरे से पहले भारतीय टीम ने बीते तीन हफ्तों में साईं सेंटर, बेंगलुरु में कई गहन ट्रेनिंग सेशन किए हैं, जिनमें रेड, ऑरेंज और ग्रीन सेशन शामिल थे। हार्दिक ने हँसते हुए बताया, ट्रेनिंग सेशन बेहद सख्त रहे हैं। फिटनेस और कंडीशनिंग पर खास काम हुआ है। कोच और साइंटिफिक एडवाइज़र एलन ने हमें जमकर पसीना बहवाया है। उन्होंने बताया, ल्हमारी कोशिश यही है कि हम बैक-टू-बैक मैचों के लिए अपनी फिटनेस पीक पर रखें, क्योंकि मुकाबलों के बीच ज्यादा रेस्ट नहीं मिलेगा। जब आराम का मौका मिलेगा, तब हम नीदरलैंड से बेल्जियम यात्रा कर रहे होंगे।

# नडाल ने कहा संन्यास से खुश हूं, छह महीने में रैकेट नहीं उठाया

पेरिस। रफ़ेल नडाल ने अपने शानदार कैरियर का आखिरी मैच खेलने के बाद से पिछले छह महीने में टेनिस रैकेट नहीं उठाया है और उनका कहना है कि अब वह सिर्फ नुमाइशी मैच खेलने के लिये ही रैकेट उठायेंगे और संन्यास के अपने फैसले से खुश हैं। उन्हें इस बात का कोई मलाल नहीं कि 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जिताने वाली प्रतिस्पर्धी भावना भीतर से खत्म होने के बाद खेल से विदा लेने में उन्होंने देर नहीं की। उन्होंने सर्वाधिक 14 बार फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। नडाल ने यहां कहा ,'' मैं अब गोल्फ खेलने का मजा लेता हूं और बाकी चीजों में भी आनंद आ रहा है। अब वह अपनी पत्नी और दो वर्ष के बेटे को पूरा समय देते हैं। उनका परिवार भी यहां पहुंचा था जब उन्हें फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा ,'' मुझे टेनिस की उतनी कमी नहीं खल रही क्योंकि मेरे पास जितना कुछ था, मैने टेनिस को दे दिया।

# सात्विक-चिराग से दमदार वापसी की उम्मीद: प्रणय, लक्ष्य, सिंधू भी सिंगापुर ओपन में चुनौती पेश करेंगे

एजेंसी

सिंगापुर। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे। इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की। उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था। वह डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते समय इसी तरह का दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। प्रणय पिछले साल चिकनगुनिया से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में हैं। लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से निराशाजनक प्रदर्शन किया है। वह इस सत्र में चार बार शुरुआती दौर से ही बाहर हो गये हैं। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। तेईस साल का यह खिलाड़ी छह प्रतियोगिताओं में शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रहा है। किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। वह चीन के वेंग हंग यांग के खिलाफ अपने मौके को भुनाना चाहेंगे। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है।

# विटोरी ने शमी का बचाव किया

एजेंसी

नयी दिल्ली, 26 मई (भाषा) सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में 110 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का बचाव किया जो मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में विफल रहे। शमी आईपीएल 2025 में लय में नहीं दिखे और नौ मैचों में सिर्फ छह विकेट चटका पाए। उन्हें इंग्लैंड में होने वाली पांच मैच की आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए भी भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। विटोरी ने हालांकि नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत के बाद शमी का बचाव करते हुए संवाददाताओं से कहा, ''बहुत समय से उन्होंने टी20 क्रिकेट नहीं खेला था इसलिए वापस ढलने में हमेशा थोड़ा समय लगता है और जाहिर है कि पिछले 18 महीनों में खेल बहुत तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा, ''जब वह पिछली बार गुजरात टाइटंस के लिए खेले थे तो पर्पल कैप विजेता थे इसलिए मुझे लगता है कि उनके लिए चुनौती प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना है। मुझे लगता है कि जब वह उस लंबाई पर गेंद डालते हैं तो वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर होते हैं और शायद इस बाद वह उस सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं थे जो हमने अतीत में देखा है। विटोरी ने कहा, मुझे पता है कि उन्होंने असाधारण रूप से कड़ी मेहनत की थी और वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब थे लेकिन यह उनका सत्र नहीं था लेकिन ऐसा कोई कारण नहीं है कि वह एक गेंदबाज के रूप में अपने स्तर को देखते हुए वापसी ना कर सकें। विटोरी ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे की भी सराहना की जिन्होंने अंतिम चरण में एकादश में शामिल होने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। दुबे ने तीन मैच में 19.60 के औसत से पांच विकेट चटकाए जिसमें नाइट राइडर्स के खिलाफ 34 रन पर तीन विकेट का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है। विटोरी ने कहा, ''टीम में आने के बाद से उसने (दुबे ने) जो कुछ किया उससे हम बहुत खुश हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड और अन्य के खिलाफ ईडी की छापेमारी, 1.70 करोड़ रुपये जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल), जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) और कई ठिकानों पर छापेमारी के दौरान 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। ये कार्रवाई घर खरीददारों से कथित धोखाधड़ी के मामले में धनशोधन जांच के तहत की गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बताया कि ईडी के दिल्ली जोनल कार्यालय ने 23 मई को जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल), जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) और अन?य संबंधित संस्थाओं की जांच के संबंध में पीएमएलए के तहत दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई सहित 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान जेएएल के प्रमुख व्यावसायिक सहयोगियों गौरसंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन होम्ज़ प्राइवेट लिमिटेड और महागुन रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित कार्यालयों और परिसरों में तलाशी ली गई है। ईडी ने बताया कि यह तलाशी अभियान घर खरीदारों से धोखाधड़ी के मामले से जुड़ा है। ईडी अधिकारियों ने छापेमारी में 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

## ग्रो ने गोपनीय मार्ग से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए, एक अरब डॉलर तक जुटाने का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** ग्रो ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने सोमवार को बताया कि 'स्टॉक ब्रोकिंग' कंपनी ने गोपनीय मार्ग से भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए। आईपीओ का अनुमानित आकार 70 करोड़ डॉलर से एक अरब डॉलर के बीच हो सकता है। यह नए निर्गम और बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि कंपनी को पीक इुट्ठ, टाइगर कैपिटल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला जैसे प्रमुख निवेशकों का समर्थन प्राप्त है। कंपनी आईपीओ से प्राप्त राशि का इस्तेमाल प्रौद्योगिकी विकास एवं कारोबार विस्तार में निवेश के लिए करने की योजना बना रही है। इस निर्गम का प्रबंधन करने के लिए ग्रो ने जेपी मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल सिक्योरिटीज लिमिटेड को नियुक्त किया है।

## जुपिटर की आंध्र प्रदेश में 2700 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करने की योजना

**अमरावती।** जुपिटर रिन्यूएबल्स आंध्र प्रदेश में सौर सेल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 2,700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। राज्य में संयंत्र स्थापित करने वाली यह तीसरी कंपनी होगी। राज्य तेजी से सौर मॉड्यूल और सेल उत्पादन में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा निवेश को मंजूरी देने के आदेश में कहा गया, कोलकाता स्थित जुपिटर इंटरनेशनल की अनुषंगी कंपनी जुपिटर रिन्यूएबल्स, 2,700 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अनकापल्ली जिले के रामबिल्ली में 4.8 गीगावाट (जीडब्ल्यू) सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) सेल एवं 1.5 गीगावाट मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। जुपिटर राज्य में सौर ऊर्जा विनिर्माण आधार स्थापित करने वाली तीसरी कंपनी है। राज्य अब इस क्षेत्र में गुजरात, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे अग्रणी राज्यों को चुनौती दे रहा है।

## भूषण स्टील का परिसमापन:न्यायालय ने एनसीएलटी के समक्ष लंबित कार्यवाही पर यथास्थिति बनाए रखने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड (बीपीएसएल) के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष जारी परिसमापन कार्यवाही पर यथास्थिति बनाये रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि बीपीएसएल के परिसमापन से समीक्षा याचिका पर असर होगा। जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड द्वारा समीक्षा याचिका दाखिल की जानी है। पीठ ने कहा, इस स्तर पर कोई राय व्यक्त किए बिना, हमारा मानना है कि यह न्याय के हित में होगा यदि एनसीएलटी के समक्ष लंबित कार्यवाही पर यथास्थिति बनाए रखी जाए।

# दक्षिण-पूर्व एशियाई देश संयुक्त ब्लॉक के रूप में शुल्क पर चर्चा चाहते हैं : मलेशियाई प्रधानमंत्री

कुआलालंपुर। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देश अमेरिकी शुल्क से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों और म्यांमा में चार साल से जारी गृहयुद्ध सहित अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए एक संयुक्त मोर्चा बनाएंगे। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के वार्षिक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए अनवर ने कहा कि वह शुल्क पर चर्चा के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त ब्लॉक बैठक की मांग कर रहे हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल के अंत में यह बैठक हो पाएगी। मलेशिया वर्तमान में आसियान की अध्यक्षता कर रहा है। अनवर ने कहा, '' आसियान के लिए, हमारी शांति, स्थिरता एवं समृद्धि अकसर एक खुली, समावेशी, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर निर्भर रही है३ इन नींवों को अब मनमाने ढंग से कार्रवाई के तहत ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आसियान के कुछ सदस्य देशों ने द्विपक्षीय वार्ता के साथ-साथ अमेरिकी शुल्क से निपटने में समन्वय के लिए एक कार्यबल का गठन किया है। आसियान के सदस्यों में सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और फिलीपीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। साथ ही वियतनाम, कंबोडिया, लाओस और म्यांमा जैसी अर्थव्यवस्थाएं भी इसका हिस्सा हैं। यह क्षेत्र निर्यात के मामले में अमेरिका पर निर्भर है और ट्रंप प्रशासन के शुल्क से प्रभावित हुआ है। अमेरिका ने सिंगापुर पर 10 प्रतिशत से लेकर कंबोडिया पर 49 प्रतिशत तक शुल्क लगाया है। अमेरिका ने हालांकि अप्रैल में अधिकतर देशों पर लगाए गए शुल्क को 90 दिन के लिए टाल दिया है। इस महीने उसने अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ भी इसी तरह का समझौता किया, जिससे व्यापार युद्ध की आशंका कम हुई है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 400 रुपये से लेकर 440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये से लेकर 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,500 रुपये से लेकर 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज मामूली तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति वर्मा की इन-हाउस जांच रिपोर्ट मांग वाली आरटीआई याचिका की खारिज

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी मिलने के आरोपों के मामले में की गई आंतरिक (इन-हाउस) जांच समिति की रिपोर्ट की प्रति राइट टू इनफार्मेशन (आरटीआई) अधिनियम के तहत देने से इनकार कर दिया है।

शीर्ष अदालत ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता, आनुपातिकता परीक्षण, निजता के अधिकार का हनन और गोपनीयता के कर्तव्य का उल्लंघन आदि का हवाला देते हुए रिपोर्ट साझा करने से इनकार किया। न्यायमूर्ति वर्मा फिलहाल में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं। उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। महाराष्ट्र के वकील अमृतपाल सिंह खालसा आरटीआई अधिनियम के तहत जांच रिपोर्ट देने की गुहार लगाई थी। उन्होंने नौ मई को इन-हाउस जांच रिपोर्ट और शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को आगे की कार्रवाई के लिए लिखे गए पत्रों की प्रति मांगते हुए आरटीआई दायर की थी। शीर्ष अदालत की केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) हिमानी सरद ने 21 मई को खालसा का आरटीआई आवेदन को खारिज कर दिया था। खारिज करने का आधार बताते हुए कहा गया कि उच्चतम न्यायालय बनाम सुभाष चंद्र अग्रवाल मामले में शीर्ष अदालत के फैसले में निर्धारित मानदंडों के कारण मांगी गई जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता है। अधिकारी ने जवाब में कहा, ‘आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(ई) और धारा 11(1) के प्रावधानों के संदर्भ में न्यायपालिका की स्वतंत्रता, आनुपातिकता परीक्षण, व विश्वासयुक्त संबंध, निजता के अधिकार का हनन और गोपनीयता के कर्तव्य का उल्लंघन आदि जैसे सिविल अपील में पारित उच्चतम न्यायालय के 13 नवंबर, 2019 के फैसले में उल्लिखित परीक्षणों के मद्देनजर जानकारी प्रदान नहीं की जा सकती है।न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहते हुए कथित तौर पर 14-15 मार्च को आग की घटना के दौरान नकदी बरामद की गई थी। उन्हें बाद में उनके मूल उच्च न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। न्यायाधीशों की जांच रिपोर्ट में न्यायमूर्ति वर्मा को दोषी ठहराया गया था। कथित तौर पर उन्होंने पैनल की रिपोर्ट के बाद पद छोड़ने से इनकार कर दिया, जिसके बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से उनके खिलाफ महाभियोग चलाने का अनुरोध किया। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश ने 22 मार्च को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनु शिवरामन की समिति गठित की थी। यह समिति घटना के सामने आने के कुछ दिनों के भीतर ही आंतरिक जांच के तहत गठित की गई थी। शीर्ष अदालत की विज्ञप्ति के अनुसार समिति ने तीन मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया और चार मई को मुख्य न्यायाधीश को उसे सौंप दिया था।

# मोदी ने पिछले 11 साल में कर दी देश की दुर्दशा : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल के दौरान देश बर्बाद हो गया है और इस दौरान देश मे बेरोजगारी बढ़ी, अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई और विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई है।

श्री खरगे ने आज यहां जारी बयान में कहा 11 सालों में बड़े-बड़े ‘वादों‘ को खोखले ‘दावों‘ में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा कर दी, कि ‘अच्छे दिन‘ की बात अब एक ‘डरावने सपने‘ की तरह साबित हुए। युवा, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की ग़ायब। किसान, न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खाने पड़ी रबर बुलेट, महिला, आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार, कमज़ोर वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, अपलसंख्यक पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी ख़त्म। उन्होंने पिछले 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था तथा विदेश नीति को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा अर्थव्यवस्था, महँगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़, खपत ठप्प, मेक इन इंडिया रहा फ्लॉप और असमानता चरम पर। विदेश नीति, वादा था ‘विश्वगुरु‘ बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र, हर स्तंभ पर आरएसएस का हमला, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़ और 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान।

# भारत और मालदीव ने रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने उपायों पर व्यापक विचार विमर्श किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और मालदीव ने आज यहां द्विपक्षीय व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझीदारी के तहत राजनीतिक आदान-प्रदान, रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, विकास साझीदारी को बढ़ावा देने उपायों पर व्यापक विचार विमर्श किया।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज यहां भारत-मालदीव उच्च स्तरीय कोर ग्रुप (एचएलसीजी) की दूसरी बैठक की सह-अध्यक्षता की। डॉ खलील इस बैठक में भाग लेने के लिए रविवार को भारत की तीन दिन की यात्रा पर आए हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि 26 मई को विदेश मंत्री डॉ. खलील ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझीदारी पर भारत-मालदीव विजन दस्तावेज़ के कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी के लिए भारत-मालदीव उच्च स्तरीय कोर ग्रुप (एचएलसीजी) की दूसरी बैठक में मालदीव का नेतृत्व किया। बैठक के दौरान, राजनीतिक आदान-प्रदान, रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विकास साझीदारी, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों को तेज करके संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन पर चर्चाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. खलील ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने भारत के लोगों और सरकार के साथ मालदीव की एकजुटता और आतंकवाद के खिलाफ उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई में भारत को उसके दृढ़ समर्थन को व्यक्त किया। विदेश मंत्री डॉ. खलील ने मालदीव को समय पर दी जाने वाली आपातकालीन वित्तीय सहायता के लिए भारत सरकार को भी धन्यवाद दिया और माना कि इस मदद ने मालदीव के लोगों के रोजमर्रा के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. खलील ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी की, जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। यह भी निर्णय लिया गया कि तीसरी एचएलसीजी बैठक में मालदीव के माले में पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथियों पर आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मालदीव भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और भारत की ‘पड़ोस प्रथम‘ नीति और विजन महासागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार है, अर्थात, पूरे क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र प्रगति। इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझीदारी को मजबूत किया है।

## कांग्रेस ने गौरव गोगोई को सौंपी असम की कमान

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त कर उनके सहयोग के लिए तीन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भी नियुक्त किये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और सभी पदाधिकारी को तत्काल काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि श्री गोगई को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है जबकि वरिष्ठ नेता जाकिर हुसैन सिकदर, श्रीमती रोजलीना टिर्की तथा प्रदीप सरकार को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। श्रीमती टिर्की को कांग्रेस सचिव पद से मुक्त किया गया है। श्री वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी ने भूपेन बोरा को प्रचार समिति, देवव्रत सैकिया को समन्वय समिति, प्रद्युत बोरडोलोई को घोषणा पत्र समिति तथा रकीबुल हुसैन को पब्लिसिटी विभाग का प्रमुख बनाया है।

# कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले : धनखड़

एजेंसी



नरसिंहपुर। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुये कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है।

श्री धनखड़ ने सोमवार को मध्यप्रदेश के नरसिंह पुर में ‘कृषि उद्योग समागम’ का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं।

उप राष्ट्रपति ने कहा, यदि ये सब सीधी किसानों को दी जायें, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज़्यादा से ज़्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है। कृषि का उद्योग से व्यापक स्तर पर जुड़ाव-लगाव है। देश की आर्थिक प्रगति पर श्री धनखड़ ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने बड़ी आर्थिक छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। बहुत ही जल्दी भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनने वाला है। कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमियों के रूप में उभरना चाहिए। देश में 730 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनेक संस्थायें हैं। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख गैर सरकारी संगठनों को किसान बहुल गांवों को गोद लेना चाहिए। गांवों में किसान उद्यमियों का बढ़ावा देना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि किसान को उद्योग और व्यापार में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा, तो देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 से पहले हासिल हो जायेगा।

## ट्रम्प यूरोपीय संघ पर नौ जुलाई तक शुल्क न बढ़ाने पर सहमत

न्यूयॉर्क/ब्रुसेल्स। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक स्थगित करने पर सहमत हो गये हैं।

यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन पर इस संबंध में अनुरोध किया था। इसके बाद, श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, ‘‘ऐसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।‘‘ उन्होंने लिखा कि वॉन डेर लेयेन ने उनसे कहा है कि वह इस मुद्दे पर गंभीर बातचीत करना चाहती हैं।

सुश्री लेयेन ने भी ‘एक्स‘ पर लिखा कि श्री ट्रम्प के साथ बातचीत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि यूरोप शुल्क पर तेजी से और निर्णायक रूप से बातचीत आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, शुक्रवार को श्री ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

## मुख्य न्यायाधीश गवई लंदन में भारतीय मध्यस्थता परिषद के तीसरे सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ‘भारत-ब्रिटेन वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता: भारत-ब्रिटेन मध्यस्थता प्रथाओं में तालमेल‘ विषय पर लंदन में पांच जून को आयोजित इस तीसरे अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

लंदन के ऐतिहासिक चर्च हाउस, वेस्टमिंस्टर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश गवई के अलावा केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और यूके उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश माननीय लॉर्ड ब्रिग्स मुख्य रूप से अपने विचार साझा करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय कानूनी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जाने वाले इस सम्मेलन की मेजबानी भारतीय मध्यस्थता परिषद (आईसीए) करने जा रही है। उच्च स्तरीय इस सम्मेलन में भारत और यूनाइटेड किंगडम दोनों से कानूनी विशेषज्ञों, वरिष्ठ नीति निर्माताओं, संस्थागत प्रमुखों और मध्यस्थता पेशेवरों की एक प्रतिष्ठित टीम एक साथ आएगी। यह कार्यक्रम प्रतिष्ठित लंदन अंतर्राष्ट्रीय विवाद सप्ताह 2025 के एक हिस्से के रूप में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में सीमा पार विवाद समाधान की उभरती गतिशीलता, संस्थागत मध्यस्थता में सर्वोत्तम प्रथाओं और दोनों क्षेत्राधिकारों के बीच गहन कानूनी और विनियामक आदि की संभावनाओं पर केंद्रित चर्चाएं होंगी। यह सम्मेलन भारत-ब्रिटेन कानूनी और आर्थिक संबंधों में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मोड़ पर हो रहा है। यह कार्यक्रम भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और बार काउंसिल ऑफ इंडिया की 14 मई, 2025 की अधिसूचना को हाल ही में अंतिम रूप दिए जाने के बाद हो रहा है, जिसमें विदेशी वकीलों और कानूनी फर्मों को पारस्परिक आधार पर भारत में विदेशी कानून का अभ्यास करने की अनुमति दी गई है, ये दो ऐतिहासिक विकास हैं जिनसे अंतरराष्ट्रीय कानूनी अभ्यास की रूपरेखा को नया रूप मिलने की उम्मीद है।

# डैशकैम को अनिवार्य किया जाए : सर्वे

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के वाहन मालिकों विशेषकर कार मालिकों ने सुरक्षा के लिए फ्रंट एंड बैक डैशकैम महत्वपूर्ण माना है और कंपनियों से इसके अनिवार्य रूप से लगाये जाने की इच्छा व्यक्त की है।

सर्वे प्लेटफॉर्म पार्क प्लस रिसर्च लैब्स ने आज अपने नवीनतम शहर-केंद्रित सर्वेक्षण के प्रमुख निष्कर्ष साझा किए। दिल्ली एनसीआर, मुंबई और बेंगलुरु में 3,000 कार मालिकों पर किए गए इस सर्वे का उद्देश्य यह समझना था कि आज के कार मालिक नई कारों में किस एक फीचर को अनिवार्य चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 48 प्रतिशत प्रतिभागियों ने उम्मीदों के विपरीत 6 एयरबैग या बीएनसीएपी रेटिंग नहीं बल्कि फ्रंट और बैक डैशकैम को उस सुरक्षा फीचर के रूप में चुना जिसे सरकार और कार निर्माता कंपनियों को अनिवार्य बनाना चाहिए। इस पसंद के पीछे उत्तरदाताओं ने जो कारण बताए, वह भी कम रोचक नहीं है। उनका कहना है कि रोड रेज की बढ़ती घटनाएं, असुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार, हिट-एंड-रन केस और बीमा दावों में पेचीदगियों को देखते हुए आज यह बेहद जरूरी हो गए हैं। आज के शहरी ट्रैफिक माहौल में डैशकैम को सिर्फ एक्सेसरी नहीं, बल्कि सबूत देने वाले साधन के रूप में देखा जा रहा है, जो ड्राइवर को ताकतवर बनाते हैं और जवाबदेही को प्रोत्साहन देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एयरबैग या क्रैश टेस्ट रेटिंग जैसे कार सेफ्टी फीचर सर्वे में टॉप पर नहीं रहे क्योंकि ग्राहकों ने उन्हें अब मूलभूत आवश्यकता मान लिया है जिस पर वे कोई समझौता नहीं करना चाहते। अब मांग स्मार्ट, टेक-इनेबल्ड फीचरों की है जो रियल टाइम और घटना के बाद की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसमें शामिल 32 प्रतिशत प्रतिभागियों ने भारत न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (बीएनसीएपी) की 5-स्टार रेटिंग को अपनी प्राथमिकता बताया। संरचनात्मक सुरक्षा महत्वपूर्ण मानी जा रही है और अब यह नई कारों में ‘अतिरिक्त’ नहीं बल्कि ‘मूल’ मानक बन चुकी है। सर्वे में शामिल लोगों में से मात्र 10 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 6 एयरबैग को चुना और केवल 8 प्रतिशत ने ऑल-व्हील डिस्क ब्रेक्स को ज़रूरी सेफ्टी फीचर बताया। इसका अर्थ है कि लोग मानते हैं कि निर्माता पहले से ही इन्हें दे रहे हैं, अब वे ज़्यादा नियंत्रण और प्रमाण देने वाले फीचर चाहते हैं, जिससे डैशकैम जैसे फीचर मुख्य आवश्यकता बन गए हैं।

# पेज एक का शेष

## पाकिस्तान के लिए...

नेटवर्क को और मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा, भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटक आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह ‘मेक इन इंडिया‘ पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाये जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी फैले हुए हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा, विकसित भारत के निर्माण के लिए आदिवासी क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के उनके लंबे अनुभव ने राष्ट्रीय स्तर की पहल में योगदान दिया है। श्री मोदी ने उस समय को याद किया जब गुजरात में आदिवासी बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, पूरे आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है, अच्छे कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज और इन समुदायों की सेवा करने वाले दो समर्पित आदिवासी विश्वविद्यालय हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर को...

यह दृश्य भारत की त्रिसेना एकता और संयुक्त रणनीतिक सोच का प्रतीक है। सेना द्वारा जारी इस बुकलेट में न केवल ऑपरेशन के रणनीतिक पहलुओं और टारगेटेड स्ट्राइक्स का विवरण दिया गया है, बल्कि यह भी दर्शाया गया है कि कैसे उच्च सैन्य नेतृत्व ने मिशन की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखी और महत्वपूर्ण फैसले लिए। बीएसएफ सीमांत मुख्यालय के आईजी एमएल गर्ग ने जोधपुर में कहा- राजस्थान के फलोदी एयरबेस सहित अन्य संवेदनशील ठिकानों को पाकिस्तान की सेना ने निशाना बनाया था। हर पल हमारी फोर्सेज ने सटीक टाइमिंग के साथ जहां जैसी जरूरत पड़ी, उसके अनुसार जवाब दिया।

## जीएसडीपी में योगदान...

बांदा 21.20, मैनपुरी 20.47, सुल्तानपुर 20.10, बदायूं 19.93, हमीरपुर 19.20, फुलपुर 18.93 एवं अमेठी 18.77 फीसदी हैं। प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार सभी जनपदों के विकास, राज्य सरकार की दूरदर्शिता, कुशल नीति निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन में होता है। वर्ष 2023-24 के जीडीपी आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि प्रदेश की आर्थिक वृद्धि प्रदेश के कुछ चुनिंदा नगरीय केन्द्रों तक ही नहीं वरन सम्पूर्ण राज्य में वितरित हो रही है। सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 13.5 फीसदी की वृद्धि इसी तरह वर्ष 2023-24 में प्रदेश की स्थिर कीमतों में आधारित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 फीसदी की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। प्रत्येक जिले का अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (डीडीपी) दर्शाता है कि जिलों की आर्थिक संरचना का अनुपात, साझा योगदान तथा प्रगति की दिशा क्या है। प्रतिव्यक्ति आय 94068 पहुंची राज्य की तेजी से आगे बढ़ती अर्थ एवं उत्पादन प्रक्रिया दर्शा रही है कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 94,068 रुपये तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.1 प्रतिशत अधिक है। यह दर गत 5 वर्षों में सर्वाधिक है। दो लाख से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज करने वाले शीर्ष 10 जनपदों में गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, कानपुर नगर, वाराणसी, नोएडा, प्रयागराज और मुजफ्फरनगर शामिल हैं। उत्तर प्रदेश का जनपद स्तर पर अपनी भौगोलिक, सांस्कृतिक और क्षेत्रीय विशेषताओं के अनुरूप विकास हो रहा है। राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में औद्योगिक उत्पादन और शहरीकरण बढ़ रहा है, वहीं पूर्वी और मध्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचा, कृषि, स्वास्थ्य और सामाजिक उद्योग अपने तेज़ी से उन्नति कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश इस गति से प्रभावित पथ पर चलते हुए देश की तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहा है। यह प्रगति न केवल उत्तर प्रदेश के आर्थिक मानचित्र को पुनर्संव्यवस्थित करती है, बल्कि प्रत्येक जनपद, संसाधन एवं सपने को भी साकार करती है। ‘विकसित भारत के लिए विकसित राज्य अ2047 की दिशा में सफलता के साथ अग्रसर है।

## प्राथमिक विद्यालयों में...

रुचि बढ़ाई जाएगी। बच्चों का नैतिक विकास होगा। प्रभु श्री राम के आदर्शों से नई पीढ़ी परिचित होगी। कोर्ट ने याचिक खारिज कर दी। साथ ही कहा कि याची अपनी विधिक हैसियत साबित करने में विफल रहा। साथ ही याची यह भी नहीं बता सका कि अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या का आलोच्य आदेश उसे कैसे मिला है।

## पॉक्सो एक्ट का केस...

के तहत, और दूसरी पॉक्सो एक्ट के तहत। पॉक्सो केस में नाबालिग शिकायतकर्ता ने अपने आरोप वापस ले लिए थे, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी। हालांकि, महिला पहलवानों की ओर से दर्ज यौन उत्पीड़न के दूसरे मामले में पांच महिला पहलवानों की शिकायतों के आधार पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार्ज फ्रेम किए गए हैं। इस केस को लेकर सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट में एफआईआर, चार्जशीट और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को चुनौती दी है, जिसकी सुनवाई फिलहाल लंबित है। इससे पहले, 17 मई को अदालत ने शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को समन भेजकर 26 मई को पेश होने का निर्देश दिया था, ताकि यह तय किया जा सके कि पुलिस की केस निरस्तीकरण रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या नहीं।

## हर विद्यालय में शिक्षक-छात्र...

में स्कूली खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को ब्लॉक, जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर आयोजित करने की योजना के बारे में बताया, ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके। मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25-30 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे। साइंस, कंप्यूटर लैब, स्टेडियम, और मल्टीपर्पज हॉल के साथ ये स्कूल शिक्षा का एक नया मॉडल होंगे। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों को अटल आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा जो बच्चों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं देगा। सीएम योगी ने डीबीटी के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक बच्चों को यूनिफॉर्म, बैग, जूते, मोजे, और स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये प्रति छात्र प्रदान करने की योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह धनराशि सीधे बच्चों के खाते में जाती है। अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि यह राशि बच्चों की जरूरतों पर ही खर्च हो। उन्होंने ‘स्कूल चलो अभियान’ को गति देने का निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षक और प्रधानाचार्य घर-घर जाकर 5-14 वर्ष के बच्चों को स्कूल से जोड़ें। गांव में कोई बच्चा स्कूल से वंचित न रहे। ढोल-नगाड़े के साथ नए बच्चों का स्वागत करें और स्वच्छता अभियान को विद्यालयों से जोड़ें। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक देश के भविष्य को गढ़ते हैं। आपका सम्मान उन बच्चों में है, जिनके भविष्य को आप संवार रहे हैं। समय का सदुपयोग करें, क्योंकि समय किसी का इंतजार नहीं करता। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार का केंद्र बन गया है, जो बच्चों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर रहा है। सीएम योगी ने 7,409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, 5,258 विद्यालयों में आईसीटी लैब, शिक्षकों को 51,667 टैबलेट्स वितरण, 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान में स्थापित एडुकेशनल ब्रॉडकास्ट स्टूडियो, कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं के स्मार्ट असेसमेंट हेतु निपुण प्लस एप, समस्त परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैंप नवाचार का शुभारंभ किया। साथ ही सीएम योगी ने निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 शिक्षकों का सम्मान, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा सृजन पुस्तकें ‘सारथी‘ एवं ‘अनुरूपण‘ का विमोचन किया। सीएम योगी ने लोकभवन में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और बच्चों से उनकी प्रदर्शनी के बारे में बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार समेत कई अधिकारीगण व गणमान्य मौजूद रहे।

# वन नेशन वन इलेक्शन से डबल होगी देश के विकास की रफ्तार : रामनाथ कोविंद

■ दो दिवसीय हरिद्वार प्रवास पर पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परिवार सहित सोमवार को अपने दो दिवसीय प्रवास पर हरिद्वार के कनखल स्थित हरिहर आश्रम पहुंचे।पूर्व राष्ट्रपति ने वन नेशन वन इलेक्शन पर कहा कि इससे देश में विकास की रफ्तार डबल होगी। इससे देश की जीडीपी एक से डेढ़ फीसदी बढ़ेगी। पूर्व राष्ट्रपति सायंकाल हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में भी हिस्सा लेगें। इससे पहले वह यहां उन्होंने जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज का आशीर्वाद लिया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने देश के समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर रिपोर्ट दे दी है। इससे देश में विकास की रफ्तार डबल होगी। भारत सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया है। पार्लियामेंट ने इस पर विधेयक बनाया है। अभी ये विधेयक जेपीसी के सामने विचारार्थ है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी में जो निर्णय आएगा जैसा भी संसद को उचित लगेगा, उस पर काम होगा। उन्होंने कहा अभी तीन दिन पहले ही इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड की रिपोर्ट आई है, जिसमें भारत अब पांचवी अर्थव्यवस्था से बढ़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था हो गया है। हम विश्व में चौथे नंबर की आर्थिक शक्ति बन गए हैं। हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी हम से आगे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में हम तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर पर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि यह ऑपरेशन हमारी सेनाओं के शौर्य का प्रतीक है, जिसको देश और दुनिया सदियों तक याद रखेगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमने विश्व में एक बहुत बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा इस ऑपरेशन को आतंकवाद के खिलाफ हमेशा याद रखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का दिल्ली के झुग्गीवासियों को पक्का मकान देने का वादा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज शालीमार बाग में सीवर, गैस और पानी की पाइप लाइनों का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर राजधानी के झुग्गीवासियों को पक्का मकान देने का वादा भी किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी पर व्हाट्स ऐप के माध्यम से झुग्गियों के विध्वंस के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने डीयूएसआईबी के माध्यम से झुग्गियों में नालियों, सड़कों, शौचालयों, स्नानघरों और पार्कों के लिए बजट में 700 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

उन्होंने उद्घाटन कार्यक्रम में पत्रकारों को बताया कि दिल्ली सरकार झुग्गीवासियों को पक्के मकान प्रदान करेगी। जब तक मकानों का आवंटन नहीं हो जाता तब तक यह लोग सुविधाओं के साथ अपनी झुग्गियों में सुरक्षित रहेंगे। रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले महीने प्रत्येक जलभराव बिंदु के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई थी। रेखा गुप्ता ने कहा कि हाल की बारिश में मिंटो ब्रिज अंडरपास के डूबने पर जवाबदेह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि जलभराव बिन्दु पर निगरानी के लिए नियुक्त अधिकारी काम ठीक से करें, अन्यथा उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# अमृतसर में अकाली पार्षद की हत्या का कनेक्शन किशन गिरोह से निकला, चार गुर्गे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर के शिरोमणि अकाली दल के पार्षद की हत्या का कनेक्शन विदेश में रहने वाले किशन गिरोह से निकला है। इसी गिरोह से जुड़े चार बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया है। कस्बा जंडियाला गुरु के अकाली पार्षद हरजिंदर सिंह की रविवार को अज्ञात लोगों ने गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने विदेश में रहने वाले किशन गैंग से जुड़े एक संगठित अपराध नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि नगर पार्षद हरजिंदर सिंह उर्फ बहमन की हत्या के मामले को 8 घंटे के भीतर सुलझा लिया गया है। किशन गिरोह के चार गुर्गों के बारे में पता चला तो पुलिस टीमों ने इनका पीछा किया। इसी दौरान फतेहपुर के पास गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में एसएचओ छेहरटा ने अपनी सर्विस बंदूक से जवाबी कार्रवाई की, जिससे गोपी के दाहिने पैर में चोट लग गई। उसे तुरंत चिकित्सा देखभाल के लिए अमृतसर के सिविल अस्पताल में ले जाया गया और वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है। डीजीपी ने बताया कि इनके पास से एक ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल बरामद की गई है। डीजीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, गुरप्रीत सिंह, अमित तथा गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी के रूप में हुई है। अतिरिक्त सहयोगियों की पहचान करने और गिरोह के पिछले और आगे के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

# राज्यपाल ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में की पूजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। नैनीताल प्रवास पर आए उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेनि सोमवार, 26 मई की सुबह नैनीताल स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे व मां नैना देवी मंदिर पहुंचे। जहां गुरुद्वारे में मत्था टेकाने और मां नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान उन्होंने यहां प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति व मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों की ओर से राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर आगमन पर मंदिर के पूजारी ने मंत्रों का उच्चारण करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेनि को तिलक लगाया। यहां राज्यपाल ने जहां देवी मां की आरती की तो साथ ही भगवान शिव पर जल भी चढ़ाया। वहीं गुरुद्वारा में उन्होंने गुरुग्रंथ साहिब को प्रणाम करने के बाद उन पर चवर साहिब को श्रृद्धापूर्वक लहराया। कुछ समय गुरुद्वारे में रुककर प्रसाद ग्रहण किया। नैनीताल स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे और मां नैना देवी मंदिर पहुंचे राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे स्थलों पर आकर एक विशेष प्रकार की आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के प्रत्येक तीर्थ स्थल की अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक पहचान है, जो न केवल मन को शांति प्रदान करती है, बल्कि आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार भी करती है।

# सोते हुए पिता की बेटे ने ही गोली मारकर की थी हत्या, गिरफ्तार

हरिद्वार। जनपद के खानपुर थाना क्षेत्र में रात्रि में सो रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका सगा बेटा ही निकला। आरोपित पिता की रोक-टोक करने की आदत से परेशान था, जिस कारण उसने यह घातक कदम उठाया। हत्याकांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने पांच हजार व पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल ने 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि 23 मई की देर रात्रि को खानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हस्तमौली बस्ती निवासी व्यक्ति की सोते हुए गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हत्या के संबंध में मृतक के मलखान के पुत्र सौरभ ने 112 नंबर पर पुलिस को हत्याकांड की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मौके पर मलखान पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र सिंह मृत पड़ा हुआ था। उसके सीने में गोली मारी गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# ग्राम्य विकास मंत्री से विधायक कर्णप्रयाग ने की विकास कार्यों पर चर्चा

देहरादून। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से आज उनके कैंप कार्यालय में कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने भेंट की। उन्होंने कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सड़कों और पुलों के निर्माण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक अनिल नौटियाल ने ग्राम्य विकास मंत्री से बकरिया बैंड से छिमटा, जंगलचट्टी (खेती) से सिराना, गॉल से मठकोट, बुंगीधार मेहलचोरी बछुआबाण से कोलानी और देवपुरी तक के पांच मोटर मार्गों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि इन स्थानों पर बने पुलों के साथ अप्रोच रोड का कार्य अधूरा है। इसके अतिरिक्त, विधायक ने लाटूगैर से नैणी (3.5 किमी) और स्यूंणी मल्ली (4.5 किमी) सड़क की खस्ताहाल स्थिति की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया।

# फारबिसगंज के नए एसडीओ के रूप में रंजीत रंजन ने दिया योगदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज के नए एसडीओ रंजीत रंजन ने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय में अपना योगदान दिया।इससे पहले वे गया के शेरघाटी से भूमि सुधार उप समाहर्ता के पद पर आसीन थे,जहां से स्थानांतरण होकर फारबिसगंज अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में योगदान दिया।उनके योगदान पर अनुमंडल कार्यालय के कर्मचारियों और अधीनस्थ अधिकारियों ने उनका स्वागत बुके प्रदान कर किया।योगदान के समय शहर के प्रबुद्धजनों की ओर से भी नए अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत बुके प्रदान कर किया गया। राजद नगर निकाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वाहिद अंसारी,जदयू प्रदेश सचिव रमेश सिंह,कारोबारी इजहार अंसारी,सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार जायसवाल सहित अन्य ने नए अनुमंडल पदाधिकारी का स्वागत करते हुए शहर और अनुमंडल को लेकर निहित समस्याओं और उसके निदान को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया,जिस पर नए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी समस्याओं के निदान को लेकर समुचित सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए नए अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत रंजन ने कहा कि अररिया जिला उनका प्रोबेशन काल का जिला रहा है और काफी कुछ जानकारियां उन्हें जिला को लेकर प्राप्त है।उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में काम करके व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाना उनका प्राथमिकता रहा है।चाहे वह जोकीहाट में बीडीओ वाली प्रोबेशन का काल हो या गया शेरघाटी में डीसीएलआर के पद पर रहकर काम करने का तुजर्बा। उन्होंने विषम परिस्थितियों में गया के शेरघाटी में भूमि सुधार मामले में भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के आंकड़े में निचले पायदान से 14 वें स्थान पर पहुंचाने की बात की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता राज्य और केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का है।उन्होंने शहर के जाम की समस्याओं के साथ विधि व्यवस्था संधारण को भी अपनी प्राथमिकता करार दिया।

# पश्चिम चंपारण, भागलपुर में बाढ़-कटाव रोकने हेतु 51.90 करोड़ की दो योजनाएं स्वीकृत: सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस साल वर्षा-बाढ़ का मौसम शुरू होने से पूर्व राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में कटाव निरोधक कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के पुछरिया और भागलपुर के मसाढ़ू गांव के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक योजनाओं को प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों योजनाओं पर कुल 51.90 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि ये दोनों योजनाएं जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई हैं और इनका वित्त पोषण राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष से किया जाएगा। इनमें एक योजना पश्चिम चंपारण के पुछरिया गांव में चंपारण तटबंध के पास कटाव रोकने और पायलट चैनल निर्माण की है। इसकी अनुमानित लागत 24.85 करोड़ (चौबीस करोड़ पचासी लाख बासठ हजार रुपये है। उन्होंने बताया कि दूसरी योजना भागलपुर जिले के सबौर प्रखंड अंतर्गत गंगा नदी के दाहिने तट पर स्थित मसाढ़ू गांव की सुरक्षा के लिए है। उसकी लागत 27.04.38 करोड़ (सताईस करोड़ चार लाख अड़तीस हजार रुपये) आंकी गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों के लिए आवश्यक सभी तकनीकी और वित्तीय प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित भूमि या पथ के विधिवत हस्तांतरण एवं पूर्व में कराए गए कार्यों की डिफ़ेक्ट लाइबिलिटी अवधि यानि डीएलपी की समाप्ति सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर है।

# अपनी सुहाग की रक्षा को लेकर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। अररिया के शहरी समेत ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को अपनी सुरक्षा को लेकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की पति की लंबी आयु की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत पर वटवृक्षों के नीचे जमा होकर पूजा अर्चना की। साथ ही रक्षा सूत्र बांधकर पति को विघ्न संकट से दूर रखने की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने विधिवत पूजन उपरांत वट वृक्ष की परिक्रमा की। वट वृक्षों के नीचे पूजा-पाठ का आयोजन हुआ।

महिलाओं ने सावित्री व्रत कथा का पाठ किया और वटवृक्ष को कच्चे रक्षा सूत्र से लपेटा। वट वृक्ष की पूजा को वट सावित्री की पूजा भी कहा जाता है। अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और दाम्पत्य जीवन की सुख-शांति के लिए यह व्रत किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, सावित्री नामक पतिव्रता स्त्री ने अपने पति सत्यवान के अल्पायु होने की जानकारी होने पर भी उनसे विवाह किया।लेकिन जा यमराज सत्यवान प्राण लेने को पहुंचे तो सावित्री ने अपने तप,विवेक और दृढ़ इच्छा शक्ति से यमराज को विवश कर अपने पति के प्राण लेने नहीं दी।वटवृक्ष की जड़ें, शाखाएं और पत्तियां त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का स्वरूप मानी जाती हैं। इसी कारण व्रती महिलाएं इसकी पूजा करती हैं और व्रत के नियमों का पालन करते हुए इसका पूजन करती हैं।

## पति के लम्बी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

भागलपुर। जिले भर में सुहागिन महिलाएं ने सोमवार को अपने पति के लम्बी आयु के लिए वट सावित्री की पूजा की। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री की पूजा की जाती है। यह व्रत सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए करती हैं। सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष की पूजा की। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। वट सावित्री व्रत में कुछ स्थानों पर वट पूजा के बाद सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को पूजन में प्रयोग होने वाले पंखे से खोइछा भी देती हैं और सिंदूर का दान करती हैं। इसके बाद महिलाएं अपने बड़ों का आशीर्वाद लेती हैं। हिंदू धर्म में प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना गया है। इस दिन महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और सच्ची आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा की। सुहागिन महिलाओं ने पहले बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा की फिर वट वृक्ष में कच्चे सूत को लपेटकर परिक्रमा की। इसके बाद पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।?वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने एकत्रित होकर पूरे विधि-विधान से बरगद के पेड़ की पूजा की और सत्यवान और सावित्री की कथा का पाठ भी किया।

# नशे का आदी लुटेरा गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिला के महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने एक शातिर लुटेरे और ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अनवर क रूप में हुई हैं। वह डी-ब्लॉक, मंगल बाजार रोड भलस्वा डेयरी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो चोरी के मोबाइल फोन और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तरपश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार, 24 मई की रात एएसआई सचिन, हेड कांस्टेबल बलराम टीम के साथ आजादपुर मंडी के शेड नंबर-8 के पास गश्त कर रहे थे। तभी एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम अनवर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल फोन मिला। आगे की जांच में पता चला कि आरोपित की बाइक भी चोरी की है। बाइक की डिग्गी से एक और चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ। अनवर ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह नशे की लत को पूरा करने के लिए लूटपाट और वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। वह पहले भी तीन बार डकैती और शस्त्र अधिनियम के मामलों में जेल जा चुका है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063